नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

जेपीएससी : मुख्य परीक्षा के साथ सभी प्रस्तावित परीक्षाएं स्थगित

• बोकारो, गुरुवार, 23 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 67 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

CELEBRATING 28 YEARS OF TRUST

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

हम छात्रों की ज़रूरतों को समझते हैं, इसलिए हमारे परिणाम सबसे अलग आते हैं।

GOAL'S NEET (UG) 2026 RESULT

4800+ TOTAL STUDENTS QUALIFIED IN NEET 2026 FROM GOAL

500+ TOTAL STUDENTS EXPECTED TO GET ADMISSION IN GOVT. MEDICAL COLLEGE

All India General Rank

Arya Palak 651 / 720 AIR : 1373	Neha Kumari 644 / 720 AIR : 1888	Maasir Jamal 643 / 720 AIR : 2004	Ayush Roy 642 / 720 AIR : 2084	Dharampal Kumar 640 / 720 AIR : 2283	Ankit Ranjan 639 / 720 AIR : 2390	Anushka 639 / 720 AIR : 2396	Ankit Kumar 638 / 720 AIR : 2464	Satyam Kumar 634 / 720 AIR : 2972	Anwesha Priya 634 / 720 AIR : 2973	Satyam Bharti 633 / 720 AIR : 3034	Atul Raj 631 / 720 AIR : 3322	Ayush Ranjan 630 / 720 AIR : 3503	Md. Akhzar Marghub 630 / 720 AIR : 3506
Rani Kumari 628 / 720 AIR : 3707	Piyush Kumar 628 / 720 AIR : 3722	Nikhil Anand Dixit 628 / 720 AIR : 3724	Aditya Raj 628 / 720 AIR : 3731	Priya Bharti 627 / 720 AIR : 3926	Shaiqua Anjum 625 / 720 AIR : 4186	Md Waris Karim 625 / 720 AIR : 4254	Aakriti 625 / 720 AIR : 4257	Akshay Anand 623 / 720 AIR : 4591	Anubhav Krishna 622 / 720 AIR : 4678	Sumaiya Fatma 622 / 720 AIR : 4721	Bhumi Sinha 621 / 720 AIR : 4790	Khushi Roshan 621 / 720 AIR : 4793	Shahid Alam 621 / 720 AIR : 4883	Anurag Pratap Singh 621 / 720 AIR : 4896
Aashish Kumar 621 / 720 AIR : 4966	Masum Kumari 619 / 720 AIR : 5290	Anshu Kr. Prajapati 618 / 720 AIR : 5543	Aman Raj 617 / 720 AIR : 5696	Vaishnavi Kumari 616 / 720 AIR : 5819	Ankit Kumar 616 / 720 AIR : 5902	Satyam 615 / 720 AIR : 5969	Rishabh Raj 614 / 720 AIR : 6218	Aditya Raj 614 / 720 AIR : 6283	Gulam Mosawwir 614 / 720 AIR : 6294	Ashif Raza 613 / 720 AIR : 6419	Amul Kumar 613 / 720 AIR : 6489	Md. Ahsham Ansari 613 / 720 AIR : 6509	Ankit Raj 613 / 720 AIR : 6602	Suhani Kumari 612 / 720 AIR : 6655
Deepak 615 / 720 AIR : 6861	Ankit Srivastava 611 / 720 AIR : 6953	Rishaw Kumar 611 / 720 AIR : 7014	Aayush Raj 611 / 720 AIR : 7071	Priya Raj 610 / 720 AIR : 7102	Arnav Gupta 610 / 720 AIR : 7149	Md. Imteyaz Alam 610/720 AIR : 7182	Prince Raj 610 / 720 AIR : 7190	Ashok Kumar 610/720 AIR : 7218	Amrit Bhushan Azad 610 / 720 AIR : 7374	Anshu Kumari 608 / 720 AIR : 7615	Vandana Kumari 608 / 720 AIR : 7736	Amitesh Patel 608 / 720 AIR : 7823	Sudhir Kumar 607 / 720 AIR : 7926	Tejaswi 607 / 720 AIR : 7927
Md Saqib 607 / 720 AIR : 7948	Adarsh Ranjan Kr. 606 / 720 AIR : 8300	Kritika Kumari 606 / 720 AIR : 8352	Faraz Ahmad 605 / 720 AIR : 8423	Mayank Raj 605 / 720 AIR : 8457	Ragvin Kumar 605 / 720 AIR : 8479	Anurag 605 / 720 AIR : 8624	Nikhil Kumar 605 / 720 AIR : 8650	Triptee Raj 604 / 720 AIR : 8680	Neha Gupta 604 / 720 AIR : 8709	Raushan Kumar 603 / 720 AIR : 9108	Munmun 603 / 720 AIR : 9118	Chaitanya Seth 602 / 720 AIR : 9252	Aditya Raj 602 / 720 AIR : 9308	Kanishka 602 / 720 AIR : 9362
Md. Musharraf Ali 601 / 720 AIR : 9532	Kumari Sonam 601 / 720 AIR : 9672	Ravi Raj Pal 600 / 720 AIR : 9827	Ashutosh Kumar 600 / 720 AIR : 9871	Sahil Kumar 600 / 720 AIR : 9891	Saniya Khan 600 / 720 AIR : 10005	Aman Kumar 600 / 720 AIR : 10024	Sakshi Kumari 599 / 720 AIR : 10186	Akshaj Singh 599/720 AIR : 10310	Jyoti Kumari 599 / 720 AIR : 10318	Suhani Kumari 598 / 720 AIR : 10527	Nayan Kumar 598/720 AIR : 10602	Shruti Kumari 598 / 720 AIR : 10647	Lalu Kumar 598 / 720 AIR : 10662	Ananya Utkarshni 597/720 AIR : 10897
Ankita Kumari 597 / 720 AIR : 10914	Suhani Sinha 597 / 720 AIR : 10970	Paridhi Agrawal 597 / 720 AIR : 11011	Ashqua Alia 596 / 720 AIR : 11199	Rohini Rani 596 / 720 AIR : 11221	Kavya Vibhore 596 / 720 AIR : 11265	Bikesh Kumar 596 / 720 AIR : 11427	Sohail Ahmad Khan 595/720 AIR : 11573	Anshupriya Patel 595 / 720 AIR : 11642	Adarsh Anand 595 / 720 AIR : 11663	Sangam Kumar 595 / 720 AIR : 11695	Avinash Kumar 595 / 720 AIR : 11763	Aditya Raj Suman 594 / 720 AIR : 11924	Sanatan 594 / 720 AIR : 11990	Lisa 594 / 720 AIR : 12189

GOAL Village Entrance Test : 27.07.2026 (100% Students qualified in NEET and 70%+ students are expected to get Govt. Medical College from G.V)

Please Turn Page to see more Results...

Annual Felicitation Function : 23.07.2026 (Thursday) at Aryabhatta Auditorium, Ranchi University, Morabadi, Ranchi, Time - 11:00 AM

Helpline : 7564900041/ 42/ 43 www.goalinstitute.org Follow us on : #GOAL-TheResultFactory

CELEBRATING 28 YEARS OF TRUST

The List continues...

GOAL
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

Manish Kumar 593 / 720 AIR : 12287	Anshuman Rai 593 / 720 AIR : 12320	Shashank Singh 593 / 720 AIR : 12647	Pappu Prakash 592 / 720 AIR : 12748	Nidhi Singh 592 / 720 AIR : 12810	Shivam Kumar 592 / 720 AIR : 12841	Indrajeet Kumar 592 / 720 AIR : 12895	Priyanka Kumari 591 / 720 AIR : 13095	Shreya Kumari 591 / 720 AIR : 13226	Abhiraj Sinha 591 / 720 AIR : 13307	Ankul Singh 590 / 720 AIR : 13526	Prakriti Sinha 590 / 720 AIR : 13549	Md. Adnan 590 / 720 AIR : 13624	Aakansha 590 / 720 AIR : 13628	Praveen Kumar 590 / 720 AIR : 13649
Kunal Raj 590 / 720 AIR : 13656	Himanshu 590 / 720 AIR : 13684	Saurav Kumar 590 / 720 AIR : 13744	Rajan Kumar 590 / 720 AIR : 13763	Nikhil Kumar Jha 589 / 720 AIR : 13934	Prachi Agrawal 589 / 720 AIR : 13951	Nimisha Kumari 589 / 720 AIR : 13981	Naveen Gupta 589 / 720 AIR : 14006	Nancy Kumari 589 / 720 AIR : 14079	Aayush Kr. Singh 589 / 720 AIR : 14080	Amit Kumar 588 / 720 AIR : 14466	Rishabh Kumar 587 / 720 AIR : 14644	Tannu Kumari 587 / 720 AIR : 14661	Navin Kumar 587 / 720 AIR : 14738	Akash Kumar 587 / 720 AIR : 14811
Asiya Parween 587 / 720 AIR : 14840	Dhiraj Kumar Patel 587 / 720 AIR : 14844	Anish Raj 587 / 720 AIR : 14953	Sonu Kumar 586 / 720 AIR : 15064	Vivek Raj 586 / 720 AIR : 15066	Arpita Kumari 586 / 720 AIR : 15075	Jyoti Mala 586 / 720 AIR : 15455	Abhinav Kumar 585 / 720 AIR : 15519	Rahul Raj 585/720 AIR : 15601	Gyanya Sarvani 585 / 720 AIR : 15647	Afrin Sultana 585 / 720 AIR : 15664	Arpit Raj 585 / 720 AIR : 15797	Muskan Kumari 585 / 720 AIR : 15813	Arushi Kumari 585 / 720 AIR : 15823	Suraj Kumar 585/720 AIR : 15867
Priye Ranjan Kumar 585 / 720 AIR : 15872	Ayush Raj 583 / 720 AIR : 16000	Maaz Imteyaz 584 / 720 AIR : 16053	Snehsmrity Kumari 584 / 720 AIR : 16215	Raunak Bhardwaj 584 / 720 AIR : 16322	Ayushi Kumari 583 / 720 AIR : 16368	Shubhkant Verma 583/720 AIR : 16394	Nafis Ahmad 583 / 720 AIR : 16511	Pappu Kr. Nayak 583 / 720 AIR : 16584	Vikash Kumar 583 / 720 AIR : 16600	Saba Shamim 583 / 720 AIR : 16683	Jyoti Swaraj 583 / 720 AIR : 16711	Trisha Sagar 582/720 AIR : 17082	Nawlesh Kumar 581 / 720 AIR : 17344	Kumar Utkarsh 581 / 720 AIR : 17390
Ankur Raj 581 / 720 AIR : 17475	Arinjay Singh 581 / 720 AIR : 17508	Nandani Kumari 580 / 720 AIR : 17812	Ruchi 580 / 720 AIR : 17929	Amrit Ranjan 580 / 720 AIR : 17971	Muskan Azad 580 / 720 AIR : 18093	Umer Zahid 580 / 720 AIR : 18231	Prince Kumar 580 / 720 AIR : 18278	Priyash Raj 580 / 720 AIR : 18284	Shubham Kr. Gupta 579 / 720 AIR : 18580	Sahil Kumar 579 / 720 AIR : 18619	Mizan Ahmad 578 / 720 AIR : 18815	Anjali 578 / 720 AIR : 18855	Shalini Kumari 578 / 720 AIR : 18889	Divyanshu Raj 578 / 720 AIR : 19108
Tanmay Dilip Jaiswal 578 / 720 AIR : 19205	Shubh Laxmi 577 / 720 AIR : 19264	Rahul Kumar 577 / 720 AIR : 19317	Harsh Raj 577 / 720 AIR : 19341	Piyush Raj 577 / 720 AIR : 19393	Piyush Kumar 577 / 720 AIR : 19572	Abhishek Kr. Singh 576 / 720 AIR : 19772	Suhani Priya 576 / 720 AIR : 19836	Mohammad Anas 576 / 720 AIR : 19874	Tejas Talin 576 / 720 AIR : 19946	Meenu Kumari 576 / 720 AIR : 19983	Alok Ranjan 576 / 720 AIR : 20034	Aliya Afrin 576 / 720 AIR : 20151	Priya Kumari 575 / 720 AIR : 20257	Anshika Gupta 575 / 720 AIR : 20270
Sunanda Kumari 575 / 720 AIR : 20440	Zaid Alam 575 / 720 AIR : 20494	Munna Kumar 575 / 720 AIR : 20528	Anshika Singh 575 / 720 AIR : 20570	Ankur Singh 575 / 720 AIR : 20614	Vishnu Shankar 575 / 720 AIR : 20820	Nitish Kumar 574/720 AIR : 20975	Md Aakib Ansari 574 / 720 AIR : 21032	Anshu Kumari 574 / 720 AIR : 21103	Tanishka Bhagat 574 / 720 AIR : 21227	Anshika Sharma 574 / 720 AIR : 21261	Arpita Singh 573 / 720 AIR : 21441	Sristhi 573 / 720 AIR : 21463	Shlok Kumar 573 / 720 AIR : 21592	Pragya Kumari 573 / 720 AIR : 21649
Rishikesh Kumar 573 / 720 AIR : 21650	Shivam Shrivastav 572 / 720 AIR : 22016	Niraj Kumar 572/720 AIR : 22208	Asad Rabbani 571/720 AIR : 22625	Ridhima Yadvendu 571 / 720 AIR : 22713	Sems Kumar Sinha 571 / 720 AIR : 22750	Aman Mahto 571 / 720 AIR : 22818	Priyanshu 571 / 720 AIR : 22834	Annu Raj 571 / 720 AIR : 22851	Satwik Subham Panda 571 / 720 AIR : 23017	Nitesh Kumar 570 / 720 AIR : 23265	Nishant Kumar 570 / 720 AIR : 23331	Vivek Kumar 570 / 720 AIR : 23361	Ankit Kumar 570 / 720 AIR : 23467	Shaurya Agarwal 570 / 720 AIR : 23553
Aashish Kumar 570 / 720 AIR : 23683	Vaibhavi Karn 569 / 720 AIR : 23678	Jyotsana Raj 569 / 720 AIR : 23779	Angad Kumar 569 / 720 AIR : 24049	Savera Sinha 569 / 720 AIR : 24145	Md. Shahnawaj Hussain 568 / 720 AIR : 24338	Rishi Kumar 568 / 720 AIR : 24487	Ankan Raj 568 / 720 AIR : 24583	Utkarsh Raj 568 / 720 AIR : 24641	Anamika Kumari 568 / 720 AIR : 24741	Adit Balkrishna 568/720 AIR : 24784	Purnanjali Kashyap 568 / 720 AIR : 24823	Md. Jamilur Rahman 567/720 AIR : 24961	Sourav Kumar 566 / 720 AIR : 25000	Shashi Shekhar 566 / 720 AIR : 25468
Mohit Kumar 567 / 720 AIR : 25081	Lucky Kumari 566 / 720 AIR : 25652	Nikki Kumari 566 / 720 AIR : 25826	Sadiya Shahnaz 566 / 720 AIR : 25950	Sonali Kumari 565 / 720 AIR : 26106	Aliya Amir 565 / 720 AIR : 26200	Rohit Kumar 565 / 720 AIR : 26315	Omnath Kumar 565 / 720 AIR : 26480	Ankita Soni 565 / 720 AIR : 26608	Krish Kumar 565 / 720 AIR : 26632	Roushni Kumari 565 / 720 AIR : 26646	Aman Kumar 565 / 720 AIR : 26725	Talha 565 / 720 AIR : 26738	Kinshuk Soumya 564 / 720 AIR : 26833	Aryan Raj 564 / 720 AIR : 27193
Divyanshi Kumari 564 / 720 AIR : 27231	Aradhya Singh 564 / 720 AIR : 27241	Rohini Kumari 563 / 720 AIR : 27573	Priyanshu Kumari 563 / 720 AIR : 27577	Divya Kumari 563 / 720 AIR : 27586	Guddu Kumar 563 / 720 AIR : 27675	Rahul Raj 563 / 720 AIR : 27693	Swati Priya 563 / 720 AIR : 27942	Aryaman Kumar 563/720 AIR : 27950	Aryan Anand 563 / 720 AIR : 27980	Rohan Kumar 563 / 720 AIR : 28001	Vagisha Sinha 562 / 720 AIR : 28060	Kajal Kumari 562 / 720 AIR : 28137	Amaan Khan 562 / 720 AIR : 28367	Saziya Ahmed 562/720 AIR : 28373
Manishankar Kumar 562 / 720 AIR : 28404	Rohit Kumar 562 / 720 AIR : 28440	Ashmit Asheem 562 / 720 AIR : 28517	Juweria Amir 562 / 720 AIR : 28680	Anuradha Raj 561 / 720 AIR : 29099	Samridhi 561 / 720 AIR : 29108	Pragya Pritam 561 / 720 AIR : 29230	Sangam Kumar 561 / 720 AIR : 29231	Sarita Kumari 561 / 720 AIR : 29283	Sejal Priya 561 / 720 AIR : 29372	Kshitij Verma 560 / 720 AIR : 29598	Simi Kumari 560 / 720 AIR : 29605	Navika Bala 560 / 720 AIR : 29606	Raj Kamal 560 / 720 AIR : 29713	Shreya Kumari 560 / 720 AIR : 29725
Priyanshu Singh 560/720 AIR : 29868	Aayushmaan Anand 560 / 720 AIR : 29990	Anjali Singh 559 / 720 AIR : 30301	Sanvi Kumari 559 / 720 AIR : 30463	Lucky Kumar 559 / 720 AIR : 30514	Nikee Kumari 559 / 720 AIR : 30539	Fazilat Neha 559 / 720 AIR : 30552	Ankit Raj 559 / 720 AIR : 30652	Sarvesh Kr. Barnwal 559 / 720 AIR : 30664	Aditi Srivastava 558 / 720 AIR : 30965	Divyanshu Raj 558 / 720 AIR : 31071	Abdus 558 / 720 AIR : 31241	Prince Kumar 558 / 720 AIR : 31376	Surabhi Kumari 558 / 720 AIR : 31434	Suhail Ahmad 557 / 720 AIR : 31769
Raj Kamal 557 / 720 AIR : 31984	Ragini Kumari 557 / 720 AIR : 32195	Abhishek Kumar 556 / 720 AIR : 33017	Khushi Kumari 555 / 720 AIR : 33113	Kishan Kumar 555 / 720 AIR : 33494	Siddhi Shree 554/720 AIR : 34053	Satyam Singh 554 / 720 AIR : 34277	Saurav Prakash 554 / 720 AIR : 34336	Pallawi Kumari 554 / 720 AIR : 34338	Dipali Alok 554 / 720 AIR : 34339	Adarsh Kumar 554 / 720 AIR : 34383	Md Humayun Hasan 553/720 AIR : 34751	Mahrukh 553 / 720 AIR : 34794	All India Category Rank	Vandana Kumari AICR : 247 (ST)
Kriti Kumari AICR : 1409 (ST)	Srishti Kumari AICR : 1715 (ST)	Piyush Kumar AICR : 2381 (SC)	Jatin AICR : 2665 (SC)	Ayana Dev AICR : 2972 (SC)	Vishal Kr. Chaudhary AICR : 3192 (SC)	Devbrat Pranjal AICR : 3787 (SC)	Ratan Kumar Shah AICR : 4268 (ST)	Anish Kumar AICR : 4284 (ST)	Priti Tudu AICR : 4316 (ST)	Muskan Kumari AICR : 4790 (SC)	Kumari Sonakashi AICR : 5116 (SC)	Sanna Sarika Kullu AICR : 5468 (ST)	Sion Soy AICR : 6108 (ST)	Shrishti Oraon AICR : 6164 (ST)
Akancha Sweta Purty AICR : 6269 (ST)	Ragini Kumari AICR : 6898 (SC)	Mandira Das AICR : 6921 (SC)	Bardani Munda AICR : 7330 (ST)	K. Raj Gaurav AICR : 7355 (SC)	Saket Sidar AICR : 7384 (ST)	Anchal Anurag AICR : 7661 (SC)	Aditya Kumar AICR : 8483 (SC)	Reshmi Kumari AICR : 9796 (ST)	Archana Khalkho AICR : 11842 (ST)	Priti AICR : 12964 (ST)	Yogendra Shah AICR : 12997 (ST)	Yogendra Singh AICR : 15362 (ST)	Poonam Kumari AICR : 16184 (ST)	& Many More

GOAL'S RESULT ORIENTED CLASSROOM & DISTANCE LEARNING PROGRAMS

One Year — Achiever Course for NEET 2027 — NEET
Eligibility: NEET Appeared / 12th Passed

Two Years — Foundation for NEET / JEE 2028 — 11th + 12th Board + NEET / JEE
Eligibility: 10th Passed / Appeared from any Board

One Year — Target for NEET / JEE 2027 — NEET / JEE
Eligibility: 12th Passed / Appeared from any Board

One/Two Year — Pre-foundation — 9th OR 10th Board + Olympiads
Eligibility: 8th / 9th Passed from any School

One Year — Test & Discussion — For Engineering / Medical 2027
Eligibility: 12th Passed

- **RANCHI (LALPUR) :** 504, 5th Floor, R.S. Tower, Near Pantaloons, Lalpur, Ranchi
- **RANCHI (HINOO) :** 302, 303, 3rd Floor, Indira Palace, Main Road, Hinoo, Ranchi
- **DHANBAD (office & Classroom) :** GOAL Empire, Memko More, Dhaiya, Dhanbad

Mob. : 9334098595, 9308057050

18500+ Doctors/Medicos & Engineers. | **2.10 Lakh+** Satisfied Guardians | Huge Rebate on NEET 2026 scores in Achiever Batch

FACILITIES: LIBRARY, HOSTEL, TRANSPORT

Additional 50 % Rebate on Target & Foundation Course
Up to 100% Scholarship through SCHOLARSHIP TEST

Scan to view GOAL's Information Brochure

OTHER GOAL CORPORATE BRANCHES :

DELHI : 7564900045, **PATNA :** 0612-3508700, **DHANBAD :** 9334098595, 9308057050, **BHILAI :** 07884013502, 09826943595, **RAIPUR :** 07714060711, 07415884100, **JAMSHEDPUR :** 7564900041/42/43, **BHUBANESWAR :** 7854934290

Helpline : 7564900041/ 42/ 43 | www.goalinstitute.org | Follow us on : | #GOAL-TheResultFactory

नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, गुरुवार, 23 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 67 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित

मॉडर्न हेल्थकेयर और डिजिटल सुविधाओं का उद्घाटन करते मंत्री

नवंबर तक ढाई लाख घरों में लगेंगे मुफ्त सौर ऊर्जा संयंत्र : सौरभ जोरवाल

प्रबंध निदेशक ने कहा, दो वर्षों में सभी सरकारी भवन और विद्यालय होंगे सोलर संचालित

कमल किशोर

पटना। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के प्रबंध निदेशक सौरभ जोरवाल ने कहा है कि बिहार में सौर ऊर्जा क्रांति की दिशा में राज्य के ढाई लाख बीपीएल एवं कम आय वाले परिवारों के घरों में एक किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र इसी वर्ष नवंबर माह तक स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत लाभुक परिवारों से किसी प्रकार की राशि नहीं ली जाएगी, बल्कि संयंत्र स्थापना पर होने वाला पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। श्री जोरवाल ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी जिला प्रशासनों और विद्युत विभाग को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। कार्य एजेंसियों का चयन कर उन्हें संबंधित जिले आवंटित कर दिए गए हैं तथा कई स्थानों पर स्थापना का कार्य शुरू भी हो चुका है।

प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि बिहार सरकार सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कई योजनाओं को एक साथ लागू कर रही है। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार करना नहीं, बल्कि बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करना, पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा सरकारी राजस्व की बचत सुनिश्चित करना भी है। उन्होंने कहा कि विभाग इस पूरी परियोजना की लगातार निगरानी कर रहा है ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य हासिल किया जा सके।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अगले दो वर्षों में सभी सरकारी भवनों और सरकारी विद्यालयों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में सोलर पावर उपकरण लगाए जाएंगे, वहीं सभी सरकारी कार्यालयों, संस्थानों और अन्य सरकारी भवनों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। यह पहल सरकारी संस्थानों को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।

श्री जोरवाल के अनुसार, सरकारी भवनों और विद्यालयों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाने के बाद राज्य सरकार को बिजली बिल पर होने वाले भारी व्यय में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे प्रतिवर्ष करोड़ों रुपये के सरकारी राजस्व की बचत होगी, जिसका उपयोग शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं में किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि ऊर्जा लागत में कमी आने से सरकारी संस्थानों का संचालन भी अधिक किफायती और पर्यावरण अनुकूल होगा।

प्रबंध निदेशक ने कहा कि बिहार में बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है। ऐसे में केवल पारंपरिक ऊर्जा स्रोतों पर निर्भर रहना भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। इसलिए सौर ऊर्जा जैसे स्वच्छ और अक्षय ऊर्जा स्रोतों को प्राथमिकता देना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि घर-घर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाने से न केवल बिजली उत्पादन में वृद्धि होगी बल्कि प्रदूषण कम करने और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सामना करने में भी सहायता मिलेगी।

उन्होंने बताया कि ढाई लाख घरों में लगाए जाने वाले एक किलोवाट क्षमता के सौर ऊर्जा संयंत्र से गरीब और कम आय वाले परिवारों को नियमित एवं किफायती बिजली उपलब्ध होगी। इससे उनकी मासिक बिजली पर निर्भरता कम होगी तथा ऊर्जा सुरक्षा भी बढ़ेगी। सरकार द्वारा पूरी लागत वहन किए जाने से आर्थिक रूप से कमजोर परिवार बिना किसी वित्तीय बोझ के इस सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।

श्री जोरवाल ने स्पष्ट किया कि योजना को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के लिए सभी जिलों में प्रशासनिक स्तर पर समन्वय स्थापित किया गया है। कार्य एजेंसियों को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं और विभागीय अधिकारी नियमित रूप से प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जहां-जहां कार्य प्रारंभ हो चुका है, वहां गुणवत्ता और गति दोनों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि लाभुकों को समय पर सुविधा उपलब्ध हो सके।

विशेषज्ञों के अनुसार, भारत में एक किलोवाट क्षमता का सोलर पावर प्लांट लगाने में सामान्यतः 45 हजार से 75 हजार रुपये तक का खर्च आता है। यह लागत सौर पैनलों के प्रकार, तकनीक तथा बैटरी की आवश्यकता के अनुसार बदलती है। बिहार सरकार द्वारा इस पूरी राशि का वहन किए जाने से यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी।

ऊर्जा क्षेत्र के जानकारों का मानना है कि यदि निर्धारित समय के भीतर ढाई लाख घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित हो जाते हैं और अगले दो वर्षों में सभी सरकारी विद्यालय तथा सरकारी भवन भी सोलर आधारित हो जाते हैं, तो बिहार स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल हो सकता है। यह पहल ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सरकारी वित्तीय बचत—तीनों दृष्टियों से राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण और दूरगामी कदम मानी जा रही है।

रांची में खुलेगा पूर्वी भारत का पहला सरकारी एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग संस्थान

राज्य स्थापना दिवस पर सीएम हेमंत करेंगे पाठक्रम का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में पूर्वी भारत का पहला सरकारी एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग (एएमई) संस्थान शुरू होने जा रहा है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नवंबर में एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग और एयर होस्टेस प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। एएमई पाठ्यक्रम के संचालन के लिए झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट ने दिल्ली की संस्था मेसर्स वेन्योर के साथ, जबकि एयर होस्टेस प्रशिक्षण के लिए एआईएसईसीटी लिमिटेड, भोपाल के साथ समझौता किया है। दोनों पाठ्यक्रम धनबाद स्थित झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट के आधारभूत ढांचे पर पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत संचालित होंगे। संस्थान शुरू होने से झारखंड के अलावा बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ के युवाओं को विमानन क्षेत्र में प्रशिक्षण के लिए अन्य राज्यों का रुख नहीं करना पड़ेगा। सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के अनुसार, एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम तीन वर्ष का होगा, जिसमें 60 सीटें निर्धारित की गई हैं। पाठ्यक्रम की कुल फीस छह लाख रुपये होगी, जिसका भुगतान तीन वार्षिक किस्तों में दो-दो लाख रुपये के रूप में किया जाएगा।

एयर होस्टेस प्रशिक्षण के तहत छह माह और 12 माह अवधि के दो पाठ्यक्रम संचालित होंगे। दोनों पाठ्यक्रमों में 60-60 सीटें उपलब्ध रहेंगी। छह माह के कोर्स की फीस 1,00,500 रुपये तथा 12 माह के डिप्लोमा पाठ्यक्रम की फीस 1,55,500 रुपये निर्धारित की गई है। इस शुल्क में ड्रेस, ग्रूमिंग किट और स्विमिंग प्रशिक्षण भी शामिल रहेगा। एएमई पाठ्यक्रम का संचालन नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति मिलने के बाद शुरू किया जाएगा। वहीं, एयर होस्टेस प्रशिक्षण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक अभ्यर्थी झारखंड फ्लाइंग इंस्टीट्यूट की वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

हथियार बनाने के उपकरणों के साथ एक गिरफ्तार

गया में मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गया। गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। वजीरगंज थाना पुलिस और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर हथियार बनाने के अवैध अड्डे का खुलासा किया और मनोज कुमार उर्फ मनोज मिस्त्री को गिरफ्तार कर लिया। सिटी एसपी अभिनव ने बताया कि छापेमारी के दौरान मौके से दो देशी कट्टा, दो देशी एकनाली बंदूक, एक अधनिर्मित पिस्टल, पांच जिंदा कारतूस, सात खोखा तथा हथियारों के विभिन्न पुर्जे बरामद किए गए। इसके अलावा हथियार निर्माण में इस्तेमाल होने वाली ड्रिल मशीन, ग्राइंडर, वेल्डिंग मशीन, आरी, रॉड सहित बड़ी मात्रा में अन्य उपकरण भी जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार बरामद सामान से स्पष्ट संकेत मिलता है कि यहां अवैध रूप से हथियारों का निर्माण किया जा रहा था। बरामद उपकरणों और हथियारों को जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। सिटी एसपी अभिनव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ की जा रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि उसका संबंध किसी संगठित आपराधिक गिरोह से है या नहीं। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि अवैध रूप से तैयार किए गए हथियारों की आपूर्ति किन लोगों या क्षेत्रों में की जाती थी। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। साथ ही आरोपी के आपराधिक इतिहास और उसके संभावित नेटवर्क की भी जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर मामले में आगे और गिरफ्तारियां भी हो सकती हैं।

धनबाद के विकास के लिए एकजुट हुए जनप्रतिनिधि, मूसलाधार बारिश में भी महाधरना जारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

धनबाद। कोयलांचल के समग्र विकास की मांग को लेकर बुधवार को धनबाद विकास मंच के बैनर तले रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया गया। मूसलाधार बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में लोग धरना स्थल पर डटे रहे। खास बात यह रही कि अलग-अलग राजनीतिक दलों के जनप्रतिनिधि और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि दलगत राजनीति से ऊपर उठकर धनबाद के विकास के मुद्दे पर एक मंच पर नजर आए। महाधरना में मुख्य अतिथि जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि धनबाद को अब केवल कोयला आधारित अर्थव्यवस्था तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता के माध्यम से पूर्वी एशियाई देशों से व्यापारिक संबंध मजबूत करने, शहर के आसपास सैटेलाइट टाउनशिप विकसित करने और आईटी व एआई आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया, ताकि स्थानीय युवाओं को जिले में ही रोजगार मिल सके। निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने कहा कि यह किसी दल का नहीं बल्कि पूरे धनबाद की जनता के अधिकारों का आंदोलन है। उन्होंने एयरपोर्ट, नई ट्रेनों और अन्य केंद्रीय परियोजनाओं की मांग को संसद तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया। साथ ही खनन क्षेत्र में भू-धंसान और विस्थापन जैसी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए सभी पक्षों के साथ व्यापक सेमिनार आयोजित करने की बात कही। सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो ने कहा कि धनबाद के लोगों को पढ़ाई, दवाई और कमाई के लिए दूसरे राज्यों में जाना पड़ता है। उन्होंने सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर, एयरपोर्ट और कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दिया। वहीं मेयर संजीव सिंह ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के साझा प्रयास से ही धनबाद का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बीसीसीएल, रेलवे और जिला प्रशासन के बीच नियमित समन्वय बैठक की जरूरत बताई। धरना में मौजूद वक्ताओं ने कहा कि देश को सर्वाधिक राजस्व देने वाले जिलों में शामिल होने के बावजूद धनबाद आज भी एयरपोर्ट, आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं, बेहतर रेल संपर्क और मजबूत आधारभूत संरचना जैसी मूलभूत जरूरतों से वंचित है। सभी ने केंद्र और राज्य सरकार से इन लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की। बारिश के बीच भी लोगों का उत्साह इस बात का संकेत था कि अब धनबाद विकास के मुद्दे पर एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद कर रहा है।

एक नजर

वज्रपात का कहर, पिता-पुत्र की मौत

मेदिनीनगर/पांकी। पलामू जिले के पांकी प्रखंड के पुरसोतमपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से मंगलवार देर शाम दर्दनाक हादसा हो गया। वज्रपात की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा है। मृतकों की पहचान पुरषोत्तमपुर गांव निवासी बालमुकुंद यादव और उनके पुत्र दिलीप यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार दोनों तेतराई बाजार से बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज बारिश और गरज-चमक के बीच घर से कुछ ही दूरी पर उन पर आकाशीय बिजली गिर गई, जिससे दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घायल महिला का इलाज कराया जा रहा है। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

रांची में घर में घुसकर युवक की हत्या

रांची। राजधानी रांची के सदर थाना क्षेत्र स्थित कोकर के खोरहाटोली में बुधवार सुबह बदमाशों ने घर में घुसकर रमेश ठाकुर की तेजधार हथियार से हत्या कर दी। घटना डॉन बॉस्को स्कूल के सामने स्थित उनके आवास पर हुई। सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने तथा आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छानबीन में जुटी है।

जेपीएससी कार्यालय घेराव आज, पलामू से भाजयुमो कार्यकर्ता रांची रवाना

मेदिनीनगर,पलामू। झारखंड लोक सेवा आयोग कार्यालय के प्रस्तावित घेराव कार्यक्रम के तहत बुधवार को पलामू से भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ता रांची के लिए रवाना हो गए। इससे पहले जिला योजना बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने का निर्णय लिया गया था। भाजयुमो जिलाध्यक्ष डॉ. विपुल गुप्ता के नेतृत्व में कार्यकर्ता शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से प्रतियोगी छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर जेपीएससी कार्यालय का घेराव करेंगे

बिहार में ऑनलाइन जुआ पर सख्ती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार सरकार ने ऑनलाइन जुआ और उससे जुड़े नेटवर्क पर शिकंजा कसने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। बुधवार को विधान परिषद में बिहार जुआ प्रतिषेध विधेयक-2026 पारित कर दिया गया। इसके तहत जुआ खेलने के साथ-साथ इसमें सहयोग करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई का प्रावधान किया गया है। विधेयक पेश करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अब तक वर्ष 1876 के कानून के तहत कार्रवाई की जा रही थी, जबकि समय के साथ जुए के स्वरूप में बड़ा बदलाव आया है। आज ऑनलाइन गेम, मोबाइल ऐप और अन्य डिजिटल माध्यमों से जुआ संचालित हो रहा है। ऐसे मामलों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नए कानून की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि नए कानून के लागू होने के बाद ऑनलाइन जुआ और उससे जुड़े नेटवर्क के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को विधान परिषद ने बिहार माल एवं सेवा संशोधन विधेयक-2026, बिहार कृषि भूमि गैर-कृषि प्रयोजनों के लिए संपरिवर्तन निरसन विधेयक-2026, बिहार भूमि दाखिल-खारिज संशोधन विधेयक-2026, बिहार चिकित्सा संशोधन विधेयक-2026, बिहार नर्सेज पंजीकरण संशोधन विधेयक-2026 तथा बिहार चीनी उपक्रम अर्जन संशोधन विधेयक-2026 भी पारित किए।

एक करोड़ नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य

खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री अशोक चौधरी ने विधान परिषद में बताया कि केंद्र सरकार ने इस वर्ष बिहार में एक करोड़ नए राशन कार्डधारियों को जोड़ने का लक्ष्य दिया है। इसे पूरा करने के लिए प्रतिमाह 10 से 12 लाख नए राशन कार्ड जारी किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 99.9 प्रतिशत राशन कार्ड आधार से लिंक किए जा चुके हैं तथा आरटीपीएस और स्मार्ट पोर्टल को भी आपस में जोड़ा जा रहा है।

शिवभक्तों की यात्रा होगी सुगम

कांवरिया मार्गों पर चलेंगी तीन गुना वाहन ☐ बसों का परमिट किया गया निर्गत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दुमका। श्रावणी मेले के मद्देनजर देश के कोने-कोने से देवघर और बासुकीनाथ आने वाले शिवभक्त कांवड़ियों की यात्रा सुगम बनाने के लिए इस वर्ष, पिछले वर्ष की तुलना में करीब तीन गुना यात्री बसों का परिचालन देवघर-दुमका वाया बासुकीनाथ होगा।

पिछले वर्ष श्रावणी मेले में संताल परगना क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार की ओर से मेला अवधि के लिए मात्र 65 यात्री बसों को परमिट निर्गत किए गए थे, लेकिन इस बार इसकी संख्या 177 होगी।

यह निर्णय बुधवार को दुमका में संताल परगना प्रमंडल के आयुक्त संजय कुमार की अध्यक्षता में संपन्न आरटीओ की बैठक में लिया गया।

बैठक में 30 जुलाई से प्रारंभ हो रहे श्रावणी मेले को ध्यान में रखकर कुल 182 अस्थायी परमिट के लिए प्राप्त आवेदनों में से 177 यात्री बसों के परिचालन के लिए अस्थायी परमिट निर्गत करने का फैसला लिया गया है। पांच आवेदन इसलिए अस्वीकृत कर दिए गए, क्योंकि इन यात्री बसों के लिए पहले से ही

अस्थायी परमिट निर्गत हैं।

बैठक के उपरांत क्षेत्रीय परिवहन पदाधिकारी जेके मिश्रा ने इसकी जानकारी देते हुए कहा कि देवघर-दुमका वाया बासुकीनाथ रूट पर मेला अवधि के दौरान यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखकर 177 अस्थायी परमिट निर्गत किए गए हैं। इसकी वजह से इस रूट पर यात्रियों को वाहन के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा।

यात्री तुरंत इस रूट पर अपनी यात्रा प्रारंभ कर अपने गंतव्य तक आसानी से पहुंच सकेंगे। इससे ओवरलोडिंग की समस्या पर भी अंकुश लगेगा।

उन्होंने बताया कि देश-विदेश से बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ पहुंचने वाले लाखों कांवड़ियों की सहूलियत के लिए अतिरिक्त बसों के परिचालन का फैसला लिया गया है।

इसके अलावा, पहले से ही इस मार्ग पर 40 बसों को स्थायी परमिट निर्गत हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह से देवघर-दुमका वाया बासुकीनाथ मार्ग पर मेला अवधि में कुल 217 यात्री बसों का परिचालन होगा।

उन्होंने आगे कहा कि देवघर के बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ तक कांवड़ियों की पहुंच को आसान बनाने के लिए हर साल यह व्यवस्था की जाती है, ताकि श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान सुखद अनुभव मिल सके। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष महज 65 परमिट ही जारी किए गए थे, लेकिन इस बार बस मालिकों ने काफी उत्साह दिखाते हुए बड़ी संख्या में आवेदन किए थे।

बढ़ा सर्पदंश का खतरा, एक दिन में पांच मरीज पहुंचे सदर अस्पताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ जिले में बरसात के मौसम के साथ ही सर्पदंश की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को नालंदा के विभिन्न क्षेत्रों के अलावा पड़ोसी जहानाबाद जिले से भी कुल पांच लोग सांप के काटने के बाद इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल पहुंचे। सभी मरीजों का अस्पताल में भर्ती कर इलाज किया गया। चिकित्सकों की देखरेख में सभी की स्थिति सामान्य बताई जा रही है।बरसात के दौरान खेतों में पानी भर जाने और कृषि कार्य बढ़ने से सांप सुरक्षित स्थान की तलाश में रिहायशी इलाकों की ओर निकल आते हैं। इसी कारण ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश की घटनाएं अधिक सामने आ रही हैं। समय पर अस्पताल पहुंचने से मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है।जहानाबाद जिले के घोषी थाना क्षेत्र के महुआबीघा गांव निवासी सुरेश कुमार के 45 वर्षीय पुत्र मुन्ना कुमार को घर में सोने के दौरान सांप ने काट लिया। परिजन उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।वहीं, सिलाव प्रखंड के नागपुर गांव निवासी श्रीकांत प्रसाद की 40 वर्षीय पत्नी शिल्पी देवी को घर के पास खड़े रहने के दौरान सांप ने डस लिया। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।सिलाव प्रखंड के पचवारा गांव निवासी रामलखन सिंह के 45 वर्षीय पुत्र रंजीत कुमार खेत में काम कर रहे थे। इसी दौरान सांप ने उन्हें काट लिया। परिजन उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे।नूरसराय थाना क्षेत्र के नोनियाबीघा गांव निवासी विनोद चैहान के 18 वर्षीय पुत्र शनि कुमार को घर के पास किसी काम से बाहर निकलने के दौरान सांप ने काट लिया। उन्हें भी तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।इसके अलावा बिहारशरीफ के पटेल नगर निवासी पप्पू कुमार की 15 वर्षीय पुत्री अनिमा कुमारी भी सर्पदंश की शिकार हो गई। परिजनों ने उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका उपचार जारी है।सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि बरसात के मौसम में सर्पदंश के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है। अस्पताल में स्नेक बाइट (एंटी स्नेक वेनम) के पर्याप्त इंजेक्शन उपलब्ध हैं, इसलिए मरीजों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सांप काटने पर झाड़-फूंक या घरेलू उपचार में समय बर्बाद न करें, बल्कि तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या सदर अस्पताल पहुंचें। साथ ही खेतों में काम करते समय जूते पहनें और घर के आसपास साफ-सफाई रखें,

इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स का छठा इंस्टॉलेशन समारोह संपन्न

नव बिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। होटल अशोका में इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह पर्ल्स का 6वां इंस्टॉलेशन समारोह गरिमापूर्ण माहौल में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण ने नई कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में पीडीसी पूनम सहाय समेत रांची और गिरिडीह के विभिन्न इनर व्हील एवं रोटरी क्लबों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

क्लब की अध्यक्ष प्रीति भास्कर, सचिव नमिता वर्मा, एडिटर मृदुला शर्मा, आईएसओ सृष्टि सिन्हा और कोषाध्यक्ष ने अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर मेघा, सविता चक्रवर्ती, खुशबू कुमारी और प्रिया रघुवंशी को क्लब की नई सदस्यता प्रदान की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ स्मार्ट ड्रीम एकेडमी की छात्रा दान्या रौशन के शिव तांडव नृत्य से हुआ। समारोह के दौरान क्लब ने

व्हीलचेयर दान, कॉपी बैंक, महिला स्वास्थ्य एवं मासिक धर्म स्वच्छता जागरूकता तथा सिलाई मशीन वितरण जैसी सेवा परियोजनाओं की शुरूआत की।

ग्राम बकोईया की लीलावती देवी को स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन भेंट की गई, जबकि कॉपी बैंक अभियान के तहत बच्चों ने अपनी पुरानी कॉपियां दान कर जरूरतमंद विद्यार्थियों की मदद का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर एम्स में चयनित छात्र आर्य पलक और सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली छात्रा दान्या रौशन को सम्मानित किया गया।

अंत में अध्यक्ष प्रीति भास्कर ने सभी अतिथियों और सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए सेवा, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्लब के कार्यों को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया।

शिक्षक - शिक्षकेतर कर्मचारियों ने विधान पार्षद के पटना आवास का किया घेराव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गयाजी। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के मगध एवं वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय इकाई गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, भोजपुर, रोहतास, बक्सर, भभुआ जिला के सैकड़ों शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों ने अपने वर्षों पुरानी लंबित मांगे वेतनमान, पेंशन, आठ वर्षों का अनुदान आदि को लेकर सरकार एवं विधानसभा में दबाव बनाने हेतु गया शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद जीवन कुमार का सरकारी एम एल सी आवास संख्या 09आर ब्लॉक पर जमकर प्रदर्शन कर उनके आवास को घंटों घेर कर अपने समस्याओं के सम्बंध में विस्तृत ज्ञापन दिया।

कार्यक्रम का नेतृत्व फैक्टनेब के प्रदेश अध्यक्ष शंभू नाथ सिन्हा, मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष

प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय अध्यक्ष शंभू सिंह कर रहे थे, तथा कार्यक्रम में प्रो नवल किशोर शर्मा, डॉ अरविंद कुमार, प्रो शत्रुध्न प्रसाद, डॉ अनिल कुमार सिन्हा,प्रो शिव कुमार सिंह, प्रो प्रीत कुमार सिंह, प्रो ब्रजेश शर्मा, प्रो मदन कुमार, प्रो मोहम्मद एहसान, धर्मेंद्र कुमार, संटू सिंह, अभिषेक कुमार, सौरभ कुमार, प्रो शालिग्राम मिश्रा, प्रो शशि भूषण कुमार शामिल रहे।

नेताओं ने कहा कि बिहार राज्य के संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी पिछले 40 वर्षों से नियमित वेतनमान एवं पेंशन की लड़ाई लड़ रहे हैं, माननीय उच्च न्यायालय के डबल एवं सिंगल बेंच ने राज्य सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा गठित मुख्य सचिव के नेतृत्व में कमिटी को तीन माह के अंदर सरकारी कॉलेज के तर्ज. पर नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने का आदेश दिया है, लेकिन सरकार के कान पर जू तक नहीं रेंग रहा है। नेताओं ने कहा कि फैक्टनेब के साथियों ने अपने, अपने शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषदों पर अंतिम दबाव बनाने के बाद आंदोलन तब तक जारी रखेंगे।

स्कूल के स्थापना दिवस पर पौधारोपण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। सेंट जेवियर्स स्कूल, बोकारो के 60वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर इको क्लब द्वारा एक विशेष वृक्षारोपण समारोह का आयोजन किया गया। ₹60 वर्ष उत्कृष्टता और शैक्षणिक उपलब्धियों के₹ इस गौरवपूर्ण अवसर को यादगार बनाने के लिए विद्यालय परिसर में 100 साल के पौधे लगाए गए।

यह कार्यक्रम विद्यालय के आदरणीय प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कक्षा 6 के विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधारोपण में महत्वपूर्ण योगदान दिया। विद्यालय में वृक्षारोपण की यह परंपरा वर्षों से चली आ रही है। केवल पौधे लगाना ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और जागरूकता विकसित होती है। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों ने यह संकल्प लिया कि वे लगाए गए पौधों की सुरक्षा और देखभाल करेंगे तथा पर्यावरण संरक्षण के इस प्रयास को निरंतर आगे बढ़ाते रहेंगे।

रेड क्रॉस के अध्यक्ष गंभीर, पटना रेफर

हिलसा । हिलसा नगर परिषद क्षेत्र के रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष एवं समाजसेवी 60 वर्षीय राज किशोर प्रसाद सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों की मदद से उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। ग्रामीणों के अनुसार यह हादसा खाकी चैक के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से राज किशोर प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई और ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया।राज किशोर प्रसाद लंबे समय से रेड क्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष के रूप में सामाजिक कार्यों से जुड़े रहे हैं और क्षेत्र में एक सक्रिय समाजसेवी के रूप में उनकी पहचान है। दुर्घटना की खबर मिलते ही उनके शुभचिंतकों और स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। ग्रामीणों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

जलजमाव और गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान की तैयारी तेज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। जिले के विभिन्न पंचायत क्षेत्रों में जलजमाव और गंदे पानी की निकासी की समस्या के समाधान को लेकर प्रशासन ने कार्रवाई तेज कर दी है। प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, बिहारशरीफ ने ग्राम पंचायत कोरई के ग्राम देवधा में शिकायत की जांच की। जांच में पाया गया कि वार्ड संख्या-1 में सार्वजनिक रास्ते के किनारे नाला नहीं होने के कारण घरों का गंदा पानी सड़क पर बह रहा है, जिससे जलजमाव और आवागमन में परेशानी हो रही है।पदाधिकारी ने बताया कि पंचायत समिति द्वारा सड़क एवं नाला निर्माण की अनुशंसा की जा चुकी है तथा ग्रामीण कार्य विभाग को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए पत्र भेजा गया है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा।वहीं, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, नगरनौसा ने कैला पंचायत के वार्ड संख्या-3 का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि गहरी नाली के अभाव में वर्षा का पानी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाई होती है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत नाला निर्माण का प्रस्ताव ग्राम सभा से स्वीकृत किया जा चुका है। आवंटन मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।जिला प्रशासन ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, ताकि ग्रामीणों को जलजमाव से राहत मिले और बुनियादी सुविधाएं बेहतर हो सकें।

विदाई सह सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शिवाजीनगर। प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में बीडीओ आलोक कुमार सिंह के सम्मान सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रशासनिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, कर्मी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में सभी ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही नवपदस्थापित प्रभारी अंचल अधिकारी अमरपाली का भी स्वागत किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आलोक कुमार सिंह ने अपने कार्यकाल के दौरान सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, विकास कार्यों में पारदर्शिता तथा आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार प्रयास किया। उनके कार्यों से प्रखंड के विकास को नई गति मिली और आम जनता को प्रशासन पर भरोसा मजबूत हुआ इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सम्मानित किया।

आद्रा मंडल के तहत विज्ञापन एवं कैटरिंग अनुबंध के लिए ई–नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा द्वारा विज्ञापन और कैटरिंग अनुबंध के लिए ई–नीलामी आमंत्रित की जाती है: क्रम सं., कैटेगरी, नीलामी कैटलॉग सं., लॉट सं./कैटेगरी , नीलामी शुरू (सभी लॉट), नीलामी की अंतिम तिथि/समय निम्नानुसार हैं : (1), एडीवीटी, एडीवीटी85, एडीवीटी-एडीआरए-बीकेएससी-ओएसएन-105-23-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), एडीवीटी-एडीआरए-जेपीएच-ओएसएन-130-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), एडीवीटीएडीआरए-सीआईएनओएसएन-131-25-2 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर (नॉन-डिजिटल)), 03.08.2026 को 12.00.00, 03.08.2026 को 12.50.00, (2) कैटरिंग, सीएटीजी53, सीएटीजी-एडीआरए-जीयूजी-जीएमयू-102-26-1 (कैटरिंग-जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू)), सीएटीजी-एडीआरए-बीक्यूए-एसएमयू-93-26-1 (कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), सीएटीजी-एडीआरए-जेओसी-एसएमयू-98-26-1 (कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)), 07.08.2026 को 12.00.00, 07.08.2026 को 12.30.00, टिप्पणी: प्रत्याशित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट: (www.ireps.gov.in) पर ई–नीलामी मॉड्यूल देखें। यदि कोई पूछताछ/स्पष्टीकरण हो, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

(PR-506) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/आद्रा

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

सियालदह मंडल के तहत विज्ञापन प्रदर्शन संविदा प्रदान करना

सं. सीओएम-पीयूबी-ई-ऑक्शन-एसडीएएच **दिनांक: 20.07.2026**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कमरा नं. 44, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, कैजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा सियालदह मंडल की विभिन्न सम्पत्तियों के जरिए विज्ञापन प्रदर्शन संविदा प्रदान करने के लिए **www.ireps.gov.in** पर ई-नीलामी सूचीपत्र प्रकाशित किए गए हैं। नीलामी सूचीपत्र का विवरण नीचे उल्लेखित है: **(क) ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-एडीएएच-07-12; • नीलामी शुरू: दिनांक 23.07.2026 को 12.00 बजे। अनुक्रम सं.:** एए/1; **लॉट सं/श्रेणी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसएन-71-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल)); **विवरण:** सियालदह स्टेशन जोन-ए (उत्तर एवं मुख्य कनकर्स) के स्टेशन परिसरों के भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर वाणिज्यिक स्थैतिक विज्ञापनों का प्रदर्शन। **संविदा की अवधि:** 03 वर्ष। **(ख) ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-एडीएएच-07-13; • नीलामी शुरू: दिनांक 25.07.2026 को 12.00 बजे। अनुक्रम सं.:** एए/1; **लॉट सं/श्रेणी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एसडीएएच-ओएसडी-85-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)); **विवरण:** सियालदह स्टेशन के नॉर्थ बुकिंग कार्यालय के सामने पहली मंजिल पर 50:50 समय/जगह की साझेदारी पर वाणिज्यिक विज्ञापनों तथा रेलवे के संदेशों के प्रदर्शन के प्रावधान के साथ कुल 09 (नौ) अदद डबल-साइडेड एलईडी स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **संविदा की अवधि:** 05 वर्ष। **(ग) ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-एडीएएच-07-14; • नीलामी शुरू: दिनांक 28.07.2026 को 12.00 बजे। अनुक्रम सं.:** एए/1; **लॉट सं/श्रेणी:** एडीवीटी-एसडीएएच-एचबी-ओएसडी-83-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)); **विवरण:** हाबरा रेलवे स्टेशन में 50:50 समय/जगह की साझेदारी पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के साथ रेलवे के संदेशों के प्रदर्शन के लिए 01 वीडियो वॉल की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव। **संविदा की अवधि:** 05 वर्ष। **(घ) ई-नीलामी सूचीपत्र सं.: एडीवीटी-एडीएएच-08-01; • नीलामी शुरू: दिनांक 03.08.2026 को 12.00 बजे। क्रम सं. एवं अनुक्रम सं.; लॉट सं/श्रेणी; विवरण; संविदा की अवधि** क्रमशः निम्नलिखित है: (1) एए/1; एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-12सी072204-26-1 (विज्ञापन-ट्रेन के भीतर एवं बाहर); सियालदह मंडल के तहत चलने वाली 12 कोचों की 05 तीन फेज ईएमयू रेकों की कोचों की बाहरी सतह की सम्पूर्ण बॉडी पर तथा उसके भीतर निर्दिष्ट स्थानों पर विनायल स्टीकरों (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्मों) के प्रयोग द्वारा विज्ञापन का प्रदर्शन; 03 वर्ष। (2) एबी/1; एडीवीटी-एसडीएएच-बीएलएन-ओएसडी-73-26-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (डिजिटल)); क्लस्टर XV स्टेशनों (क्षेत्राधिकार: पार्क सर्कस से कैनिंग, लेक गार्डन्स से कोमागाता मारु बजबज, सुभाषग्राम से डॉयमण्ड हार्बर (बारुईपुर जंक्शन छोड़कर), शासन रोड से नामखाना तक) में 43-इंच डिजिटल टीवी स्क्रीनों की आपूर्ति, स्थापना, संचालन एवं रखरखाव के जरिए 50:50 समय/जगह की साझेदारी पर वाणिज्यिक विज्ञापनों के साथ रेलवे से संबंधित जानकारी का डिजिटल प्रदर्शन; 05 वर्ष। विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए प्रत्याशित बोलीदाताओं से **www.ireps.gov.in** के ई-नीलामी प्रारूप देखने का अनुरोध किया जाता है। (SDAH-143/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बोकारो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आज गुरूगोविंद सिंह पब्लिक स्कूल,चास, रामरूद्रा उच्च विद्यालय, चास एवं वी के एम इण्टर महाविद्यालय, बोकारो में ₹विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका₹ विषय पर युवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। मंचीय परिचय एवं विषय प्रवेश के उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका विषय पर तैयार अपना वक्तव्य दिया।युवा प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अभिजीत कुमार ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए सर्वप्रथम प्रबोधन कार्यक्रम के आयोजन हेतु प्रबंधन एवं सभी उपस्थित के प्रति विशेष आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा इस तरह के युवा

प्रबोधन कार्यक्रम युवा वर्ग में स्व के मंत्र के साथ अपने नागरिक कर्तव्य के भाव को विकसित करने में निश्चित ही सहायक होगा साथ ही एक दुसरे के प्रति सहयोगात्मक भावना विकसित करने में भी सहायक सिद्ध होगा। अभिजीत ने आगे बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ शताब्दी वर्ष के निमित्त विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में अखिल भारतीय स्तर पर जुलाई माह में आयोजित ₹युवा कार्यक्रम₹ की कड़ी में ₹विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका₹ विषय पर ₹युवा प्रबोधन कार्यक्रम₹ में हम सब आज यहां उपस्थित हैं। संघ के लिए राष्ट्र प्रथम की भावना सर्वोपरि है। संघ का उद्देश्य राष्ट्रहित को सर्वोच्च स्थान देना और समाज को एकजुट कर देश की प्रगति में योगदान करना है।

उन्होंने संघ की संगठनात्मक परंपरा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के आदर्शों पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने शताब्दी वर्ष में संघ के पंच परिवर्तन के संकल्प का विस्तार से उल्लेख करते हुए कहा कि इसे अपने जीवन में अपनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इनमें 'स्व का भाव' के अंतर्गत आम गौरव और राष्ट्रीय अस्मिता पर बल, 'कुटुंब प्रबोधन' के अंतर्गत परिवारों में संस्कार और संवाद, 'सामाजिक समरसता' के अंतर्गत समाज के सभी वर्गों में समानता और एकता, 'पर्यावरण' के अंतर्गत प्रकृति संरक्षण और सतत विकास तथा एक विषय 'नागरिक कर्तव्य' है जिसमें जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा है।युवा प्रबोधन कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं के लिए मार्गदर्शन तैयार करना है कार्यक्रम के माध्यम से उन्होंने संघ के संकल्पों को दोहराते हुए समाज से अधिक निकट से जुड़ने और राष्ट्रीय हित में सक्रिय योगदान का आह्वान किया।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने भारतीय संविधान में नागरिक कर्तव्य बोध के तहत निहित 11 संवैधानिक कर्तव्य एवं लोकतांत्रिक कर्तव्य का पालन करने की शपथ ली।

कार्यक्रम में सैकड़ो युवा छात्र-छात्राओं एवं मुख्य वक्ता अभिजीत कुमार के साथ क्रमशः स्थानों पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहने वालों में गुरूगोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, चास के प्रधानाचार्य वाचस्पति मिश्रा रामरूद्रा हाई स्कूल, चास के प्रधानाचार्य हरेकृष्णा वी के एम इण्टर महाविद्यालय बोकारो के प्राचार्य परमेश्वर जी, महानगर प्रचारक सुधीर कुमार मौजूद रहे।

कीचड़ से चलना हुआ दुश्वार

पकरीबारावां। पकरीबरावां- रेवार रोड में कीचड़ से लोगों का चलना दुश्वार हो गया है। जैसे ही रेवार रोड में लोग प्रवेश करते हैं, उन्हें कीचड़ से होकर जाना पड़ता है। इसके अलावा सड़क पर गड्ढों के कारण लोगों को परेशानी हो रही है। यह मार्ग पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय रेवार, पीएम श्री इंटर विद्यालय पकरीबरावां सहित अन्य कई शैक्षणिक संस्थानों को जाती है।

पूर्व रेलवे

निविदा का निरस्तीकरण

मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित ई-निविदा सं. 142_2026-27, दिनांक 21.07.2026 एतद्द्वारा प्रशासनिक कारणवश निरस्त कर दी गई है।

(HWH-232/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

विधानसभा परिसर में हुई घटनाओं पर अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने जताई चिंता, लोकतांत्रिक मर्यादा बनाए रखने की अपील

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विधानसभा सत्र के दौरान विधानसभा परिसर के आसपास हुई घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से रखने का अधिकार है, लेकिन विरोध के नाम पर जनप्रतिनिधियों का घेराव, उनके साथ अभद्र व्यवहार, सरकारी एवं निजी वाहनों में तोड़फोड़ तथा विधायकों की

गरिमा को ठेस पहुंचाने वाली घटनाएं किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं हैं। अध्यक्ष ने कहा कि बिहार विधानसभा लोकतंत्र का सर्वोच्च विधायी मंच है जहां जनता द्वारा निर्वाचित प्रतिनिधि प्रदेश के विकास, जनहित और नीतिगत विषयों पर विचार-विमर्श करने आते हैं। ऐसे में सदन की कार्यवाही को प्रभावित करने, विधायकों को रोकने, उनके साथ अभद्रता करने, वाहनों में तोड़फोड़ करने अथवा जनप्रतिनिधियों को भय और दबाव के माहौल में कार्य करने के लिए विवश करने का कोई भी प्रयास लोकतांत्रिक परंपराओं के विपरीत है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि छात्रों और युवाओं की समस्याएं महत्वपूर्ण हैं तथा उनका समाधान संवैधानिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने सभी छात्र संगठनों और प्रदर्शनकारियों से संयम बरतने तथा कानून के दायरे में रहकर अपनी बात रखने की अपील की। उन्होंने प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषी व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही भविष्य में बिहार विधानसभा की सुरक्षा, सदस्यों की गरिमा और विधानसभा परिसर की पवित्रता बनाए रखने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी राजनीतिक दलों से भी लोकतांत्रिक मूल्यों, संसदीय मर्यादाओं और संवाद की परंपरा को मजबूत करने में सकारात्मक सहयोग देने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बिहार की जनता, छात्र-युवा, जनप्रतिनिधि और सभी राजनीतिक दल लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखने में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएंगे।

बिहार विधानसभा अध्यक्ष की अपील: 'खेत बचाओ अभियान' से जुड़ें, जैविक खेती को दें बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अष्टादश बिहार विधानसभा के तृतीय सत्र के दौरान सदन के सभी सदस्यों से प्रधानमंत्री द्वारा 1 जून 2026 से शुरू किए गए 'खेत बचाओ अभियान' में सक्रिय भागीदारी की अपील की। उन्होंने राज्य सरकार की जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की पहल में भी योगदान देने का आह्वान किया। सदन में सदस्य कुमार सर्वजीत की ध्यानाकर्षण सूचना पर कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा जैविक खेती अपनाने के संबंध में दिए गए वक्तव्य के बाद अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और किसानों की आय बढ़ाने के लिए जैविक एवं प्राकृतिक खेती को व्यापक स्तर पर अपनाना समय की आवश्यकता है। इसी दौरान सदस्य मंजीत कुमार सिंह, माधव आनंद एवं अन्य 13 विधायकों द्वारा गोपालगंज स्थित बंद पड़े सासामुसा चीनी मिल को पुनः चालू कराने तथा गन्ना किसानों एवं कर्मचारियों के बकाया भुगतान से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना पर भी सदन में चर्चा हुई। इस पर गन्ना उद्योग मंत्री संजय कुमार ने सरकार की ओर से अपना वक्तव्य रखा। वक्तव्य के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने गन्ना उद्योग मंत्री को निर्देश दिया कि ध्यानाकर्षण सूचना पर चर्चा के दौरान उठाए गए सभी मुद्दों पर एक सप्ताह के भीतर संबंधित विधायकों एवं विभागीय अधिकारियों की बैठक बुलाकर बिंदुवार समीक्षा की जाए तथा सभी समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि किसानों और कर्मचारियों से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

बिहार पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक की संयुक्त पहल

साइबर जागरूकता को मिलेगा नया आयाम, 'साइबर सिक्योर बिहार' अभियान का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार पुलिस एवं भारतीय स्टेट बैंक की संयुक्त पहल 'साइबर सिक्योर बिहार' का शुभारंभ भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय (एलएचओ), पटना में आयोजित एक गरिमामय समारोह में किया गया। इस अभियान का उद्देश्य इंटेनेक्स्ट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से राज्यभर में से साइबर सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना है।

कार्यक्रम में कुंदन कृष्णन, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक (विशेष शाखा), बिहार रंजीत कुमार मिश्रा, आईपीएस, पुलिस महानिरीक्षक, साइबर क्राइम एवं सिक्योरिटी यूनिट, बिहार पुलिस तथा अनुराग जोशी, मुख्य

महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अपने संबोधन में कुंदन कृष्णन, आईपीएस ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की रोकथाम का सबसे प्रभावी माध्यम जागरूकता है। यदि प्रत्येक नागरिक सतर्क, जागरूक एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार अपनाए तो अधिकांश साइबर अपराधों को रोका जा सकता है। रंजीत कुमार मिश्रा, आईपीएस ने कहा कि साइबर अपराधी लोगों की अनभिज्ञता और जल्दबाजी का लाभ उठाते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि किसी भी परिस्थिति में ओटीपी, बैंकिंग विवरण अथवा व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें, संदिग्ध लिंक एवं क्यूआर कोड से सावधान रहें तथा किसी भी साइबर धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 एवं राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं। अनुराग जोशी, मुख्य महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल ने कहा कि सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग को बढ़ावा देना भारतीय स्टेट बैंक की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। उन्होंने कहा कि बिहार पुलिस एवं इंटेनेक्स्ट सॉल्यूशंस के साथ यह संयुक्त अभियान ग्राहकों एवं आम नागरिकों में डिजिटल सुरक्षा के प्रति विश्वास और जागरूकता को और सुदृढ़ करेगा।

चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले महान क्रांतिकारी, अदम्य साहस और वीरता के प्रतीक आत्मबलिदानी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने उन्हें कोटिशः नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ऐसे महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिनके जीवन का प्रत्येक क्षण शौर्य, साहस और राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत था। उन्होंने अपने अद्वितीय साहस और बलिदान से देश की स्वतंत्रता की लड़ाई को नई ऊर्जा प्रदान की। उनका जीवन और संघर्ष आज भी देशवासियों, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि मां भारती के इस वीर सपूत के बलिदान से देश का कण-कण आज भी गौरवान्वित है। उनका अमर बलिदान हमें यह संदेश देता है कि राष्ट्र की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता सर्वोपरि है तथा इसकी रक्षा के लिए हर नागरिक को सदैव तत्पर रहना चाहिए। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन के प्रमुख नेताओं में से एक थे। उन्होंने 'आजाद ही जिएंगे, आजाद ही मरेंगे' के अपने संकल्प को अंतिम क्षण तक निभाया और स्वयं को मां भारती के चरणों में समर्पित कर दिया। उनका त्याग, साहस और राष्ट्रप्रेम भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के स्वर्णिम अध्याय का अभिन्न हिस्सा है। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद की वीरगाथा और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा सदैव भावी पीढ़ियों को देशभक्ति, त्याग और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उनके आदर्श आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने स्वतंत्रता संग्राम के दौर में थे।

पटना में भाजपा का विरोध-प्रदर्शन, कांग्रेस पर हमले का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कांग्रेस नेता राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास के घेराव के प्रयास के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के देशव्यापी विरोध-प्रदर्शन के तहत बुधवार को पटना में कांग्रेस कार्यालय, सदाकत आश्रम के घेराव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ता शांतिपूर्ण जुलूस के साथ सदाकत आश्रम की ओर बढ़ रहे थे। विज्ञप्ति में आरोप लगाया गया है कि कांग्रेस कार्यालय पहुंचने से पहले कांग्रेस के बिहार प्रभारी अनबरू हक के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं पर ईंट-पत्थरों एवं अन्य माध्यमों से हमला किया गया जिसमें दर्जनों कार्यकर्ता घायल हो गए। घायलों का इलाज कुर्जी अस्पताल में कराया जा रहा है। भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने

घटना की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से अपना विरोध दर्ज करा रहे थे, लेकिन उन पर अचानक हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि यह हमला केवल भाजपा कार्यकर्ताओं पर नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों और संविधान प्रदत्त शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार पर भी हमला है। प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने कांग्रेस पर देश में अराजकता का माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक और राजनीतिक दल को शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होंने लोगों से ऐसे प्रयासों के प्रति सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए और हिंसा की राजनीति से दूर रहना चाहिए। विरोध-प्रदर्शन के बाद प्रमोद सिंह चंद्रवंशी कुर्जी अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घायल भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

मॉडल स्कूलों से गढ़ रहा बिहार अपने भविष्य के नायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना की रहने वाली अमीषा राज प्राइवेट स्कूल से नाम कटवाकर बिहार के मॉडल स्कूल में नामांकन करवाई है। नवी कक्षा में पढ़ने वाली अमीषा बताती है कि प्राइवेट स्कूल से बेहतर सुविधा हमारे मॉडल स्कूल में मिल रही है। लाइव क्लासेस, बायो लैब और फिजिक्स लैब काफी बेहतर। हमें हमारे स्कूल पर गर्व है। 'एक स्कूल बेहतर छात्र का निर्माण करता है। एक बेहतर छात्र एक राज्य का निर्माण करता है और एक बेहतर राज्य एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है।' इसी संकल्प के साथ मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह 'दिनकर' की जन्मभूमि बेगूसराय से बिहार के छात्रों के लिए सुविधाओं से लैस 551 सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) की बड़ी सौगात दी है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने संबोधित करते हुए कहा कि 'बिहार की पहचान हमेशा ज्ञान और शिक्षा की भूमि के रूप में रही है और सरकार उसी गौरव को फिर से स्थापित करने की दिशा में काम कर रही है। हमारा लक्ष्य है कि आने वाले एक वर्ष में सरकार ऐसा माहौल तैयार करना चाहती है कि डीएम, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी अपने बच्चों का नाम सरकारी स्कूलों में लिखवाने के लिए प्रेरित हों।' सेंटर फॉर मॉडल स्कूल्स के प्रबंध भागीदार और इक्विटी-बेस्ड लीडरशिप पुस्तक के लेखक डॉ. जोशुआ पी. स्टार का भी मानना है कि सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित, सहयोगी और समान शिक्षा देने वाले स्कूलों में उच्च स्तर की पढ़ाई का अवसर मिलना चाहिए।

ए. एन. कॉलेज, पटना में बी.एड. इंडक्शन मीट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। ए. एन. कॉलेज, पटना के बी.एड. विभाग में सत्र 26-28 में नव नामांकित विद्यार्थियों के स्वागत एवं मार्गदर्शन के उद्देश्य से इंडक्शन मीट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं स्वागत भाषण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की चीफ प्रोक्टर डॉ. वंदना कुमारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि समाज का मार्गदर्शक और चरित्र निमार्ता होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन, नियमित उपस्थिति, नैतिक मूल्यों तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। महाविद्यालय के बर्सर डॉ. अभिषेक दत्ता ने विद्यार्थियों को महाविद्यालय के सभी गतिविधियों में भाग लेने की सलाह दी। बी.एड. विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, शैक्षणिक गतिविधियों, प्रायोगिक कार्य, इंटर्नशिप, पुस्तकालय, आंतरिक मूल्यांकन, विश्वविद्यालय के नियमों तथा महाविद्यालय की विभिन्न सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही रैगिंग निषेध, समय प्रबंधन और व्यक्तित्व विकास पर भी उपयोगी सुझाव दिए गए। कार्यक्रम के दौरान नवप्रवेशी विद्यार्थियों ने अपना परिचय दिया। विभागीय शिक्षक राजेश कुमार के संयोजन में द्वितीय वर्ष के छात्रों ने स्वागतगान और राष्ट्रगान का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन महिमा, नवनीत ने किया।

बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करें शिक्षक और अभिभावक: मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रदेश के सभी प्रारंभिक विद्यालयों में 25 जुलाई को अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस वर्ष संगोष्ठी की थीम 'समावेशी शिक्षाः हमारा हर बच्चा महत्वपूर्ण' तय की गई है। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों और समुदाय के बीच समावेशी शिक्षा की अवधारणा को मजबूत बनाना और हर बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए साझी जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने निर्देश दिया है कि संगोष्ठी के जरिये अभिभावक और शिक्षक बच्चों के लिए ऐसा अनुकूल वातावरण तैयार करें जहां हर बच्चा सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास के साथ सीख सके। संगोष्ठी के दौरान विद्यालयों में वर्गवार बैठकें आयोजित की जाएंगी जिनमें अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य एवं पोषण, घर पर अध्ययन का वातावरण तथा सीखने में सहयोग जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा होगी। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की शिक्षा और उनके प्रति संवेदनशील व्यवहार पर भी संवाद किया जाएगा।

डिजिटल युग में भी रेडियो की प्रासंगिकता कायम : डॉ. प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। राष्ट्रीय प्रसारण दिवस के अवसर पर बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि रेडियो आज भी डिजिटल युग में अपनी प्रासंगिकता बनाए हुए है। उन्होंने कहा कि रेडियो का प्रसारण केवल समाचार और मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का प्रभावी सूत्रधार भी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि चाहे आपदा की घड़ी हो या किसी उत्सव का अवसर, प्रसारण माध्यम हर समय जनता के साथ खड़ा रहता है। सूचना, शिक्षा और जनजागरूकता के प्रसार में रेडियो की भूमिका आज भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलती तकनीक और डिजिटल माध्यमों के विस्तार के बावजूद रेडियो की विश्वसनीयता और व्यापक पहुंच उसे विशेष बनाती है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रसारण दिवस भारतीय रेडियो के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक है। इसी दिन वर्ष 1927 में भारत में पहली बार रेडियो प्रसारण की शुरुआत हुई थी। इसका आरंभ बॉम्बे, जिसे अब मुंबई के नाम से जाना जाता है, से इंडियन ब्रॉडकास्टिंग कंपनी द्वारा किया गया था। बाद में इस संस्था का विलय ऑल इंडिया रेडियो में हुआ जिसे आकाशवाणी के नाम से भी जाना जाता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय प्रसारण दिवस केवल रेडियो के इतिहास का स्मरण कराने का अवसर नहीं है, बल्कि यह मीडिया की स्वतंत्रता, जनजागरूकता और देश की सांस्कृतिक विविधता के संरक्षण एवं प्रसार के महत्व को भी रेखांकित करता है।

जनसुराज के चुनाव अभियान समिति के संयोजक सुधीर शर्मा ने थामा 'कमल' का दामन

मिलन समारोह में प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने विभिन्न दलों के नेताओं का पार्टी में किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में जनसुराज, कांग्रेस सहित विभिन्न राजनीतिक दलों एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े अनेक प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नवागंतुकों को पार्टी की सदस्यता दिलाते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनके जुड़ने से संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। सदस्यता ग्रहण करने वालों में जनसुराज चुनाव अभियान समिति के संयोजक सुधीर शर्मा, कांग्रेस के पूर्व विधान पार्षद विनोद सिंह, कांग्रेस के पूर्व एमएलसी प्रत्याशी सुशांत कुमार

सिंह, शिक्षाविद एवं समाजसेवी जितेश्वर सिंह के साथ जनसुराज के सनी गुप्ता, रविशंकर राय, अभिषेक राय, कौशल राय, नीरज शंकर, कुमार रवि और डॉ. विकास सिंह सहित बड़ी संख्या में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि सुधीर शर्मा का भाजपा परिवार में आना अत्यंत खुशी का विषय है। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के साथ खड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी नीतियों, राष्ट्रहित के प्रति समर्पित नेतृत्व और केंद्र व बिहार की एनडीए सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर समाज के सभी वर्गों के लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं।

चार महिला खिलाड़ियों ने कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए किया क्वालिफाई

एक्सिस बैंक और आईआईएस ने भारत में जूडो टैलेंट को निखारा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। एक्सिस बैंक और देश के बेहतरीन ओलंपिक ट्रेनिंग सेंटर इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स की साझेदारी रंग ला रही है। एक्सिस बैंक जूडो डेवलपमेंट प्रोग्राम के जरिए दोनों संस्थान मिलकर भारतीय खिलाड़ियों की प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय सफलता में बदल रहे हैं। जमीनी स्तर से लेकर हाई-परफॉर्मेंस तक 500 से अधिक एथलीटों की मदद करने के बाद इस कार्यक्रम ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। भारत की 4 महिला जूडो खिलाड़ियों ने ग्लासगो में होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 के लिए क्वॉलिफाई कर लिया है। 57 किग्रा भार वर्ग की मध्य प्रदेश की यामिनी मौर्या, 63 किग्रा भार वर्ग की उत्तराखंड की उन्नति शर्मा, 78 किग्रा भार वर्ग की पंजाब की इशरूप नारंग और 70 किग्रा भार वर्ग की मणिपुर की तखेलंबम इनुंगनबी ने भारत की कॉमनवेल्थ खेलों की टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया है।

पटना में कांग्रेस और बीजेपी नेताओं में हिंसक झड़प,कई नेताओं के सिर फटे

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। पटना में बुधवार को कांग्रेस और बीजेपी नेताओं के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। बीजेपी नेता कांग्रेस ऑफिस के सामने प्रदर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान दोनों ओर से डंडे चले, पत्थर चलाए गए। पुलिस इस दौरान चुपचाप खड़ी नजर आई। इस बीच बिहार धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन भी बाल बाल बचे। बीजेपी नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस नेता पहले से पत्थर और डंडे लेकर मारपीट के लिए तैयार बैठे थे। दोनों पार्टियों के बीच मारपीट के दौरान शुरूआत में पुलिस चुपचाप खड़ी नजर आई। इसके बाद मामला बढ़ने पर पुलिस ने एक्शन लिया। बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी ने दुर्भावनापूर्ण

मंशा के साथ पीएम आवास के सामने धरना प्रदर्शन कर हंगामा किया। कांग्रेस की ओर से देश के प्रधानमंत्री की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की गई। भाजपा ने कहा है कि गंभीर खतरे में डालने की कांग्रेस की प्रवृत्ति रही है। कांग्रेस राजनीतिक विरोधियों के घर के बाहर विरोध प्रदर्शन करने जैसी निंदनीय परंपरा को बढ़ावा दे रही। नालंदा कांग्रेस कमेटी की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला दहन किया और जमकर नारेबाजी की। नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं की आवाज दबाना चाहती है। औरंगाबाद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शहर के रमेश चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। कार्यकर्ताओं ने नारे लगाए- हिटलर शाही नहीं चली, मोदी की तानाशाही भी नहीं चलेगी। मुजफ्फरपुर में राहुल गांधी को हिरासत में लिए जाने के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन जारी है।

खेत बचाओ अभियान से मिट्टी, जल और खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ कर रही है बिहार सरकार : विजय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधान सभा में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राजद के विधायक कुमार सर्वजीत के ध्यानाकर्षण सूचना पर उत्तर देते हुए आज सदन को आश्वस्त किया कि दूषित जल से सिंचित सब्जियों तथा रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों के अनियंत्रित उपयोग से उत्पन्न खतरों के प्रति राज्य सरकार पूर्णतः सजग है। इस दिशा में केंद्र तथा राज्य, दोनों स्तरों पर ठोस, दूरदर्शी एवं दीर्घकालिक कदम उठाए जा रहे हैं। मंत्री श्री सिन्हा ने बताया कि केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री के नेतृत्व में देश के सभी राज्यों

के कृषि मंत्रियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ इस विषय पर निरंतर समीक्षा बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी उद्देश्य से 1 जून, 2026 से खेत बचाओ अभियान संचालित किया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य राज्य की कृषि भूमि, जल स्रोत तथा खाद्य पदार्थों को रासायनिक दुष्प्रभावों से मुक्त रखते हुए आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ एवं सुरक्षित मृदा उपलब्ध कराना है।

मोदी जी परीक्षा पर चर्चा करते हैं लेकिन पेपर लीक पर चर्चा से भागते हैं : रागिनी नायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। संसद मार्च भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का एक महत्वपूर्ण क्षण है। देशभर से हजारों छात्र-युवा शांतिपूर्वक इस उम्मीद के साथ दिल्ली पहुंचे कि सरकार उनकी बात सुनेगी, उनकी समस्याओं पर संवाद करेगी और उनके न्यायसंगत मांगों का समाधान करेगी, लेकिन संवाद के बजाय उन्हें पुलिस बल का सामना करना पड़ा। छात्रों पर लाठी चार्ज किया गया, महिला छात्रों के कपड़े फाड़े गए, अनेक छात्र घायल हुए और छात्राओं के साथ डराने-धमकाने तथा उत्पीड़न की घटनाएं सामने आईं। राहुल गांधी कांग्रेस

सांसदों के साथ प्रदर्शनकारी छात्रों की मांगों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के समक्ष रखने और उनसे मुलाकात करने के लिए प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च कर रहे थे। लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय राहुल गांधी और विपक्षी सांसदों को रोककर हिरासत में ले लिया गया। हम राहुल गांधी और कांग्रेस सांसदों पर हुए हमले तथा उनकी हिरासत की कड़ी निंदा करते हैं। यह लोकतांत्रिक अधिकारों और शांतिपूर्ण विरोध के अधिकार पर सीधा हमला है। मोदी सरकार के विरोध और प्रदर्शनकारी छात्रों के समर्थन में शाम को मशाल जुलूस आयोजित किया जाएगा। छात्र कोई अनुचित मांग नहीं कर रहे हैं। उनकी मांग केवल इतनी है कि परीक्षाएं निष्पक्ष और पारदर्शी हों, उनका भविष्य सुरक्षित हो, पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों को कड़ी सजा मिले जब सरकार ने संवाद के बजाय दमन का रास्ता चुना, तब लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी स्वयं प्रधानमंत्री आवास की ओर मार्च करते हुए यह मांग करने पहुंचे कि प्रधानमंत्री छात्रों से मिलें, उनकी बातें सुनें और देश के युवाओं को जवाब दें। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने राष्ट्रव्यापी 'छात्रों की गूंज' अभियान को और तेज किया है। यह अभियान उन करोड़ों छात्रों की आवाज को बुलंद करने का आंदोलन है, जो पेपर लीक, परीक्षा अनियमितताओं, भर्ती में देरी, बेरोजगारी और सार्वजनिक शिक्षा व्यवस्था के लगातार कमजोर होने से प्रभावित हुए हैं।

'बाजार ने लूटा, घर ने तोड़ा' डॉ. आनंद रंजन झा की नई मार्मिक कविता ने रिश्तों के दर्द को दी आवाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। प्रख्यात शिक्षाविद, साहित्यकार एवं समाजसेवी डॉ. आनंद रंजन झा की नवीन मार्मिक कविता 'बाजार ने लूटा, घर ने तोड़ा' सामाजिक जीवन की उन सच्चाइयों को उजागर करती है जिनसे आज अनेक लोग गुजर रहे हैं। यह कविता केवल आर्थिक नुकसान की नहीं, बल्कि टूटते विश्वास, बिखरते रिश्तों, पारिवारिक कलह और मानसिक पीड़ा की गहन अनुभूति को शब्द देती है। डॉ. झा का मानना है कि जीवन में बाहर के लोग यदि नुकसान पहुंचाएं तो

उसका दर्द सहा जा सकता है, लेकिन जब अपने ही विश्वास तोड़ दें और घर का वातावरण तानों व कटुता से भर जाए, तब व्यक्ति भीतर से पूरी तरह टूट जाता है। उनकी यह कविता इन्हीं भावनाओं की सशक्त अभिव्यक्ति है।

संपादकीय

नीट विवाद से बढ़ी टकराव की राजनीति, जवाबदेही के सवालों पर क्यों नहीं हो रही बात?

लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध-प्रदर्शन नागरिकों का संवैधानिक अधिकार है और आंदोलनकारियों की बात सुनना तथा उनसे संवाद करना सरकार का लोकतांत्रिक दायित्व है। दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट परीक्षा में हुई गड़बड़ी के मुद्दे पर शुरू हुआ आंदोलन सोमवार को जिस रूप में पहुंच गया, उससे बचने के लिए अगर सिर्फ बातचीत का रास्ता अख्तियार किया गया होता, तो शायद यह नौबत नहीं आती। दरअसल, काकरोच जनता पार्टी ने सरकार से तीन मुख्य मांगों के साथ 'चलो संसद' का आह्वान किया था। वहां बड़ी संख्या में जमा हुए युवाओं को रोकने के लिए पुलिस और सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले दागे, बल प्रयोग किया, जिसमें कई युवाओं के घायल होने की खबर आई।इस रुख ने एक बार फिर देश की लोकतांत्रिक परंपरा और सरकार की नीतियों पर सवाल उठाने के नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों पर चोट ही पहुंचाई है। संभव है कि इस तरह की सख्ती के जरिए आंदोलनकारियों की आवाज को फिलहाल शांत कर दिया जाए, लेकिन क्या इससे वे सवाल खत्म हो जाएंगे, जिन्हें लेकर युवाओं के सामने सड़क पर उतरने की नौबत आई? अगर सरकार की मंशा आंदोलनकारियों के मुद्दों को हंगामे के शोर में दफ्न करना नहीं है, तो क्या इसके लिए वक्त पर संवाद की पहल नहीं की जानी चाहिए थी?इससे पहले शनिवार को इसी मुद्दे पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक को जंतर-मंतर से पुलिस जिस तरीके से उठाकर ले गई थी, उस पर भी सवाल उठे थे। मगर उसके बाद भी सरकार ने अपनी ओर से आंदोलनकारी युवाओं की मांगों पर विचार करना या उन पर बातचीत करना जरूरी नहीं समझा।'चलो संसद' के आह्वान के बाद एक तरह से पहले से ही सब कुछ बिल्कुल स्पष्ट था कि सोमवार को जंतर-मंतर पर होने वाला प्रदर्शन ज्यादा जटिल स्वरूप भी अख्तियार कर सकता है। सरकार ने उन्हें रोकने के लिए जिस शिद्दत से पुलिस बल को खुला छोड़ दिया, जो निर्देश दिए, क्या उतनी ही संजीदगी से आंदोलनकारी युवाओं से बातचीत के जरिए मसले का हल निकालने की कोशिश नहीं की जा सकती थी?हालांकि हंगामे के बाद केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से काकरोच जनता पार्टी के प्रतिनिधियों की मुलाकात हुई और उन्होंने अपनी मांगों से संबंधित एक पत्र उन्हें सौंपा, मगर यह समझना मुश्किल है कि आखिर सरकार ने किन वजहों से इस संदर्भ में शुरू से ही उदासीनता और उपेक्षा का रुख अपनाए रखा।गौरतलब है कि आंदोलनकारियों की ओर से मुख्य रूप से तीन मांगें की जा रही हैं। इसमें सोनम वांगचुक को अस्पताल से छुट्टी देने और उन पर कोई कार्रवाई न करने, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा या उन्हें बर्खास्त करने तथा नीट 2026 प्रश्नपत्र लीक होने के बाद आत्महत्या करने वाले विद्यार्थियों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपए मुआवजा देने की मांग शामिल है।

कॉकरोच जनता पार्टी के संसद मार्च से सुलगते सवाल और राजनीतिक निहितार्थ

बड़े बड़े न्यूज़ चैनल्स और अखबारों के दफ्तरों में इससे जुड़े कई नीतिगत सवालों पर भी बहस होने लगी। सोशल मीडिया पर जहां सरकार विरोधी भड़काऊ वीडियो वायरल होने लगे, वहीं सत्ताधारी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी आंदोलनकारियों की कारगुजारियों के वीडियो साझा कर दिए, जिससे लोगों की सहानुभूति पुलिस और सरकार के साथ बनी रही। यदि संसद मार्च के घटनाक्रमों पर संतुलित नजर डालें तो यही प्रतीत होता है कि जब बड़ी संख्या में सीजेपी समर्थक संसद चलो मार्च के लिए जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़े, तो भले ही उनकी मुख्य मांगें शिक्षा सुधार, परीक्षा-पत्र लीक और जवाबदेही था, लेकिन इरादे तोड़फोड़ वाले और खतरनाक थे, अन्यथा पुलिस को बल प्रयोग नहीं करना पड़ता।

(कमलेश पांडे)

देखा जाए तो इस आंदोलन की प्रमुख मांगों में नीट पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं पर कार्रवाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार की जवाबदेही, कुछ नेताओं द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, आंदोलन से जुड़े लोगों के साथ संवाद आदि हैं, लेकिन जो उत्पात दिखाई-सुनाई दिया, वह विपक्षी संस्कार नहीं तो क्या है? कॉकरोच जनता पार्टी का संसद चलो आह्वान केवल एक विरोध मार्च नहीं, बल्कि केंद्र सरकार पर दबाव बनाने की एक राजनीतिक रणनीति है। खासकर जिस तरह से इस आंदोलन को छात्र आंदोलन का स्वरूप दिलवाया जा चुका है, वह डीप स्टेट के इशारे पर बनी विपक्ष की शातिर सरकार घेरो रणनीति का कमाल भी करार दिया जा रहा है। देखा जाए तो संसद के मानसून सत्र के दौरान गत 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद की ओर मार्च करने के दौरान बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी जुटे और कूच किया, वह बिल्कुल संगठित राजनीतिक आंदोलन के तर्ज पर हुआ। मजे की बात तो यह कि संसद के निकट पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जो पूर्व प्रायोजित झड़प हुई और उसके बाद हालात नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल किया, इससे यह संसद मार्च राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सुर्खियां बन गया।

बड़े बड़े न्यूज़ चैनल्स और अखबारों के दफ्तरों में इससे जुड़े कई नीतिगत सवालों पर भी बहस होने लगी। सोशल मीडिया पर जहां सरकार विरोधी भड़काऊ वीडियो वायरल होने लगे, वहीं सत्ताधारी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी आंदोलनकारियों की कारगुजारियों के वीडियो साझा कर दिए, जिससे लोगों की सहानुभूति पुलिस और सरकार के साथ बनी रही। यदि संसद मार्च के घटनाक्रमों पर संतुलित नजर डालें तो यही प्रतीत होता है कि जब बड़ी संख्या में सीजेपी समर्थक संसद चलो मार्च के लिए जंतर-मंतर से संसद की ओर बढ़े, तो भले ही उनकी मुख्य मांगें शिक्षा सुधार, परीक्षा-पत्र लीक और जवाबदेही था, लेकिन इरादे तोड़फोड़ वाले और खतरनाक थे, अन्यथा पुलिस को बल प्रयोग नहीं करना पड़ता। चूंकि संसद के मानसून सत्र के दौरान माननीयों की सुरक्षा के दृष्टिगत दिल्ली पुलिस ने व्यापक बैरिकेडिंग की थी, इसलिए ज्यादा दिक्कत नहीं हुई। पुलिस ने कुछ प्रदर्शनकारियों को रोका, हिरासत में लिया तथा कुछ स्थानों पर आंदोलनकारियों द्वारा

उपद्रव करने के बाद आंसू गैस और बल प्रयोग की घटनाएं सामने आईं। इससे अफरातफरी मच गई। देखा जाए तो इस आंदोलन की प्रमुख मांगों में नीट पेपर लीक और भर्ती प्रक्रियाओं में कथित अनियमितताओं पर कार्रवाई, बेरोजगारी के मुद्दे पर सरकार की जवाबदेही, कुछ नेताओं द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग, आंदोलन से जुड़े लोगों के साथ संवाद आदि हैं, लेकिन जो उत्पात दिखाई-सुनाई दिया, वह विपक्षी संस्कार नहीं तो क्या है? फिर भी, केंद्र सरकार ने आंदोलन के प्रतिनिधियों से बातचीत की पहल भी की, जो टकराव के बीच संवाद की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा सकता है। भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा ने सरकारी प्रतिनिधि के तौर पर सीजेपी प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की और मांगपत्र ग्रहण किया। बावजूद इसके आंदोलनकारी अपनी मांगों पर कायम हैं। सवाल है कि संसद मार्च के क्रम में जो कुछ गड़बड़ हुआ, क्या वह लोकतांत्रिक है, सही था या गलत? तो जवाब होगा कि युवाओं का शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की निष्पक्षता जैसे मुद्दों पर शांतिपूर्ण तरीके से अपनी आवाज़ उठाना लोकतंत्र का वैध हिस्सा है। वहीं, सरकार द्वारा आंदोलनकारियों से बातचीत शुरू करना भी लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप कदम है। फिर भी संसद मार्च के दौरान आंदोलनकारियों की ओर से कुछ कुछ गलत हुआ जो अनुचित लगा। यदि प्रदर्शनकारियों ने निषिद्ध क्षेत्र में जबरन प्रवेश करने या बैरिकेड तोड़ने की कोशिश की, तो वह कानून-व्यवस्था की दृष्टि से उचित नहीं माना जाएगा। वहीं, यदि पुलिस ने आवश्यकता से अधिक बल प्रयोग किया या शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर अनावश्यक कार्रवाई हुई, तो उसकी भी निष्पक्ष जांच और जवाबदेही तय होनी चाहिए। हालांकि, इस पर अलग-अलग पक्षों के अपने अपने दावे हैं और सभी तथ्यों के गोलमोल जवाब ही मिले हैं, जिनपर एतबार करना मुश्किल है क्योंकि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो, जिसका अंतिम सत्यापन अभी होना बाकी है, कई अनकही कहानियां गढ़ रहे हैं। इससे सरकार सांसत में है और विपक्ष तरह-तरह के आरोप लगाकर सिस्टम की मुश्किलें बढ़ा रहा है। हालांकि इस बात में कोई दो राय नहीं कि लोकतांत्रिक समाधान का सर्वोत्तम रास्ता संवाद और कानून के दायरे में रहकर समस्या का समाधान है। भले ही किसी भी लोकतंत्र में शांतिपूर्ण प्रदर्शन और अपनी मांगें रखना नागरिकों का अधिकार है, लेकिन इस संसद मार्च के क्रम में देश की राजधानी नई दिल्ली के हृदय स्थल पर, जिस प्रकार की हिंसा, तोड़फोड़, सार्वजनिक व निजी संपत्ति को नुकसान पहुँचाना या सुरक्षा बलों से टकराव की जो प्रवृति दिखाई दी, वह विपक्षी दलों का परोक्ष कुचक्र नहीं तो क्या है? आखिर इस देशद्रोही प्रवृति को कदापि उचित नहीं ठहराया जा सकता है। इसी प्रकार, यदि पुलिस बल का प्रयोग आवश्यकता से अधिक हुआ हो, तो उसकी भी निष्पक्ष समीक्षा होनी चाहिए। सवाल है कि क्या स्थानीय जिलाधिकारी और डीसीपी के पास छात्र समूह को काबू में रखने की कोई स्पष्ट रणनीति नहीं थी? और यदि थी तो फिर इतना सबकुछ कैसे हुआ? वहीं कोई पुलिस कर्मी कैसे पिट गया और घायल हुआ? आखिर किसी दुकानदार को तोड़-फोड़ का सामना क्यों और कैसे करना पड़ा? जनपथ बाजार की सुरक्षा के व्यापक बंदोबस्त क्यों नहीं किए गए थे। वहीं, अनियंत्रित युवा भीड़ क्यों जुटने दी गई और उनको काबू में रखने के लिए व्यापक बंदोबस्त क्यों नहीं किये गए थे?

कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो आह्वान के राजनीतिक मायने – कॉकरोच जनता पार्टी के संसद चलो आह्वान के राजनीतिक मायने केवल एक विरोध मार्च तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय राजनीति में युवाओं के असंतोष, डिजिटल आंदोलन और पारंपरिक दलों के प्रति अविश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। हालांकि सीजेपी स्वयं को व्यंग्यात्मक आंदोलन बताता है, लेकिन इसके मुद्दे गंभीर राजनीतिक प्रश्न उठाते हैं।

यही वजह है कि राजनीतिक दृष्टि से इसके कई मायने निकाले जा रहे हैं– पहला, संसद के मानसून सत्र के पहले दिन दबाव की राजनीति। दूसरा, युवाओं और प्रतियोगी परीक्षा अभ्यर्थियों के असंतोष को राष्ट्रीय मुद्दा बनाने का प्रयास। तीसरा, विपक्ष के लिए सरकार को घेरने का अवसर और चौथा, सरकार के लिए कानून-व्यवस्था बनाए रखते हुए आंदोलनकारियों से संवाद की चुनौती आदि।

हालांकि, इसके प्रमुख राजनीतिक संकेत इस प्रकार हैं– एक, युवा असंतोष का राजनीतिक रूपांतरण– बेरोज़गारी, परीक्षा-पत्र लीक, शिक्षा व्यवस्था और राजनीतिक जवाबदेही जैसे मुद्दों को लेकर नाराज़गी को संगठित करने का प्रयास दिखाई देता है। दो, डिजिटल से सड़क तक– सोशल मीडिया पर शुरू हुआ अभियान अब वास्तविक जन-प्रदर्शन में बदलता दिख रहा है, जो यह संकेत देता है कि ऑनलाइन असंतोष भी राजनीतिक दबाव का माध्यम बन सकता है। तीन, सरकार पर दबाव– संसद के मानसून सत्र के पहले दिन मार्च का समय चुनना सरकार और संसद का ध्यान आकर्षित करने की रणनीति माना जा सकता है। सरकार और सीजेपी प्रतिनिधियों के बीच बातचीत शुरू होने की खबर भी इसी दबाव का संकेत है। चार, विपक्ष के लिए अवसर– यदि विपक्ष इस असंतोष को राजनीतिक समर्थन देता है, तो यह सरकार को घेरने का एक नया मुद्दा बन सकता है। वहीं यदि आंदोलन स्वतंत्र बना रहता है, तो यह पारंपरिक दलों से अलग एक नई राजनीतिक शैली का संकेत होगा। पांच, प्रतीकों की राजनीति– कॉकरोच जैसे अपमानजनक शब्द को पहचान और प्रतिरोध के प्रतीक में बदलना राजनीतिक संचार की एक प्रभावी रणनीति है, जो विशेषकर युवाओं के बीच ध्यान आकर्षित करती है। छठा, सीजेपी की कई मांगें और उसकी प्रस्तुति व्यंग्य एवं प्रतीकात्मक राजनीति का हिस्सा हैं। इसलिए यह कहना अभी जल्दबाज़ी होगी कि यह एक स्थायी राष्ट्रीय राजनीतिक शक्ति बन जाएगी। दरअसल उसकी वास्तविक राजनीतिक क्षमता इस बात पर निर्भर करेगी कि क्या वह सोशल मीडिया की लोकप्रियता को लंबे समय तक संगठित जनसमर्थन और ठोस राजनीतिक संगठन में बदल पाती है। निष्कर्षत– यही कहना उपयुक्त होगा कि लोकतंत्र में न तो हिंसक टकराव समाधान है और न ही वैध असंतोष को केवल बल पूर्वक दबाना। लिहाजा सबसे उचित रास्ता यही है कि आंदोलन शांतिपूर्ण रहे, कानून का सम्मान हो, और सरकार ठोस संवाद के माध्यम से शिक्षा सुधार तथा परीक्षा प्रणाली से जुड़े मुद्दों का विश्वसनीय समाधान प्रस्तुत करे। अन्यथा छात्र आंदोलन यदि राष्ट्रीय स्वरूप अख्तियार कर लेगा तो सनातनी सत्ता को लेने के देने पड़ जाएंगे। (लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक है)। (इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

भारतीय रेलवे में नई हाइड्रोजन क्रांति, प्रधानमंत्री ने कई रेलवे स्टेशनों का भी दिया उपहार

(मृत्युंजय दीक्षित)

भारत की स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन अन्य देशों की तुलना में सबसे कम लागत मात्र 136 करोड़ रुपए में बनी है। ट्रेन की सामान्य ऑपरेशनल स्पीड 75 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रायल रन के दौरान इसने 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार प्राप्त की थी। यह ट्रेन एक घंटे में 90 किमी का सफर तय कर सकती है। जुलाई 17, 2026 का दिन भारतीय रेलवे के लिए एक स्मरणीय दिन बन गया है क्योंकि इस दिन रेल यातायात में विकसित भारत के नये युग का सूत्रपात हुआऔर भा रत को हाइड्रोजन ट्रेन का उपहार मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरियाणा के जींद रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर इसका उद्घाटन किया। अब भारत उन चुनिन्दा देशों की श्रेणी में शामिल हो गया है जहां हाइड्रोजन ट्रेनों का संचालन हो रहा है।अभी तक जर्मनी, फ्रांस और चीन जैसे देश ही इस प्रकार की ट्रेनों का संचालन कर रहे थे । जींद-सोनीपत मार्ग पर चलने वाली यह ट्रेन शून्य कार्बन उत्सर्जन वाली 10 कोच और 3,200 हार्स पावर क्षमता वाली दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों मे शामिल है। यह ट्रेन पूरी तरह से स्वदेशी तकनीक से तैयार की गई है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलने वाली इस ट्रेन में हाइड्रोजन से बिजली बनाई जाती है जिससे ट्रेन संचालित होती है। इस प्रक्रिया में केवल जलवाष्प निकलती है इसलिए इससे शून्य कार्बन उत्सर्जन होता है। यह ट्रेन डीजल ट्रेनों की तुलना में प्रदूषण नहीं फैलाती, आवाज भी कम करती है और जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करती है। इसके लिए पारंपरिक इलेक्ट्रिक ट्रेनों की तरह मार्ग पर ओवरहेड बिजली लाईन की जरूरत भी नहीं होती क्योकि बिजली ट्रेन के भीतर ही तैयार होती है। ऐसी ट्रेनों के संचालन से कोयला आधारित बिजली उत्पादन पर निर्भरता कम होगी। यह 10 कोच वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल है। यह अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रेन है जो बाहर से देखने में तो साधारण ट्रेनों की तरह ही लगती है किन्तु जब यात्री ट्रेन के कोच में बैठकर यात्रा करते हैं तो उन्हें एक अलग प्रकार की सुखद अनुभूति होती है। ट्रेन में आधुनिक सुरक्षा प्रणाली, हाइड्रोजन लीक डिटेक्शन सिस्टम और विशेष फ्यूल सेल तकनीक का उपयोग किया गया है। इस ट्रेन में यात्रियों के लिए टिकट का मूल्य 5 से 25 रुपए तक रखा गया है ताकि आम से खास तक सभी वर्ग के लोग इस पूर्ण रूप से स्वदेशी तथा प्रदूषण रहित ट्रेन की आरामदायक यात्रा का लाभ उठा सकें। भारतीय रेलवे की पहली हाइड्रोजन ट्रेन हरियाणा में जींद से सोनीपत के बीच 89 किमी प्रतिदिन दो राउंड ट्रिप यानी कुल 356 किमी का सफर तय करेगी। यह हाइड्रोजन ट्रेन जींद सिटी, गोहाना, पांडु पिंडारा, ललित खेड़ा, भंभेवा, इसापुर खेड़ी, बुटाना, खंडराई, राबरा, लाथ, मोहाना और सोनीपत स्टेशन पर रुकेगी। भारत की स्वदेशी हाइड्रोजन ट्रेन अन्य देशों की तुलना में सबसे कम लागत मात्र 136 करोड़ रुपए में बनी है। ट्रेन की सामान्य ऑपरेशनल स्पीड 75 किमी प्रति घंटा होगी। ट्रायल रन के दौरान इसने 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार प्राप्त की थी। यह ट्रेन एक घंटे में 90 किमी का सफर तय कर सकती है।

जबकि कई पुराने डीजल इंजन वाली ट्रेनों को इतनी दूरी तय करने में लगभग दो घंटे लग जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेलवे में व्यापक बदलाव लाने का संकल्प लिया था जो अब धरातल पर उतरता दिख रहा है। भारतीय रेलवे आगामी वर्षों में और भी आधुनिक बनने की तैयारी कर रहा है। सरकार का लक्ष्य व संकल्प भारतीय रेलवे को अधिक सुरक्षित, तेज और पर्यावरण के अनुकूल बनाना है यह हाइड्रोजन ट्रेन उसी लक्ष्य की दिशा में ले जाने वाली पहल है। संक्षिप्त इतिहास - भारत में पहली यात्री ट्रेन 16 अप्रैल 1853 को मुंबई के बोरीबंदर स्टेशन से ठाणे के बीच चलाई गई थी। यह ट्रेन 34 किमी की दूरी तय करती थी इसमें 14 डिब्बे थे1 960 में भारतीय रेलवे ने डीजल इंजनों को अपनाना शुरू किया। इन इंजनों की मदद से लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। मालगाड़ियों की क्षमता बढ़ी और रेलवे का विस्तार पहले की तुलना में तीव्रगति से हुआ। इसके पश्चात रेलवे में विद्युतीकरण का युग आया जिसमें बिजली से चलने वाले इंजन डीजल की तुलना में अधिक तीव्र ,कम प्रदूषण फैलाने वाले और ऊर्जा की दृष्टि से अधिक किफायती सिद्ध हुए। अब समय पूरी तरह से बदल चुका है। अब यात्रियों को सुविधाएं देने के लिए बेहतर तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, वंदेभारत एक्सप्रेस जैसी हाईस्पीड ट्रेनों,आधुनिक कोच, आटोमेटिक सिग्नल सिस्टम, कवच सुरक्षा प्रणाली, डिजिटल टिकटिंग और बेहतर स्टेशन सुविधाएं रेलवे को नई पहचान दे रही हैं। आगामी समय में बुलेट ट्रेनों की रफ्तार भी भारतीय जनमानस देखने वाला है। केवल यात्रियों के लिए ही नहीं भारतीय रेल अब माल ढुलाई के लिए भी आधुनिक ट्रेनों का संचालन कर रही है।

धर्म की आड़ में आस्था से विश्वासघात- मंदिरों के चढ़ावे में अनियमितताओं पर गंभीर सवाल

पिछले दिनों देशवासियों को व्यथित करने वाली जानकारी सामने आई। पता चला कि श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में चढ़ाई गई राशि में भारी गोलमाल हुआ है। सवाल है कि मंदिर में न्यास होने और पूरी व्यवस्था के बावजूद दान तथा चढ़ावे की चोरी कैसे और क्यों हुई? ताज्जुब है कि लाखों-करोड़ों रुपए इधर से उधर होते रहे और इसकी भनक तक नहीं लगी। जिम्मेदार लोग आंखें मूंदे रहे। इन जिम्मेदार लोगों में न्यास के कर्ताधर्ता-सदस्य, नोट गिनने वाले लोग और गिनवाने वाले बैंक तथा उन पर नजर रखने वाले सीसीटीवी कैमरे के संचालक सब शामिल थे। सवाल यह है कि इन सबके रहते अमानत में खयानत कैसे होती रही।

(सुरेश सेठ)

भारत की धार्मिक आस्था उसकी सबसे बड़ी सांस्कृतिक शक्ति है लेकिन मंदिरों के चढ़ावे में कथित वित्तीय अनियमितताओं ने श्रद्धालुओं के विश्वास को झटका दिया है। विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोगों की आस्था के बीच भारत की छवि विविधतापूर्ण देश की है। यही इसकी खूबसूरती है। इसे आस्था से परिपूर्ण धर्मपरायण देश भी माना जाता है। यहां करोड़ों लोग अपने-अपने धर्म का समर्पित भाव से पालन करते हैं। इससे उन्हें जीवन में नैतिकता से लेकर मर्यादा तक की सीख मिलती है। वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए संतुष्ट भाव से जीवन जीते हैं। यह धर्मपरायणता ही है कि जहां बड़ी संख्या में लोग अमरनाथ की दुरूह यात्रा करते हैं और तमाम कष्ट सह कर तथा खतरे का सामने करते हुए भी अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। इसी तरह लाखों लोग कुंभ स्नान के लिए एक स्थान पर जुट जाते हैं। यानी हमारी धार्मिक मान्यताएं इतनी गहरी हैं कि एक विश्वास के सहारे हम पूरा जीवन गुजार देते हैं। मोक्ष और मुक्ति की उम्मीद लिए चलते रहते हैं। हम अपने देश में आस्था के विभिन्न रूप देखते हैं और उनका सम्मान करते हैं। मगर देश को धर्म और धार्मिकता के अंतर को भी समझना होगा। मनुष्य के लिए धर्म महत्त्वपूर्ण है। मगर जिस तरह से पिछले कई वर्षों में धार्मिकता का दोहन किया गया और आस्था को ठेस पहुंचाई गई, यह चिंता का विषय है। सामूहिक रूप से धर्म के प्रति समर्पित होना कोई गलत नहीं। इसी से हमने अपना सांस्कृतिक इतिहास रचा है और मन की शांति के लिए अपने धर्मस्थलों का निर्माण किया है। इनमें श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या भी है। कारसेवकों के बलिदान और त्याग के बाद मंदिर का निर्माण हुआ। जब इसका उद्घाटन हुआ था, तो देश-विदेश में लाखों लोग पूजा-अर्चना कर रहे थे और अपना जन्म सफल कर रहे थे, लेकिन इस सामूहिक धार्मिकता में आडंबर आ गया। फिर इसी के साथ शुरू हो गया आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला। देखते ही देखते वोटों की राजनीति भी शुरू हो गई। पिछले दिनों देशवासियों को व्यथित करने वाली जानकारी सामने आई। पता चला कि श्रीराम की जन्मस्थली अयोध्या में चढ़ाई गई राशि में भारी गोलमाल हुआ है। सवाल है कि मंदिर में न्यास होने और पूरी व्यवस्था के बावजूद दान तथा चढ़ावे की चोरी कैसे और क्यों हुई? ताज्जुब है कि लाखों-करोड़ों रुपए इधर से उधर होते रहे और इसकी भनक तक नहीं लगी। जिम्मेदार लोग आंखें मूंदे रहे। इन जिम्मेदार लोगों में न्यास के कर्ताधर्ता-सदस्य, नोट गिनने वाले लोग और गिनवाने वाले बैंक तथा उन पर नजर रखने वाले सीसीटीवी कैमरे के संचालक सब शामिल थे। सवाल यह है कि इन सबके रहते अमानत में खयानत कैसे होती रही। शुरू में तो विश्वास ही नहीं हुआ कि चढ़ावे की राशि भी गायब की जा सकती है। विवाद गहराया और लोगों का आक्रोश बढ़ा, तो सरकार हरकत में आई और एसआइटी गठित कर दी। इसने जो पहली रिपोर्ट दी, उसमें चिंता की बात यही थी कि चोरी हुई है। चढ़ावे को गिनने के स्थान पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे से पता चल रहा था कि मंदिर में चोरी हुई। जिन आरोपियों को संदेह के घेरे में लिया गया, उनकी और परिवारजनों की संपत्ति में बढ़ोतरी देखी गई। यह बेहद निराशाजनक है कि निगरानी तंत्र में गंभीर

खामियां पाई गईं। हर स्तर पर कोताही दिखी। जब इस पर भारी वाद-विवाद होने लगा, तो राजनीतिक खांचों में बंटे लोग आमने-सामने आ गए। इस मुद्दे पर अजीब तस्वीर सामने आने लगी। मंदिर संचालकों में भी कई लोग बंटे नजर आए। जब न्यास की बैठक हुई तो कोषाध्यक्ष ही मुखर दिखाई दिए। वैसे तो कोषाध्यक्ष का दायित्व बड़ा होता है, लेकिन यहां पता चला कि वे तो रुपए और चढ़ावा गिनने के बाद जो रिपोर्ट आती थी, उसी का ही हिसाब-किताब रखते थे। गौरतलब है कि कुछ लोगों को जिम्मेदार ठहराए जाने के बाद जिस तरह की राजनीति होने लगी, उससे लोगों की आस्था डगमगा गई। इस प्रकरण के बाद बद्रीनाथ मंदिर में भी अनियमितता की खबरें आने लगीं। इस मामले में जांच हुई, तो समिति के अध्यक्ष के निजी सहायक को निलंबित कर दिया गया और बाद में उसकी गिरफ्तारी भी हुई। यह मामला तब सुर्खियों में आया, जब सोशल मीडिया पर मंदिर में चढ़ावे की गिनती के दौरान कथित गड़बड़ी के वीडियो और आरोप सामने आए। एक संगठन ने शिकायत दर्ज कर निष्पक्ष जांच और प्राथमिकी की मांग की थी। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए उत्तराखंड सरकार ने पिछले सप्ताह तीन सदस्यीय उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई। राम मंदिर के बाद बद्रीनाथ धाम और फिर दूसरे मंदिरों में वित्तीय अनियमितताओं की जिस तरह की खबरें आ रही हैं, इससे लगता है कि धर्म की आड़ में आस्था से विश्वासघात किया जा रहा है। इस तरह धर्म के नाम पर आडंबर और राजनीति में देश उलझ गया है। राजनीतिक और सामाजिक बहसों में यह तर्क भी दिया जाता है कि जिन्होंने मंदिर बनाने में कोई त्याग नहीं किया, उनको इस मामले में नहीं बोलना चाहिए। फिर एक और मत भी जनता के सामने रखा जाता है कि जिस व्यक्ति ने अपनी पूरी आयु लगा कर मंदिर को संभव बनाया वह ऐसा नहीं हो सकता। अगर उनके सहयोगी दान और चढ़ावे में घपला करते पकड़े जाएं, तो इसमें उनका क्या दोष? जिस व्यक्ति पर ठीकरा फोड़ा गया, वह न्यास के महासचिव का चालक था। विचित्र बात है कि बड़े लोगों पर दोषपूर्ण प्रबंधन और लापरवाही के आरोप लगते हैं, लेकिन पकड़े जाते हैं साधारण लोग। सीसीटीवी फुटेज में साधारण कर्मचारी ही दिखाई देते हैं। आज इस पूरे परिदृश्य को देख कर आम आदमी स्तब्ध है। वह सोच रहा है कि यह कैसा माहौल है, जहां धर्म-कर्म से जुड़े लोग ही अधर्म करते रहे और उनकी आस्था को ठेस पहुंचाते रहे। काजल की कोठरी से प्रमुख चेहरों को बेदाग निकालने की कोशिश भी लोगों को बेचैन करती रही। होना तो यह चाहिए कि जो दोषी हैं उनको कठघरे में लाया जाए। केवल छोटी मछलियां पकड़ कर ही नहीं बैठ जाना चाहिए, हो सकता है कि बड़े मगरमच्छ अब भी कहीं छिपे हुए हों। उन्हें पकड़ना आवश्यक है, क्योंकि अगर उनको पकड़ा नहीं गया, तो आरोपों और कुप्रबंधन का यह सिलसिला चलता रहेगा। भविष्य में भी चढ़ावे सुरक्षित नहीं रहेंगे। असल में आज धार्मिक स्थलों की व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाने की जरूरत है। इन स्थानों पर पर जो करोड़ों का चढ़ावा चढ़ता है, उसे तहखानों में बंद करके रखने के बजाय उसके वित्तीय प्रबंधन की पुख्ता व्यवस्था हो। धार्मिक स्थल तो आत्मशुद्धि और आत्म परिष्कार का स्थान है। वहां लोगों ने अपने गाढ़े पसीने की जो कमाई चढ़ावे में दी है, उसका इस्तेमाल वंचित वर्ग की बेहतरी के लिए होना चाहिए। इससे शिक्षा संस्थान खोले जाएं। दान राशि से अस्पताल और वृद्धाश्रम भी खोले जा सकते हैं। ये सुझाव किसी को क्रांतिकारी लगते हैं, तो इसे दरकिनार कर सवालों का सामना तो किया जाए।

सरकारी योजनाओं की प्रगति का डीएम ने लिया जायजा

कार्य में देरी पर अधिकारियों को लगाई फटकार, निर्माण एजेंसियों को कार्य शीघ्र पूरा करने का दिया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी (कटिहार)। बुधवार को जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने मनिहारी गंगाघाट पहुंचकर यहां संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं के कार्यों की प्रगति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नमामि गंगे परियोजना के तहत निमार्णाधीन रिवर फ्रंट का जायजा लिया तथा गंगा के बढ़ते जलस्तर और तेज बहाव के बीच बाढ़ नियंत्रण विभाग द्वारा रिवर फ्रंट की सुरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की।अधिकारियों ने बताया कि बाढ़ के बाद सुरक्षा के लिए अतिरिक्त कदम भी उठाए जाएंगे। इसके बाद डीएम ने कुटीघाट स्थित निमार्णाधीन विद्युत शवदाह गृह का निरीक्षण किया। कार्य पूरा होने में हो रही अनावश्यक देरी पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए बुडको के सहायक अभियंता विकास कुमार एवं परियोजना उपनिदेशक रत्नेश कुमार को कड़ी फटकार लगाई और निर्माण कार्य शीघ्र पूरा कराने का निर्देश दिया।निरीक्षण के दौरान श्रावणी मेले की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कहा कि श्रावणी मेले में गंगा स्नान एवं जलभराव के लिए मनिहारी गंगाघाट आने वाले श्रद्धालुओं को हरसंभव सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह को सुरक्षित स्नान,सुगम आवागमन तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। डीएम ने श्रावणी मेले के दौरान गंगाघाट पर 24 घंटे गोताखोरों की तैनाती के निर्देश भी दिए। साथ ही अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन फिरोज अख्तर को मनिहारी में स्थायी रूप से एसडीआरएफ की एक टीम की प्रतिनियुक्ति के लिए आवश्यक पहल करने को कहा। जिला पदाधिकारी ने धुरीयाही पंचायत के कटावग्रस्त क्षेत्रों का भी दौडाकर मौके परजानकारी ली। निरीक्षण के दौरान स्थानीय प्रशासन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

बाल विवाह और नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में बुधवार को हरिशंकर नायक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के सभागार में बाल विवाह और नशा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सीनियर न्यायाधीश सह सचिव कमलेश कुमार देवू ने छात्र-छात्राओं से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि लड़के के लिए 21 वर्ष और लड़की के लिए 18 वर्ष से कम उम्र में विवाह करना कानूनी रूप से वैध नहीं है।

उन्होंने नेशनल लीगल सर्विसेज अथॉरिटी द्वारा चलाए जा रहे नशाबंदी अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी दी।वही एलएडीसी के मुख्य न्याय रक्षक विजय कुमार श्रीवास्तव ने छात्र-छात्राओं को बाल विवाह और नशा मुक्ति से जुड़े कड़े कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। मौके पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राहुल चंद्र चौधरी ने कहा कि हम 18वीं शताब्दी से बाल विवाह के खिलाफ लड़ रहे हैं, लेकिन समाज में आज भी ऐसी घटनाएं होना चिंता का विषय है। बिहार में शराबबंदी के बावजूद युवा वर्ग सूखे नशे की चपेट में आ रहा है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे समाज में राजदूत बनकर इन कुरीतियों के खिलाफ अलख जगाएं। हरिशंकर नायक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका भारती कुमारी व सृष्टि कुमारी और मध्य विद्यालय मिरचाईबाड़ी की शिक्षिका तृप्ति कुमारी व प्रियंका ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पहले अपना कैरियर बनाएं और उसके बाद ही विवाह के बारे में सोचें। उन्होंने अपील की कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो तुरंत टॉल फ्री नंबर पर इसकी जानकारी दें।कार्यक्रम के अंत में तटवासी समाज न्यास संस्था के प्रतिनिधियों ने भी बाल विवाह और नशा के खिलाफ संस्था द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर अपने विचार रखे। इस संवाद कार्यक्रम ने छात्र-छात्राओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

संक्षिप्त समाचार

सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन को लेकर समीक्षा बैठक

कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नगर निगम कटिहार की ओर से सहयोग शिविर में प्राप्त आवेदनों के निष्पादन की समीक्षा के लिए बुधवार को नगर निगम सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर आयुक्त संतोष कुमार ने की।समीक्षा बैठक में सहयोग शिविर के दौरान प्राप्त विभिन्न आवेदनों की स्थिति, उनके निष्पादन की प्रगति तथा लंबित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों से आवेदनों के निष्पादन की अद्यतन जानकारी प्राप्त की तथा सभी मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नगर आयुक्त संतोष कुमार ने कहा कि सहयोग शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। इसलिए प्राप्त सभी आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन किया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। बैठक में सहयोग शिविर हेतु प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मी निर्धारित समय पर उपस्थित रहे। नगर आयुक्त श्री कुमार ने सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को जनहित से जुड़े कार्यों में संवेदनशीलता एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए तथा संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। इस दौरान सहायक अभियंता विवेक कुमार, स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

निःशुल्क कोलपोस्कोपी जांच शिविर का आयोजन

कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। नवजीवन हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी सेंटर में निःशुल्क कोलपोस्कोपी जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर अनामिका सिन्हा ने बताया कि कोलपोस्कोपी एक अत्याधुनिक जांच प्रक्रिया है। जिसके माध्यम से बच्चेदानी के मुंह सर्विक्स में होने वाले कैंसर, घाव, छाले, सूजन, गांठ तथा अन्य संबंधित समस्याओं का पता लगाया जाता है। यह जांच महिलाओं के स्वास्थ्य की समय रहते सही पहचान और उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आयोजित इस निःशुल्क शिविर में कुल 20 महिलाओं की जांच की गई। जांच के दौरान 10 महिलाओं में संक्रमण इन्फेक्शन पाया गया। जबकि 2 महिलाओं में अत्यधिक संक्रमण होने के कारण आगे के उपचार एवं ऑपरेशन की सलाह दी गई। उन्होंने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में होने वाली गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान करना और उन्हें उचित उपचार के लिए जागरूक करना था। सभी मरीजों को उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आवश्यक परामर्श दिया गया तथा संक्रमण से पीड़ित महिलाओं को निःशुल्क दवाइयाँ भी उपलब्ध कराई गई। डाक्टर ने कहा कि हम आप सभी से अनुरोध करते हैं कि अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। नियमित जांच कराते रहें और किसी भी समस्या को नजरअंदाज न करें। समय पर जांच और सही उपचार से गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। इस दौरान डॉ. आभा कुमारी सहित अन्य मौजूद रहे।

एसडीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक

मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। आगामी श्रावणी मेला के सफल शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित आयोजन को लेकर बुधवार को मनिहारी प्रखंड सभागार में अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकीनाथ सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मेला की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था, श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा गत वर्ष की व्यवस्थाओं की समीक्षा कर इस बार और बेहतर इंतजाम करने पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव, प्रखंड प्रमुख अनीता देवी, जिला परिषद सदस्य सुमति देवी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद कुमार, प्रभारी कार्यपालक पदाधिकारी अरविंद कुमार, राजस्व पदाधिकार, बोल बम सेवा समिति, ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, बैरिकेडिंग, वस्त्र परिवर्तन गृह, स्वास्थ्य शिविर तथा पार्किंग जैसी मूलभूत सुविधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही साथ नारायणपुर मार्ग की जर्जर सड़क को अविलंब दुरुस्त कराने का प्रस्ताव संबंधित विभाग को भेजने का निर्णय लिया गया, ताकि कांवरियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। एसडीएम त्रिलोकीनाथ सिंह ने कहा, "हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रावणी मेला को लेकर व्यापक तैयारी की जा रही है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। सभी संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं तथा बेहतर समन्वय के साथ सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी।एसडीपीओ विनोद कुमार ने कहा, "श्रावणी मेला पूरी तरह शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जाएगा। बैठक में थाना अध्यक्ष संतोष कुमार झा, मनिहारी राजकीय रेल थाना प्रभारी, अग्निशमन विभाग के अधिकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएचएम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

एक वारंटी सहित पांच गिरफ्तार

मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। मनिहारी पुलिस ने नशे के सौदागरों सहित नशेडियों के विरूद्ध सघन कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा ने जानकारी दी कि थाना क्षेत्र के कालीगंज चौक से शराब के नशे मे हो हल्ला करने के आरोप मे चार लोगों की गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत मे लेकर पूछपाछ की गयी। ब्रेथ एनालाईजर के माध्यम से जांच करने पर शराब पीने की पुष्टी होने पर विधिवत रुप से गिरफ्तार क्कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध मे मनिहारी थाना कांड संख्या 309/26दिनांक 21.07.2026 दर्ज कर मद्य निषेध की सुसंगत धाराओं मे न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है।पकडे गये व्यक्ति की पहचान सुरेश सिंह (58), पिता स्वग बैजनाथ सिंह, साकिन मेदिनीपुर, शेख गुलफराज (18) पिता शेख शकूर साकिन बगुलागढ केलाबाडी,दिलीप मरांडी (22) पिता मरांग मरांडी, साकिन ओलीपुर, बाबू लाल मरांडी(22) पिता रेघा मरांडी, साकिन शिमर तल्ला सभी थाना मनिहारी जिला कटिहार के रुप मे हुई है।

रंगदारी एवं अपहरण कांड के चार आरोपी गिरफ्तार : एसपी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। कटिहार पुलिस ने नगर थाना कांड संख्या 822/26 के नामजद चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी परिचय कुमार ने बताया कि वादी द्वारा नगर थाने को दी गयी लिखित आवेदन में शिकायत की गयी है कि पुर्व मे नगद राशि लेने के बावजूद 20.07.26 को पुनः तीन लाख की राशि मांग करते हुए जान से मारने की धमकी दी गयी। भाग्यवश वादी द्वारा अतिरिक्त राशि का भुगतान की गयी है। आवेदक के अनुसार उसी रात 11 बजे नामजद अभियुक्त अमित कुमार मिश्रा ऊर्फ बाबा डान, ढल्लू गुप्ता व अन्य ने वादी के घर मे जबरन घुसकर उनके भभाई सिराज अंसारी एवं सोहेल अंसारी का अपहरण कर लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश आलोक मे सदर डीएसपी वन विशाल आनंद के नेतृत्व में गठित एसआईटी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इस मामले के प्राथमिकी चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है।पकडे गये आरोपी की पहचान अमित कुमार मिश्रा ऊर्फ बाबा डान(23), पिता छावर मिश्रा, राजीव यादव (23), पिता चन्द्रशेखर यादव, पवन महतो (25), पिता कारू महतो और राहुल कुमार (24) पिता रामचन्द्र सिंह सभी नगर थाना क्षेत्र नयाटोला तीनगछिया कटिहार के रूप मे पहचान हुई है।इस दौरान नगर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार सिंह मौजूद रहे।

निमार्णाधीन अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार। राज्य सरकार की ओर से सिमुलतला एवं नवोदय विद्यालय की तर्ज पर सभी जिला में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के स्थापना का प्रावधान किया गया है। जिला में कटिहार सदर प्रखंड के सिरनिया मौजा सिरनिया में वक्फ स्टेट संख्या 1505 जाफरगंज की 4.32 एकड़ भूमि पर अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय के भवन निर्माण का शिलान्यास किया गया है।

57.17 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस विद्यालय में 560 अल्पसंख्यक बालक एवं बालिकाओं के लिए संयुक्त रूप से आवासन, भोजन, पढाई, दवाई आदि मुफ्त प्रदान की जाएगी। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने निमार्णाधीन इस अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को तय समय में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा कर लेने का सख्त निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने आवासीय विद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया।

सुरक्षा प्रहरी की मांगों को लेकर श्रम अधीक्षक के साथ त्रिपक्षीय वार्ता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार । स्थानीय संयुक्त श्रम भवन श्रम संसाधन विभाग के कार्यालय में श्रम अधीक्षक पीटर मिंज की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता का आयोजन किया गया । बैठक में सामानता सिक्योरिटी इंटेलिजेंस प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि नवीन कुमार सिंह, कटिहार जिला सुरक्षा प्रहरी संघ के मुख्य संरक्षक मजदूर नेता विकास सिंह, प्रहलाद कुमार, अनिल कुमार, प्रीतम कुमार, यास्मीन बानो सहित लगभग 50 कर्मियों के उपस्थिति में त्रिपक्षीय वार्ता में सुरक्षा प्रहरियों के विभिन्न समस्याओं को लेकर गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई। मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि लगभग 200 सुरक्षा कर्मियों का 3 महीने से वेतन नहीं मिला है। चौथा महीना होने वाला है। भविष्य निधि का अंशदान ससमय संबंधित कार्यालय में जमा नहीं होता है, कर्मचारी राज्य बीमा निगम का लाभ नहीं मिल रहा है, 2020 से वर्तमान तक कभी भी सुरक्षा प्रहरियों को बोनस का लाभ नहीं मिला है, मात्र ₹8000 हजार रुपया वेतन मिल रहा है। जबकि वर्तमान में कुशल श्रमिकों को 16500 वेतन मिलना चाहिए। कार्य अवधि में दुर्घटना बीमा का भी लाभ नहीं मिल रहा है। आधा दर्जन सुरक्षा प्रहरी ऐसे हैं जिसको 1 साल से 6 महीना से 3 महीना से वेतन नहीं मिला है। 4 से 5 सुरक्षा प्रहरियों को बिना वजह कार्य से बैठा दिया गया है। सभी सुरक्षा प्रहरी एजेंसी के सुपरवाइजर नवीन सिंह से प्रताड़ित हो रहे हैं। कार्य से बैठाकर बेवजह अवैध राशि वसूलना उसकी नीति हो गई है। एजेंसी से परेशान और लाचार होकर श्रम विभाग का सहारा लिया गया एवं कटिहार मजदूर संघ के अध्यक्ष विकास सिंह से मदद करने का गुहार लगाया । आज के त्रिपक्षीय वार्ता में श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने दूरभाष पर एजेंसी के निदेशक तारकेश्वर नाथ सिंह से बात कर विभिन्न समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक चर्चा हुई। निदेशक ने श्रम अधीक्षक से 15 दोनों का समय मांगा और कहा आगामी बैठक में सभी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा।

साइबर ठगी एवं सुरक्षा को लेकर स्कूली छात्र-छात्राओं को किया जागरुक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कटिहार । मुख्य सचिव बिहार सरकार के निदेशानुसार साइबर मंगलवार कार्यक्रम का आयोजन जिले के चिह्नित शिक्षण संस्थान हरिशंकर नायक उच्च माध्यमिक विद्यालय, कटिहार,उच्च माध्यमिक विद्यालय, बीएमपी-7, गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, राजकीयकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, उमा देवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कटिहार तथा बीपीएसपी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनिहारी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित रहकर जिलास्तरीय पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों ने साइबर फ्राड के विभिन्न प्रकार एवं उससे सुरक्षित रहने के उपायों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों एवं नवयुवको को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान विद्यार्थियों के साथ प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्र का भी आयोजन हुआ।वहीं राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नं.1930 एवं राष्ट्रीय साइबर रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार हरिशंकर नायक उच्च माध्यमिक विद्यालय कटिहार में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचकर बच्चों को साइबर फ्रॉड के प्रति सावधान किया। कार्यक्रम के दौरान पदाधिकारी द्वय ने साइबर अपराधों से बचाव,सुरक्षित डिजिटल व्यवहार, आनलाईन वित्तीय सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर फ्रॉड की रोकथाम एवं साइबर हेल्पलाइन विषयों की तकनीकी जानकारी देकर जागरुक किया। इस दौरान एनआईसी के अभियंता व पदाधिकारियों ने भी छात्र, छात्राओं एवं युवाओं के साथ साइबर सुरक्षा से संबंधित बारीकियों को साझा किया।

गंगा कटाव का डीएम ने लिया जायजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मनिहारी (कटिहार)। गंगा कटाव से प्रभावित धुरियाही पंचायत का बुधवार को जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने निरीक्षण किया। उन्होंने कटाव प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने तथा आवश्यक सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीणों, विशेषकर महिलाओं ने डीएम को क्षेत्र में लगातार हो रहे कटाव, घर उजड़ने और विस्थापन की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने समय पर प्रभावी कटाव निरोधक कार्य कराने और प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की मांग रखी। डीएम ने अधिकारियों को ग्रामीणों की समस्याओं का गंभीरता से समाधान करने तथा स्थिति पर लगातार निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन फिरोज अख्तर, अनुमंडल पदाधिकारी त्रिलोकी नाथ सिंह, धुरियाही पंचायत के मुखिया सहित संबंधित विभागों के कई अधिकारी मौजूद रहे।

दहेज के लिए ले ली नवविवाहिता की जान, पति व सास गिरफ्तार

शादी के महज चार माह बाद ससुराल में हुई मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

कदवा (कटिहार)। कदवा थाना क्षेत्र के कुम्हड़ी से दहेज के लालचियों द्वारा एक नवविवाहिता के साथ मारपीट कर पंखे से लटकाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना को लेकर कदवा थाना क्षेत्र के गेठौरा पंचायत के चांदपुर ग्राम निवासी राम विलास ठाकुर ने कदवा थाना में आवेदन देते हुए कहा है कि 21 जुलाई 2026 की रात्रि करीब 7 बजे मैं अपनी बेटी नीतू कुमारी को फोन किया तो मेरी बेटी फोन पर बोली मेरा पति सन्नी कुमार और मेरे ससुराल वाले मुझे जान से मार देगा। तभी फोन पर मारपीट का आवाज आ रहा था तब अचानक आवाज मेरी बेटी का आवाज आना बंद हो गया तो मैं घबरा गया तब मेरी पत्नी ने कहा कि चलिए कुम्हड़ी बेटी को देखकर आते हैं। ससुराल वाले उसको मार पिट कर रहा है। तभी रात्रि के लगभग 8 बजे मैं और मेरी पत्नी मुन्नी देवी बेटी के ससुराल पहुंचे तो देखा कि मेरी बेटी एक कमरे में फंखे से लटक रही है। और घर मे सिर्फ 65 वर्षीय महेन्द्र ठाकुर मौजूद है उससे पूछने के बाद वे कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। साथ ही मृतिका के पिता ने यह भी कहा है कि 25 वर्षीय सुमित कुमार ठाकुर, 45 वर्षीय दुर्गेश ठाकुर, 45 वर्षीय पूनम देवी सभी घर से फरार हो गया था, मेरा दामाद और उक्त ससुराल वालों ने मेरी बेटी को फांसी से लटकाकर हत्या कर दिया है। साथ ही दिए आवेदन में मृतक नवविवाहिता के पिता ने कहा है कि मेरी पुत्री का विवाह 14 मार्च 2026 को कुम्हड़ी निवासी सन्नी कुमार ठाकुर से कराया था विवाह के दौरान गिफ्ट के रूप में लगभग 1 लाख 50 हजार का सोने का चैन, अंगूठी और 2 लाख रुपिया नगद तथा दामाद को बाइक के लिए 1 लाख 25 हजार रुपिया दिया था इसके बाबजूद पिछले तीन माह से दहेज में 3 लाख मांग कर ससुराल वाले मेरी पुत्री को मार पीट रहा मेरी पुत्री दहेज प्रतारणा और घरेलू हिंसा का शिकार हो गई। और दिए आवेदन में मृतिका के पिता ने कहा है कि 13 अप्रैल 2026 को भी उसके साथ दहेज को लेकर मार पीट किया था जिसको लेकर हमलोग दामाद को समझा बुझाकर 50 हजार रुपिया आर्थिक मदद भी दिया था ताकि मेरी बेटी मार पीट से बची रहे बाबजूद इसके दहेज के लोभियों ने मेरी पुत्री की हत्या कर दी और कहा है कि मेरी दूसरी पुत्री जुली कुमारी का विवाह उसी घर में सुमित कुमार ठाकुर से हुआ है। वे लोग उसके साथ भी मार पीट करता है। वहीं घटना की सूचना पर कदवा पुलिस द्वारा मामले की छानबीन करते हुए नवविवाहिता के पति सन्नी कुमार ठाकुर और उनकी सास पूनम देवी को गिरफ्तार करते हुए कागजी प्रक्रिया के बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया। इधर घटना को लेकर मृतिका के परिजनों का रोरोकर बुरा हाल हो रहा है। मामले को लेकर कदवा थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर कुंदन कुमार ने जानकारी देते हुए कहा की घटना को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है प्राप्त आवेदन में प्राथमिकी दर्ज करते हुए दो नाम जद अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई है शेष की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निदेर्शानुसार सभी मतदान केंद्रों पर चुनाव पाठशाला का आयोजन

विशेष गहन पुनरीक्षण के विभिन्न बिंदुओं पर हुई विस्तृत चर्चा, मतदाता सूची को त्रुटिरहित एवं पारदर्शी बनाने पर दिया गया जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

खूँटी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड श्री के. रवि कुमार के निदेर्शानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्रप्र)-2026 अभियान के अंतर्गत आज जिले के सभी मतदान केंद्रों पर इछड एवं इछअ-2 की तीसरी संयुक्त बैठक तथा चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। पूर्वाह्न 11:00 बजे से 12:00 बजे तक आयोजित बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के इछअ-2, बूथ लेवल अधिकारियों एवं संबंधित मतदाताओं ने भाग लिया। बैठक के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के विभिन्न चरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश साझा किए गए।

बैठक के दौरान सूची को अंतिम रूप देने, प्राप्त प्रगणना प्रपत्रों का संग्रहण एवं सत्यापन, एक परिवार के सभी सदस्यों का नाम एक ही मतदान केंद्र पर सुनिश्चित करने तथा विदेशी नागरिकों से संबंधित प्राप्त सूचना एवं दस्तावेजों पर विचार-विमर्श कर उन्हें एफ्ड/अएफ्ड को उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में चिन्हित मतदाताओं से संबंधित सूचनाओं का सत्यापन किया गया तथा बीएलए-2 से प्राप्त सुझावों पर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से सभी संबंधित पक्षों के बीच समन्वय स्थापित करने पर बल दिया गया। चुनाव पाठशाला के माध्यम से विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया, प्रगणना प्रपत्रों को समयबद्ध ढंग से भरने एवं जमा कराने तथा डिजिटाइजेशन कार्य को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही मतदाताओं से अपील की गई कि वे अपने प्रगणना प्रपत्रों में सभी विवरण सही एवं स्पष्ट रूप से अंकित करें, ताकि मतदाता सूची त्रुटिरहित तैयार की जा सके। जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पूरी तरह सहभागी एवं पारदर्शी प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा कोई अपात्र व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलए-2, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अभियान को सफल बनाने में सक्रिय सहयोग देने की अपील की।

उपायुक्त ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण, 29 जुलाई तक गणना प्रपत्र जमा करने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने बुधवार को विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 अभियान के तहत विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण कर बीएलओ-बीएलए 2 की तृतीय बैठक एवं चुनाव पाठशाला का जायजा लिया। उन्होंने मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य, प्रारूप मतदाता सूची तथा एएसडीडीएफ सूची के सत्यापन की समीक्षा करते हुए सभी प्रविष्टियों का सूक्ष्म एवं त्रुटिरहित सत्यापन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल हो तथा अपात्र व्यक्तियों के नाम हटाए जाएं। उन्होंने 1 अक्टूबर 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले पात्र युवाओं का नाम प्राथमिकता के आधार पर जोड़ने और एक ही परिवार के पात्र मतदाताओं को यथासंभव एक ही मतदान केंद्र से जोड़ने के निर्देश दिए उन्होंने बीएलओ और बीएलए 2 को घर-घर संपर्क अभियान तेज कर शत-प्रतिशत गणना प्रपत्र प्राप्त करने तथा मतदाता जागरूकता बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही आम नागरिकों से 29 जुलाई तक अपना गणना प्रपत्र जमा कर रक्रप्र 2026 अभियान में भागीदारी निभाने की अपील की। उपायुक्त ने कहा कि शुद्ध, पारदर्शी और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार करना निर्वाचन आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

संक्षिप्त समाचार

पुलिस अधीक्षक के द्वारा लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार में औचक छापेमारी

हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)। पुलिस अधीक्षक हजारीबाग के नेतृत्व में दंडाधिकारी सहित जिले के पुलिस पदाधिकारी की उपस्थिति में आज लोकनायक, जयप्रकाश नारायण, केंद्रीय कारागार, हजारीबाग में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और किसी भी गैर-कानूनी गतिविधि (जैसे- नशीले पदार्थों या प्रतिबंधित वस्तुओं का प्रवेश) को रोकने, संगठित अपराध में अंकुश लगाने के उद्देश्य से औचक छापामारी किया गया। जेल को अपराध का अड्डा बनने से रोकना और एक सुरक्षित वातावरण कायम रखने एवं वहां मौजूद सुधरने की चाह रखने वाले कैदी सुरक्षित रह सकें, इस संबंध में कारागार में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी के साथ आवश्यक विचार विमर्श किया गया। औचक निरीक्षण के दौरान यह ध्यान रखा गया कि तलाशी की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और मानवाधिकारों के अनुकूल हो। कैदियों के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार, उनके मानसिक स्वास्थ्य की सुरक्षा और उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने संबंधित बातों पर भी कारागार में उपस्थित पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंच श्रावणी मेला की तैयारियों का लिया जायजा

खूँटी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)। उपायुक्त मो० जावेद हुसैन एवं पुलिस अधीक्षक श्री ऋषभ गर्ग ने आज बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचकर आगामी 30 जुलाई से प्रारंभ होने वाले श्रावणी मेला की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर का भ्रमण कर विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्यों से तैयारियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, ट्रैफिक एवं यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण, चिकित्सा सहायता तथा अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समयबद्ध तरीके से सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं को सुरक्षित, सुगम एवं व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं को पूर्व निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने तथा प्रत्येक व्यवस्था की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक श्री ऋषभ गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था एवं भीड़ प्रबंधन की समीक्षा करते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मेला अवधि के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति, सुचारु यातायात व्यवस्था एवं प्रभावी सुरक्षा प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी खूँटी श्रीमती दीपेश कुमारी, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर युवा संवाद

हजारीबाग (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मालवीय मार्ग, हजारीबाग में मंगलवार को "युवा संवाद" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कक्षा नवम एवं दशम के भैया-बहनों को "राष्ट्र के विकास में युवाओं की भूमिका एवं महत्व" विषय पर प्रेरक एवं मार्गदर्शक विचारों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉक्टर नवीन चंद्रा, यूसेट विभाग के सहायक प्राध्यापक सुबीर कुमार एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर अजय कुमार पाठक ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन,भारत माता पूजन एवं मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। मंचासीन अतिथियों का परिचय विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य मनोज कुमार पांडे ने कराया। संवाद के मुख्य वक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सहायक प्राध्यापक, प्रोफेसर डॉ. नवीन चंद्रा एवं यूसेट विभाग के सहायक प्राध्यापक सुबीर कुमार ने भैया- बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके युवाओं के चरित्र, संस्कार और कर्तव्यनिष्ठा पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, स्वतंत्रता, अनुशासन, सम्मान तथा पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक आदर्श नागरिक के मूल कर्तव्य हैं। यदि युवा इन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करें तो भारत को विकसित एवं सशक्त राष्ट्र बनाने का लक्ष्य सहज ही प्राप्त किया जा सकता है। वक्ताओं ने भैया - बहनों से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, स्वाधारित एवं आत्मनिर्भर जीवन अपनाने तथा भारतीय संस्कृति एवं संस्कारों के संरक्षण का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आत्मगौरव, संस्कार, आत्मनिर्भरता और प्रकृति के प्रति प्रेम ही राष्ट्र निर्माण की सुदृढ़ आधारशिला हैं।

जल जीवन मिशन की धीमी प्रगति पर डीसी सख्त

आंगनबाड़ी और स्कूलों में शौचालय-पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने बुधवार को समाहरणालय में जल जीवन मिशन, जल जीवन मिशन 2.0 एवं स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक की। योजनाओं की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने अधिकारियों को तय समय सीमा में सभी लंबित कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों में शौचालय एवं स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

जहां भी इन सुविधाओं की कमी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने हर घर जल सर्टिफिकेशन, हैंडओवर, सामुदायिक शौचालय निर्माण, क्लस्टर शौचालय और सिंगल विलेज स्कीम की प्रगति तेज करने का निर्देश दिया डीसी ने प्रखंड विकास पदाधिकारियों को मुखिया और संबंधित अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा कर बाधाओं का समाधान करने को कहा। उन्होंने जल जीवन मिशन 2.0 के तहत स्वीकृत सभी योजनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर जोर दिया बैठक में उपायुक्त ने स्पष्ट चेतावनी दी कि योजनाओं में लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी और कार्य में सुधार नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

कृष्ण मुरारी शर्मा बने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के विधायक प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड सरकार के मंत्री सह गिरिडीह विधायक सुदिव्य कुमार सोनू ने झामुमो के जिला प्रवक्ता कृष्ण मुरारी शर्मा को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। नियुक्ति के बाद कृष्ण मुरारी शर्मा ने मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन पर जताए गए विश्वास और भरोसे पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी के साथ करेंगे।उन्होंने बताया कि नियुक्ति संबंधी पत्र उपायुक्त, पुलिस

अधीक्षक एवं उप विकास आयुक्त, गिरिडीह को भी प्रेषित कर दिया गया है।कृष्ण मुरारी शर्मा ने इस नियुक्ति के लिए झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय सिंह का भी धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

बिरनी प्रखंड में नशा मुक्ति जन-जागरूकता कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। झारखंड राज्य युवा आयोग के सहयोग एवं प्रभा भारती के तत्वावधान में बुधवार को बिरनी प्रखंड परिसर में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) फणीश्वर रजवार ने की कार्यक्रम में बीडीओ फणीश्वर रजवार ने उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाते हुए समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर ही स्वस्थ एवं सशक्त समाज का निर्माण किया जा सकता है। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति और उसके दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से

प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने लोगों को नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान चलाकर उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई तथा जन-जागरूकता रैली निकालकर समाज में नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया कार्यक्रम में प्रखंड कृषि पदाधिकारी सुरेंद्र महतो, नाजिर मोहाजिद, प्रखंड सहायक पीताम्बर राय, बिरनी प्रखंड के गणमान्य नागरिक एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रभा भारती की ओर से कौशिक मौजूद थे वहीं, अमातुरे आर्टिस्ट एसोसिएशन ऑफ गिरिडीह की टीम के मदन मंजरवे के नेतृत्व में रोशन, उत्तम चक्रवर्ती, शंकर, प्रार्थना, मुस्कान सहित अन्य कलाकारों ने अपनी प्रभावशाली प्रस्तुति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

छात्रा आराध्या सिंह ने 564 अंक हासिल कर बढ़ाया गिरिडीह का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा की छात्रा आराध्या सिंह ने नीट -2026 में 720 में 564 अंक प्राप्त कर विद्यालय और जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में आयोजित वंदना सभा के दौरान उन्हें सम्मानित किया गया विद्यालय के प्रधानाचार्य आनंद कमल ने आराध्या को सम्मानित करते हुए कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने विद्यार्थियों से आराध्या की लगन, अनुशासन और मेहनत से प्रेरणा लेने की अपील की आचार्य अजित मिश्र ने इसे गिरिडीह के लिए गौरवपूर्ण

उपलब्धि बताते हुए कहा कि आराध्या की सफलता विद्यालय के शिक्षकों के समर्पण और मार्गदर्शन का भी सम्मान है। उन्होंने विश्वास जताया कि आराध्या भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर जिले और देश का नाम रोशन करेंगी आराध्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, प्रधानाचार्य, सभी आचार्य-दीदी तथा विद्यालय के मार्गदर्शन को दिया। उल्लेखनीय है कि उन्होंने वर्ष 2022 की दसवीं बोर्ड परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था।विद्यालय परिवार ने आराध्या सिंह के उज्ज्वल भविष्य और एक सफल चिकित्सक बनने की शुभकामनाएं दीं।

प्रीति भास्कर बनीं महिला एवं बाल विकास (ग्रामीण) की विधायक प्रतिनिधि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह । समाजसेवी प्रीति भास्कर को महिला एवं बाल विकास (ग्रामीण) के लिए विधायक प्रतिनिधि मनोनीत किया गया है उनके मनोनयन पर सामाजिक, राजनीतिक एवं विभिन्न संगठनों के लोगों ने बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास जताया कि वे महिला सशक्तिकरण, बाल कल्याण तथा ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाएंगी प्रीति भास्कर ने इस जिम्मेदारी के लिए विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वहन करेंगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने तथा महिलाओं, बच्चों और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए निरंतर कार्य करेंगी। उन्होंने सभी शुभचिंतकों का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह दायित्व जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत करेगा।

विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों का अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

हजारीबाग ब्यूरो। विशेष गहन पुनरीक्षण (रक्रप्र)-2026 के तहत संचालित कार्यों की प्रगति का जायजा लेने के उद्देश्य से आज अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार ने नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मत्स्य विभाग परिसर, इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय, केबी हाई स्कूल,कोर्रा एवं दीपगढ़ा स्थित मतदान केंद्रों का भ्रमण कर एसआईआर-2026 के अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बूथ लेवल ऑफिसर एवं सुपरवाइजरों द्वारा प्रपत्रों के वितरण, प्रपत्रों की प्राप्ति, डिजिटाइजेशन की प्रगति तथा एएसडीडी सूची की अद्यतन स्थिति का विस्तृत अवलोकन किया। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी बीएलओ,

सुपरवाइजर एवं संलग्न कर्मियों को निर्देश दिया कि वे बीएलए-2 के साथ बैठक सुनिश्चित करें तथा विशेष गहन पुनरीक्षण के कार्यों को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण करें। उन्होंने सभी बीएलओ को निर्देशित किया कि प्रपत्रों के वितरण एवं प्राप्ति की अद्यतन जानकारी, डिजिटाइजेशन की प्रगति, मृत्यु, डुप्लीकेट एवं स्थानांतरण से संबंधित मामलों का पृथक एवं विस्तृत प्रतिवेदन तैयार करें। साथ ही एएसडीडी सूची का शीघ्र संकलन एवं अद्यतन करने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय, उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती वेदवंती कुमारी, सहायक नगर आयुक्त सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े संबंधित अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

मेगा रक्तदान शिविर में उमड़ा उत्साह, तीन मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गिरिडीह। इनर व्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन एवं श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को मेगा रक्तदान शिविर और निःशुल्क डायलिसिस सेवा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी नीता नारायण, क्लब अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला, डॉ. सज्जन दुकनिया एवं पूनम सहाय ने किया शिविर में क्लब की ओर से तीन जरूरतमंद मरीजों का निःशुल्क डायलिसिस कराया गया, जबकि बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं और

विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने रक्तदान कर मानव सेवा का संदेश दिया रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए पांच या अधिक रक्तदाता लेकर आने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया गया। इस क्रम में प्लैटिनम गैम , ब्लमिंग बड्र्स और कर्मेल स्कूल को ट्रॉफी प्रदान की गई। वहीं, विशेष सहयोग के लिए पंकज राठी को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में रांची की इनर व्हील क्लब स्वर्णरेखा की पदाधिकारी, श्री विश्वनाथ नर्सिंग होम और सदर अस्पताल गिरिडीह की चिकित्सकीय टीम के साथ क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। अंत में क्लब ने सभी चिकित्सकों, रक्तदाताओं, सहयोगी संस्थाओं और अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

फिल्म 'गनमास्टर जी9' में निगेटिव रोल में नजर आएंगे अपारशक्ति खुराना

अभिनेता अपारशक्ति खुराना जल्द ही इमरान हाशमी की आगामी फिल्म 'गनमास्टर जी9' में निगेटिव रोल में नजर आएंगे। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस के लिए फिल्म के सेट से पर्दे के पीछे (बीटीएस) की कुछ दिलचस्प झलकियां साझा की हैं। अपारशक्ति की ओर से जबरदस्त एक्शन सीन की कई तस्वीरें और क्लिप शेयर की गईं। साथ ही उन्होंने एक रफ विलेन के लुक में अपनी तस्वीरें और सेट की एक झलक भी दिखाई। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'विलेन की तरह चिल कर रहा हूं!' 'आशिक बनाया आपने' के डायरेक्टर आदित्य दत्त ही इस फिल्म को भी डायरेक्ट कर रहे हैं। 'आशिक बनाया' फिल्म से ही हिमेश रेशमिया को पहचान मिली थी। आदित्य दत्त 'क्रैक', 'टेबल नंबर 21', और 'कमांडो' फ्रैंचाइजी के लिए जाने जाते हैं। इस फ़िल्म को दीपक मुकुट और हुनर झमुकुट ने सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट बैनर के तहत प्रोड्यूस किया है, और इसमें जेनेलिया डिसूजा, अपारशक्ति खुराना और अभिषेक सिंह भी हैं। इस फिल्म में इमरान हाशमी एक ऐसे एक्शन अवतार में नजर आएंगे जो पहले कभी नहीं देखा गया; इसमें शानदार विजुअल्स और इमोशनल कहानी होगी जो दर्शकों को पसंद आएगी। अपारशक्ति को आखिरी बार सौरभ शुक्ला की ओर से निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'जब खुली किताब' में देखा गया था। यह फिल्म शुक्ला के ही इसी नाम के स्टेज प्ले पर आधारित है। फिल्म में पंकज कपूर और डिंपल कपाड़िया एक बुजुर्ग जोड़े के रोल में हैं, जो शादी के 50 साल बाद तलाक लेने का फैसला करते हैं। इसके बाद वह नवजोत गुलाटी की डायरेक्ट की गई कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'बदतमीज गिल' में नजर आएंगे। इसमें वाणी कपूर, अपारशक्ति खुराना, परेश रावल, शीबा चड्ढा, रिचर्ड भक्ति क्लेन और मोनिका चौधरी हैं। आमिर खान की 'दंगल' से एक्टिंग की शुरुआत करने के बाद, अपारशक्ति (जो एक्टर आयुष्मान खुराना के छोटे भाई हैं) ने 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'स्त्री', 'लुका छुपी' और 'पति पत्नी और वो' जैसे कई अहम प्रोजेक्ट्स में काम किया।

सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

'ऑब्सेशन' ने सोचने पर मजबूर किया
कृति सेनन ने हाल ही में 'ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे' के साथ बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। सनकी लड़की का किरदार निभाना चाहती हूं
कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'।

सेफ नहीं चलना

कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

'रामायण' का हिस्सा बनने का अहसास शब्दों से परे है

रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म 'रामायण' का हिस्सा बनकर रकुल प्रीत सिंह बेहद खुश हैं। बीते दिन शनिवार को इस फिल्म का भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट आयोजित किया गया। इस मौके पर रकुल प्रीत सिंह भी शामिल हुईं। फिल्म में काम करने को लेकर अभिनेत्री बेहद खुश हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर खुशी जताई है। रकुल प्रीत सिंह ने इस प्रोजेक्ट को सिनेमा से भी आगे की एक यात्रा बताया है। रकुल ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने 'रामायण' के भव्य ट्रेलर लॉन्च इवेंट की झलकियां शेयर कीं। साथ ही इस प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के बारे में बात की। इवेंट में रकुल प्रीत येलो कलर की ड्रेस में नजर आईं।

उन्होंने लिखा है, 'एक ऐसी चीज का हिस्सा बनना सम्मान की बात है, जो जिंदगी और सिनेमा से भी कहीं बड़ी है। हमारा इतिहास, हमारी विरासत, हमारी रामायण। हम दुनिया के सामने भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह एहसास सचमुच शब्दों से परे है। आप सभी के हमारे साथ इस दुनिया में कदम रखने का बेसब्री से इंतजार है'। बता दें कि रकुल प्रीत सिंह को नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में शूर्पणखा की भूमिका में देखा जाएगा। फिल्म में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका में होंगे। वहीं, साई पल्लवी माता सीता का रोल कर रही हैं। एक्टर यश रावण की अहम भूमिका में दिखाई देंगे। फिल्म दो हिस्सों में रिलीज होगी।

टिया बाजपेयी की सिंगर-गीतकार के रूप में नई शुरुआत

हॉरर फिल्म 'हॉन्टेड 3डी' से पहचान बनाने वाली अभिनेत्री टिया बाजपेयी इन दिनों अपने नए म्यूजिक सिंगल 'नंबर 1' को लेकर चर्चा में हैं। इस गाने में उन्होंने सिर्फ अभिनय नहीं किया, बल्कि इसके बोल भी खुद लिखे हैं। टिया का कहना है कि यह प्रोजेक्ट उनके लिए बेहद खास है, क्योंकि इसके जरिए वह एक साथ अभिनेत्री, गायिका और गीतकार के रूप में दर्शकों के सामने आई हैं। टिया बाजपेयी ने अनुभव साझा करते हुए कहा, ''मेरे लिए कलाकार होने का मतलब कभी सिर्फ एक ही क्षेत्र तक सीमित रहना नहीं रहा। अभिनय और संगीत, दोनों ही मेरे दिल के बेहद करीब हैं। 'नंबर 1' के जरिए मुझे पहली बार इन दोनों चीजों को एक साथ जोड़ने का मौका मिला। इस गाने के बोल लिखना और फिर उसी पर लीड एक्ट्रेस के तौर पर परफॉर्म करना बेहद संतोष देने वाला अनुभव रहा।''

उन्होंने कहा, ''किसी भी कलाकार के लिए खुद को नए रूप में पेश करना सबसे बड़ी चुनौती होती है। मैं खुश हूं कि अब दर्शक मुझे एक साथ अभिनेत्री, गायिका और गीतकार के रूप में देख रहे हैं। उम्मीद है कि वे मेरे नए रूप को भी उतना ही पसंद करेंगे, जितना अब तक मेरे काम को करते आए हैं।''

टिया ने गाने की शूटिंग से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा भी साझा किया। उन्होंने बताया, ''रेगिस्तान में शूटिंग के दौरान मेरी फरारी रेत में फंस गई थी। प्रोडक्शन टीम मेरी ही फरारी का इस्तेमाल शूटिंग के लिए कर रही थी, इसलिए उसे बाहर निकालना जरूरी था। करीब नौ लोगों ने मिलकर कार को धक्का लगाया, तब जाकर वह रेत से बाहर निकली। शायद पहली बार किसी फरारी का इस्तेमाल प्रोडक्शन कार और मेरी निजी वॉर्डरोब कार के रूप में किया

आपत्तिजनक कंटेंट के सवाल पर निरहुआ बोले

भोजपुरी अभिनेता और नेता दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ ने भोजपुरी सिनेमा को लेकर लंबे समय से हो रही आलोचनाओं पर अपनी बात रखी है। आलोचकों ने भोजपुरी सिनेमा में महिलाओं को वस्तु की तरह दिखाने और अश्लील कंटेंट को बढ़ावा देने जैसे आरोप लगाए हैं। इस पर निरहुआ ने कहा कि कुछ प्रोजेक्ट के आधार पर पूरी फिल्म इंडस्ट्री को आंकना गलत है। निरहुआ ने कहा कि हर क्षेत्रीय और राष्ट्रीय फिल्म इंडस्ट्री अलग-अलग तरह का कंटेंट बनाती है और सिर्फ भोजपुरी सिनेमा को ही अलग करके नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हर इंडस्ट्री में हर तरह की फिल्में और हर तरह का कंटेंट बनता है जैसे बॉलीवुड, साउथ इंडियन सिनेमा, भोजपुरी सिनेमा और मराठी सिनेमा हैं, वैसे ही हर इंडस्ट्री दर्शकों के हर वर्ग की पसंद का ध्यान रखती है।'

भोजपुरी फिल्मों में ज्यादातर आपत्तिजनक कंटेंट होने के सवाल पर निरहुआ ने कहा, 'जब हम सिर्फ एक खास तरह के काम को ही दिखाते हैं तो ऐसा लगने लगता है कि वहां बस वैसा ही काम हो रहा है। यह सच नहीं है। अच्छा और बुरा काम हर जगह होता है।' एक्टर ने इस बात पर भी जोर दिया कि कमियां हर इंडस्ट्री में होती हैं और उन्हें पूरी इंडस्ट्री की पहचान नहीं बनाना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं एक बहुत अच्छी बात कहूंगा, 'लाख बुराइयां सबमें होती हैं। कोई भी इंसान कमियों से परे नहीं होता। ऐसा कोई बाग दिखा दीजिए जहां गुलाब में कांटे न हों। यह हर जगह होता है। बस कुछ चीजें अधिक दिखाई जाती हैं, इसलिए लोगों को लगने लगता है कि वहां बस वही सब है।'
भोजपुरी सिनेमा के सबसे बड़े स्टार्स में से एक निरहुआ ने कई सफल फिल्मों में मुख्य भूमिका निभाई है, जिनमें 'निरहुआ रिक्शावाला', 'निरहुआ हिंदुस्तानी', 'पटना से पाकिस्तान', 'बॉर्डर', 'सिपाही', 'जिगरवाला' और 'निरहुआ चलल लंदन' शामिल हैं। खासकर एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे के साथ उनकी जोड़ी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय रही है। भोजपुरी फिल्मों के अलावा इस एक्टर ने हिंदी एंटरटेनमेंट की दुनिया में भी अपनी पहचान बनाई है। हाल ही में उन्हें ओटीटी सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय' सीजन 2 में देखा गया, जिसमें दर्शकों ने उनके काम को काफी पसंद किया। दर्शकों और क्रिटिक्स दोनों ने ही इस शो की खूब तारीफ की। इस शो में अमोल पाराशर, विनय पाठक और आकांक्षा रंजन भी अहम भूमिकाओं में थे।

12-14 घंटे तक नकारात्मक किरदार में रहना आसान नहीं

टीवी अभिनेत्री जयति भाटिया लंबे समय से छोटे पर्दे पर दमदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने अपने करियर में कई अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं, लेकिन नकारात्मक भूमिकाओं में उनकी पहचान सबसे ज्यादा मजबूत रही है। इन दिनों वह टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में शारदा उर्फ शालिनी बत्रा का किरदार निभा रही हैं, जिसे दर्शक खूब पसंद कर रहे हैं।

पर्दे पर खलनायिका का किरदार निभाना जितना आसान दिखाई देता है, असल में उसे घंटों तक जीना किसी कलाकार के लिए बड़ी चुनौती है। जयति भाटिया ने इसी अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि डेढ़ साल से ज्यादा समय तक एक नकारात्मक किरदार निभाना उनके करियर के सबसे चुनौतीपूर्ण अनुभवों में से एक रहा है। टीवी शो 'जाने अनजाने हम मिले' में शारदा उर्फ शालिनी बत्रा का किरदार निगेटिव है। अभिनेत्री ने बताया कि कहानी में जैसे-जैसे नए मोड़ आते गए, वैसे-वैसे शारदा का नकारात्मक पक्ष भी मजबूत होता गया। ऐसे में रोजाना 12 से 14 घंटे तक उसी सोच और भावनाओं के साथ काम करना एक बड़ी चुनौती बन गया।
उन्होंने कहा, ''पिछले डेढ़ साल से ज्यादा समय से इस किरदार को निभाना मेरे अभिनय सफर का बेहद खास हिस्सा रहा है। हर नए एपिसोड और हर नए ट्रैक के साथ शारदा का स्वभाव और ज्यादा चालाक, साजिश करने वाला और नकारात्मक होता गया। ऐसे में हर दिन 12 से 14 घंटे तक उसी मानसिक स्थिति में बने रहना आसान नहीं होता। इस किरदार ने मेरे अभिनय के स्तर को काफी मजबूत बनाया है और हर दिन कुछ नया सीखने का मौका दिया है।''
अभिनेत्री ने साफ किया कि वह शूटिंग खत्म होने के बाद खुद को किरदार से पूरी तरह अलग कर लेती हैं। उन्होंने कहा, ''जैसे ही पैकअप होता है, मैं शारदा को सेट पर ही छोड़ देती हूं और फिर दोबारा जयति बन जाती हूं। मेरे लिए यह जरूरी है, ताकि मैं अपनी निजी जिंदगी को इस किरदार से प्रभावित न होने दूं। अगर कलाकार ऐसा न करे तो लगातार नकारात्मक किरदार निभाना मानसिक रूप से काफी थका देने वाला हो सकता है।''

असली जिंदगी में मैं ऐसी नहीं हूं

सेट पर सभी कलाकार अच्छी तरह जानते हैं कि शारदा सिर्फ किरदार है, असली जिंदगी में मैं ऐसी बिल्कुल नहीं हूं। कैमरे के पीछे हम सभी साथ बैठकर हंसते हैं, बातें करते हैं और अच्छा समय बिताते हैं। इस माहौल की वजह से मुझे अपने किरदार के तनाव से बाहर आने में भी काफी मदद मिलती है।''
अभिनेत्री ने दर्शकों की प्रतिक्रिया पर भी खुलकर बात की। उन्होंने कहा, ''जब दर्शक शारदा पर गुस्सा होते हैं या उसके कामों की आलोचना करते हैं, तो मैं इसे अपनी तारीफ मानती हूं। इसका मतलब है कि उन्होंने मुझे इस किरदार में पूरी तरह स्वीकार कर लिया है। मैं ऐसी प्रतिक्रियाओं को कभी व्यक्तिगत तौर पर नहीं लेती। बल्कि यही बातें मुझे शारदा के किरदार को और ज्यादा सच्चाई और मजबूती के साथ निभाने के लिए प्रेरित करती हैं। मेरे लिए एक मजबूत नकारात्मक किरदार निभाने का यही सबसे बड़ा इनाम है।''

वनडे रैंकिंग

डेरिल मिशेल के करीब पहुंचे गिल

जो रूट की टॉप-10 में एंट्री

नई दिल्ली । अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा बुधवार को जारी वनडे बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारतीय कप्तान शुभमन गिल नंबर वन बल्लेबाज बनने के काफी करीब आ गए हैं। वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट को भी काफी फायदा हुआ है। आईसीसी की ताजा रैंकिंग में न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज डेरिल मिशेल 802 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं। शुभमन गिल दूसरे नंबर पर हैं। गिल और मिशेल की रेटिंग में सिर्फ एक अंक का अंतर है। विराट कोहली तीसरे स्थान पर हैं, जबकि लॉर्ड्स में हाल ही में 138 रन की पारी खेलने वाले रोहित शर्मा चौथे स्थान पर हैं। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान पांचवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के बाबर आजम और आयरलैंड के हैरी टैक्टर को 1-1 स्थान का फायदा हुआ है। दोनों क्रमशः छठे और सातवें स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ संपन्न वनडे सीरीज में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहे इंग्लैंड के जो रूट को 4 स्थान का फायदा हुआ है। रूट शीर्ष 10 खिलाड़ियों में वापस आ गए हैं और आठवें नंबर पर हैं। वेस्टइंडीज के शे होप को तीन स्थान का घाटा हुआ है, वे नौवें नंबर पर हैं। श्रीलंका के चरिथ असलांका एक अंक के नुकसान के बावजूद दसवें स्थान पर हैं। वनडे फॉर्मेट के शीर्ष दस गेंदबाजों की बात करें तो अफगानिस्तान के राशिद खान पहले और पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के जोफ्रा आर्चर को एक स्थान का फायदा हुआ है, वह तीसरे स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड के मिशेल सेंटनर को तीन स्थान का फायदा हुआ है। सेंटनर चौथे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के केशव महाराज और श्रीलंका के महिश तिक्षाणा क्रमशः पांचवें और छठे स्थान पर हैं। दोनों को एक-एक स्थान का नुकसान हुआ है। पाकिस्तान के शाहीन अफरीदी दो स्थान के फायदे के साथ सातवें और बांग्लादेश के मेहदी हसन दो स्थान के फायदे के साथ आठवें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के आदिल रशीद तीन स्थान के नुकसान के साथ नौवें और वेस्टइंडीज के गुडाकेश मोती 7 स्थान की छलांग लगाकर दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ

शुभमन गिल-मोसाद्देक हुसैन को पछाड़कर नाथन स्मिथ ने जीता जून माह का खिताब

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नाथन स्मिथ 'जून 2026' के लिए 'आईसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ' चुने गए हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 2-1 से टेस्ट सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाई थी। कीवी खिलाड़ी ने भारतीय कप्तान शुभमन गिल और बांग्लादेशी ऑलराउंडर मोसाद्देक हुसैन जैसे दावेदारों को पीछे छोड़ते हुए यह प्रतिष्ठित सम्मान हासिल किया है। 27 वर्षीय स्मिथ ने इंग्लैंड में खेली गई 3 मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 23 की औसत से सर्वाधिक 16 विकेट चटकाए थे। न्यूजीलैंड के कई मुख्य तेज गेंदबाजों के चोट के कारण बाहर होने के बाद स्मिथ ने जिम्मेदारी संभालते हुए दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। नाथन स्मिथ ने सोमवार को 'आईसीसी' के एक बयान में कहा, 'यह वाकई बहुत खास है। टीम के लिए इंग्लैंड का दौरा शानदार रहा और यह बहुत अच्छी बात है। मैं आमतौर पर व्यक्तिगत अवॉर्ड के लिए नहीं खेलता, लेकिन यह पहचान मिलना अच्छा लगता है और इससे भी जरूरी बात यह है कि मैंने सीरीज जीतने में योगदान दिया। व्यक्तिगत रूप से, जीत में योगदान देना बहुत संतोषजनक रहा। न्यूजीलैंड के लिए मैं बस यही करना चाहता हूं- पूरी कोशिश करना और जिस भी तरह से हो सके, योगदान देना। दुर्भाग्य से, सीरीज के दौरान कुछ खिलाड़ी चोटिल हो गए थे, इसलिए मुझे आगे आकर नई गेंद से बॉलिंग की शुरुआत करनी पड़ी।

WWE के सबसे बड़े मेगा इवेंट का ऐलान

ब्रॉक लैसनर बनाम ओबा फेमी से रोमन रेंस बनाम सैथ रॉलिंस तक

नई दिल्ली। नई दिल्ली। WWE के सबसे बड़े मेगा इवेंट में से एक समरस्लैम 2026 को लेकर सुर्खियां तेज हैं। इस इवेंट के मैच कार्ड भी लगभग तय हो चुके हैं। कई

मुकाबलों का ऐलान हो चुका है, जिसमें ब्रॉक लैसनर की भिड़ंत ओबा फेमी और रोमन रेंस की भिड़ंत सैथ रॉलिंस से तय है। इस मेगा इवेंट का आयोजन अमेरिका के मिनेसोटा राज्य के शहर मिनियापोलिस में होगा। समरस्लैम के छह बड़े मैचों का कार्ड फाइनल हो चुका है। वहीं फैंस बिल्कुल ही इन सभी मैचों के शेड्यूल, समय, वेन्यू और तारीखों की जानकारी चाहते होंगे। वैसे तो इस मेगा इवेंट का आयोजन दो दिन होगा। 1 अगस्त और 2 अगस्त 2026 की रात में समरस्लैम के मुकाबले होंगे। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण होने वाला है ब्रॉक लैसनर और ओबा फेमी का हेल इन ए सेल मैच, जिसमें

दोनों रेसलर पिंजड़े में भिड़ते नजर आएंगे। ब्रॉक लैसनर और ओबा फेमी के बीच विवाद रेसलमेनिया 2026 के पहले से चल रहा है। रेसलमेनिया में लैसनर को हार मिली थी। फिर क्लैश इन इटली में उन्होंने बदला लिया था। इसके बाद भी विवाद नहीं थमा और अब समरस्लैम में दोनों रेसलर्स आमने-सामने होंगे।

कब और कहां आयोजित होंगे समरस्लैम 2026 के मैच?

समरस्लैम 2026 के मुकाबले 1 और 2 अगस्त को मिनियापोलिस स्थित यूएस बैंक स्टेडियम में आयोजित होंगे। इस इवेंट की शुरुआत दोनों दिन (1 और 2 अगस्त को) ब्रिटिश समय के मुताबिक रात 11 बजे से होगी। यानी भारत में फैंस शाम 6.30 बजे से WWE समरस्लैम का लुत्फ उठा सकते हैं। सोनी टेन भारत में इसका ऑफिशियल ब्रॉडकास्टर होगा। इसके अलावा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर इसकी लाइव स्ट्रीमिंग फैंस देख सकते हैं।

कुलदीप यादव यॉर्कशायर से जुड़े, 'वन-डे कप' और 'काउंटी चैंपियनशिप' खेलते नजर आएंगे

लीड्स, । बाएं हाथ के रिस्ट-स्पिनर कुलदीप यादव ने मौजूदा घरेलू सीजन के लिए इंग्लिश काउंटी टीम यॉर्कशायर के साथ करार किया है। क्लब ने बुधवार को भारत के प्रमुख खिलाड़ी के जुड़ने की घोषणा की। इस समझौते के तहत, कुलदीप सितंबर में यॉर्कशायर के आखिरी चार काउंटी चैंपियनशिप मुकाबलों में से तीन खेलने के लिए हेडिंग्ले लौटने से पहले पांच वन-डे कप मैचों में हिस्सा लेंगे। उनका यह कार्यकाल शुक्रवार को नीथ में ग्लैमॉर्गन के खिलाफ 50 ओवरों के मैच से शुरू होगा। कुलदीप यादव इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज

का हिस्सा थे, लेकिन उन्हें एक भी मुकाबला खेलने का मौका नहीं मिल सका। इस फैसले ने फैंस को हैरान किया। कुलदीप ने क्लब की तरफ से जारी बयान में कहा, 'मैं यॉर्कशायर से जुड़कर बहुत खुश हूं और इस मौके के लिए आभारी हूं। यॉर्कशायर के शानदार इतिहास वाले क्लब का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान की बात होगी। मुझे हमेशा इंग्लिश परिस्थितियों में खेलने की चुनौती पसंद है। मैनेजमेंट से बात करने के बाद, मैं टीम से जुड़ने के लिए बहुत उत्साहित हो गया और हेडिंग्ले में अपने समय के दौरान सकारात्मक योगदान देने के लिए उत्सुक हूं।'

31 वर्षीय कुलदीप यादव ने 18 टेस्ट मुकाबलों में 22.35 की औसत के साथ 79 विकेट हासिल किए हैं। इस दौरान साल 2024 में इंग्लैंड के विरुद्ध पांच मुकाबलों की टेस्ट सीरीज में 19 विकेट हासिल किए थे। वनडे फॉर्मेट में कुलदीप ने 121 मुकाबलों में 194 विकेट निकाले हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25/6 रहा है। कुलदीप ने भारत की तरफ से 54 टी20 मुकाबले खेले, जिसमें 13.74 की औसत के साथ 95 विकेट चटकाए। यॉर्कशायर के क्रिकेट महाप्रबंधक गैविन हैमिल्टन ने कहा कि कुलदीप के आने से सीजन के अहम आखिरी चरण में उनकी गेंदबाजी को मजबूती मिलेगी। हैमिल्टन ने कहा, 'कुलदीप एक बेहतरीन, अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी हैं जो इन मैचों के दौरान हमारी टीम को बहुत मजबूती देंगे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ बस 11 छक्के और बन जाएंगे T20 में नंबर 1

वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर वर्ल्ड रिकॉर्ड

नई दिल्ली। भारतीय टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में हार के बाद अब जिम्बाब्वे के दौरे पर गई है। इस दौरे पर टीम इंडिया को श्रेयस अय्यर की कप्तानी में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी है। सीरीज का पहला मुकाबला 23 जुलाई को खेला जाएगा। इस सीरीज में पहली बार वैभव सूर्यवंशी बतौर प्रमुख ओपनर बनकर गए हैं। इंग्लैंड में वैभव का प्रदर्शन खास नहीं था लेकिन अब जिम्बाब्वे सीरीज में उनके पास मौका है अपनी जगह पक्की करने का।

जिम्बाब्वे दौरे पर वैभव सूर्यवंशी के निशाने पर टी20 क्रिकेट का खास वर्ल्ड रिकॉर्ड भी है। वह तीन मैचों की सीरीज में अगर 11 छक्के लगा देते हैं तो टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 छक्के पूरे करने वाले नंबर 1 बल्लेबाज बन जाएंगे। वैभव के नाम अभी तक 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में दर्ज हैं।

हालांकि, इस मामले में नंबर 1 पर काबिज खिलाड़ी ने 66 पारियों में यह कारनामा किया था। नंबर 1 पर नाम है यूएई के मोहम्मद वसीम का। इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के एविन लुईस और तीसरे नंबर पर क्रिस गेल हैं। अगर वैभव ने यह कारनामा किया तो वह तीनों खिलाड़ियों को पीछे छोड़ नंबर 1 बन जाएंगे।

टी20 में सबसे तेज 150 छक्के

- मोहम्मद वसीम (UAE): 66 पारी
- एविन लुईस (WI): 70 पारी
- क्रिस गेल (WI): 72 पारी
- **सूर्यकुमार यादव को भी पीछे छोड़ सकते हैं वैभव-** वैभव सूर्यवंशी ने 37 पारियों में 139 छक्के टी20 क्रिकेट में अभी तक लगाए हैं। वह 11 छक्के और लगाते ही भारत समेत पूरी दुनिया में नंबर 1 बन जाएंगे। उनके नाम टी20 में सबसे तेज 150 छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो सकता है। भारत के लिए यह रिकॉर्ड 86 पारियों में सूर्यकुमार यादव ने बनाया था। यानी वैभव सूर्या को भी पीछे छोड़ सकते हैं।

वैभव सूर्यवंशी का इंग्लैंड में कैसा रहा था प्रदर्शन?

वैभव सूर्यवंशी ने इंग्लैंड सीरीज में तीन पारियों में 42 रन ही बनाए थे। उन्होंने 27 गेंद का सामना किया था जिसमें 5 छक्के और सिर्फ एक चौका उनके बल्ले से निकला था। उन्होंने तीन मैचों में 12 गेंद पर 14 रन, 5 गेंद पर 13 रन और 10 गेंद पर 15 रन बनाए थे।

रोहित नंबर 1

कोहली-गिल-श्रेयस सब पीछे

वनडे में चेज करते हुए इस दशक में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-9 भारतीय

नई दिल्ली। रोहित शर्मा की बल्लेबाजी पर सवाल उठ रहे थे, बात उनके रिटायरमेंट की भी हो रही थी, लेकिन इन सारी बातों को बीच इंग्लैंड के खिलाफ लॉर्ड्स में वनडे प्रारूप में उन्होंने वो कमाल कर दिखाया जो किसी भी भारतीय बल्लेबाज ने इससे पहले नहीं किया था। रोहित ने बताया कि वो अभी चूके नहीं हैं और वर्ल्ड कप 2027 में खेलने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। रोहित ने लॉर्ड्स में जो 138 रन की पारी खेली थी उसके दम पर उन्होंने कई बड़े रिकॉर्ड्स अपने नाम किए।

विराट कोहली को बेशक चेज मास्टर कहा जाता हो, लेकिन इस दशक में वनडे प्रारूप में अगर चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों की बात करें तो इसमें रोहित शर्मा पहले नंबर पर हैं जो बताता है कि उन्होंने कितनी शानदार बल्लेबाज इस दशक में अब तक यानी साल 2020 से की है।

इस दशक में वनडे में चेज करते हुए रोहित के नाम सबसे ज्यादा रन

रोहित शर्मा इस दशक में यानी साल 2020 से लेकर अब तक भारत की तरफ से वनडे में चेज करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। रोहित ने अब तक इस दशक में वनडे में 61 की औसत और 115 की स्ट्राइक रेट के साथ चेज करते हुए कुल 1819 रन बनाए हैं जबकि दूसरे नंबर पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 54 की औसत और 92 की स्ट्राइक रेट के साथ 1564 रन वनडे में चेज करते हुए बनाए हैं। शुभमन गिल लिस्ट में तीसरे नंबर पर हैं जिन्होंने इस दशक में वनडे में चेज करते हुए 57 की औसत और 92 की स्ट्राइक रेट के साथ 1481 रन बनाए हैं जबकि श्रेयस अय्यर ने 41 की औसत के साथ कुल 1200 रन बनाए हैं।

बेथेल घुटने की चोट के कारण 'द हंड्रेड' से बाहर

नई दिल्ली। दाहिने घुटने की चोट के कारण इंग्लैंड के ऑलराउंडर जैकब बेथेल इस साल 'द हंड्रेड' टूर्नामेंट का हिस्सा नहीं होंगे। इस उभरते हुए खिलाड़ी को बर्मिंघम फीनिक्स की कप्तानी का एक अहम मौका नहीं मिल सकेगा। इसी के साथ बेथेल के अगले महीने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली टेस्ट सीरीज में खेलने पर भी संदेह पैदा हो गया है। बर्मिंघम फीनिक्स ने शुक्रवार को ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ ओपनिंग मैच के लिए बेथेल की जगह साउथ अफ्रीका के डोनोवन फरेरा को कप्तान चुना है। फ्रेंचाइजी बांग्लादेशी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान की फिटनेस पर भी नजर रख रही है, जो हाल ही में इंटरनेशनल ड्यूटी के दौरान लगी चोट से उबरने के बाद टीम में शामिल हुए हैं। बेथेल भारत के खिलाफ हालिया वनडे सीरीज के दौरान चोटिल हुए थे। सोमवार सुबह एमआरआई स्कैन के बाद उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बेथेल के फिट होने में लगने वाले समय के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

पाकिस्तान के खिलाफ इंग्लैंड का पहला टेस्ट मैच 19 अगस्त को हेडिंग्ले में शुरू होगा। सीरीज के अगले दो मुकाबले 27 अगस्त और 9 सितंबर से खेले जाएंगे। ईसीबी ने एक बयान में कहा, 'जैकब बेथेल दाहिने घुटने की चोट के कारण 'द हंड्रेड' से बाहर हो गए हैं। उन्हें मेट्रो बैंक वनडे सीरीज के दौरान चोट लगी थी और कल सुबह उनका एमआरआई स्कैन हुआ था।

दिग्गज शतरंज खिलाड़ी का हंगरी की राष्ट्रपति बनने से इनकार

'देश को एकजुट करने की जिम्मेदारी निभाने की ताकत नहीं'

नई दिल्ली। शतरंज की दिग्गज खिलाड़ी जूडिट पोलगार ने हंगरी की अगली राष्ट्रपति बनने का प्रस्ताव ठुकरा दिया है। यह फैसला उस घोषणा के एक दिन बाद आया, जिसमें देश के प्रधानमंत्री पीटर मैग्यार ने कहा था कि वह पोलगार से मिलकर पूछेंगे कि क्या वह यह जिम्मेदारी स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। पीटर मैग्यार चाहते थे कि नई हंगरी की संविधान व्यवस्था लागू होने तक जूडिट पोलगार इस पद पर बनी रहें। सोमवार को हुई मुलाकात के बाद जूडिट पोलगार ने सोशल मीडिया पर बताया कि उन्होंने पीटर मैग्यार का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया। बताया गया कि उनका नामांकन 'हंगरी के सार्वजनिक जीवन की सम्मानित हस्तियों' ने आगे बढ़ाया था।

जूडिट पोलगार ने सोशल मीडिया पर लिखा, ''मुझे नहीं लगता कि मेरे पास एक बंटे हुए देश को एकजुट करने जैसी ऐतिहासिक जिम्मेदारी निभाने की ताकत है, इसलिए मैं इस निमंत्रण को स्वीकार नहीं कर सकती।'' जूडिट पोलगार ने अपनी पोस्ट में आगे लिखा, ''मैं अपनी पूरी क्षमता से ऐसे नए, स्वतंत्र और सम्मानित राष्ट्रपति का समर्थन करूंगी, जो इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में काम करें।'' अगर 50 वर्षीय जूडिट पोलगार इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेतीं तो उन्हें पीटर मैग्यार की टिस्जा पार्टी का सर्वसम्मत समर्थन मिलता। संसद में इस पार्टी के पास दो-तिहाई बहुमत है। साथ ही, वह संभवतः अपने देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद पर पहुंचने वाली दुनिया की एकमात्र महिला शतरंज खिलाड़ी भी बन जातीं। पीटर मैग्यार ने जूडिट पोलगार के उनके अनुरोध को

ठुकराने के फैसले पर सोशल मीडिया पर प्रतिक्रिया दी। पीटर मैग्यार ने लिखा, ''मुझे दुख है, लेकिन मैं उनके फैसले का सम्मान करता हूं। हमारे अनुरोध को गंभीरता से लेने के लिए उनका धन्यवाद। उनकी स्पष्टता, बेबाकी और जिस गरिमा के साथ उन्होंने इस पूरे मामले को संभाला, उसके लिए भी मैं उनका आभारी हूं।'' जूडिट पोलगार को शतरंज इतिहास की सबसे महान महिला खिलाड़ी माना जाता है। वह अब तक की एकमात्र महिला हैं, जिन्होंने विश्व शतरंज रैंकिंग के शीर्ष-10 में जगह बनाई। उन्होंने शतरंज इतिहास की सबसे कम उम्र की ग्रैंडमास्टर बनने का बॉबी फिशर का रिकॉर्ड भी तोड़ा था। जूडिट पोलगार ने मुकाबलों में गैरी कास्पारोव और विश्वनाथन आनंद सहित 11 विश्व चैंपियनों को हराया है। वह पांच बार की चेस ओलंपियाड चैंपियन भी हैं और उन्हें हंगेरियन ऑर्डर ऑफ सेंट स्टीफन से सम्मानित किया जा चुका है।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-एनसीआर में बुधवार सुबह की शुरुआत झमाझम बारिश के साथ हुई। बारिश से मौसम सुहावना हो गया है और उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। साथ ही बारिश से सुबह स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चों और दफ्तर जाने वाले नौकरीपेशा लोगों को भीगते हुए दफ्तर जाना पड़ा।

मौसम विभाग के मुताबिक, बुधवार को दिनभर बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। गर्जन वाले बादल बनने, बिजली चमकने और 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने का पूर्वानुमान है। इससे पहले, सुबह से शाम तक मंगलवार को धूप छाया का मौसम बना रहा। इसी बीच दोपहर बाद वर्षा हुई तो तापमान में गिरावट के साथ गर्मी से राहत मिल सकी। शाम को भी गर्मी का उतना एहसास नहीं हुआ। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले दो दिन आसमान में बादल मंडराते रह सकते हैं, लेकिन दोपहर में धूप निकलने के आसार हैं। जिससे तापमान में बढोतरी हो साथ गर्मी का एहसास हो सकता है।

दिल्ली का न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज

बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 25.8 डिग्री दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे तक वर्षा 11.4 मिमी दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के करीब रह सकता है। दिन में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की तेज रफ्तार हवाओं के साथ हल्की वर्षा होने की भी संभावना है। उधर, बुधवार को सुबह 10 बजे दिल्ली का एक्यूआई 65 दर्ज किया गया। इसे 'संतोषजनक' श्रेणी में रखा जाता है। एनसीआर के शहरों में भी हवा संतोषजनक से मध्यम श्रेणी में ही चल रही है। पूर्वानुमान है कि हाल फिलहाल इसमें कुछ खास बदलाव नहीं होगा। रेवाड़ी में झमाझम बारिश हो रही है। दो दिन से सुबह के समय बारिश हो रही है। बुधवार को सुबह पांच बजे से हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई।

प्रदूषण पर लगाम कसने के लिए सीएक्यूएम का कदम, दिल्ली-एनसीआर में तैनात होंगे एक्सपर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में हर साल गहराते वायु प्रदूषण के संकट से वैज्ञानिक और रणनीतिक तौर पर निपटने के लिए वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग बड़ा कदम उठाने जा रहा है।

आयोग ने दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान के एनसीआर क्षेत्रों में प्रदूषण नियंत्रण संबंधी नीतियों को अधिक धारदार एवं असरदार बनाने की दिशा में सलाहकार व विषय विशेषज्ञों को तैनात करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

इस बार आयोग का मुख्य ध्यान प्रदूषण के सबसे बड़े स्रोतों- वाहनों के उत्सर्जन, सड़कों पर लगने वाले ट्रैफिक जाम एवं औद्योगिक धुएं पर कड़ा प्रहार करने पर है। इसके लिए सतत परिवहन, यातायात सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और रणनीति प्रबंधन के दिग्गजों की एक विशेष टीम तैयार की जा रही है, जो सीधे आयोग को रिपोर्ट करेगी। यातायात और तकनीक पर रहेगा फोकस इसमें विशेषज्ञों की जिम्मेदारी इलेक्ट्रिक वाहनों और सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा देने, सड़कों पर धीमी गति से रेंगते वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को रोकने के लिए यातायात प्रबंधन नीतियां तैयार करने और आंकड़ों के विश्लेषण के लिए आधुनिक तकनीकों का इस्तेमाल सुनिश्चित करने की होगी। साथ ही, यही टीम ग्रैप जैसी नीतियों को जमीनी स्तर पर कड़ाई से लागू कराने का खाका भी तैयार करेगी।

सरकारी महकमों के पारंपरिक ढर्रे से हटकर इस पहल की सबसे खास बात 'प्रदर्शन आधारित' मॉडल है। आधिकारिक रिक्वेस्ट फार प्रपोजल (आरएफपी) दस्तावेज के मुताबिक यह नियुक्तियां पूरी तरह से कार्य प्रदर्शन पर आधारित होंगी।

सलाहकारों एवं विषय विशेषज्ञों को उनके द्वारा दिए गए व्यावहारिक नतीजों और तय समय सीमा में प्रोजेक्ट पूरा करने के आधार पर ही भुगतान किया जाएगा।

विशेषज्ञों से बढ़ी साफ हवा की उम्मीदन अब तक प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े ज्यादातर फैसले प्रशासनिक स्तर पर अफसरशाही द्वारा लिए जाते रहे हैं। हालांकि, पराली, धूल और वाहनों के एकीकृत धुएं के कारण सर्दियों में दमघोंटू बनने वाली हवा से राहत दिलाने में यह प्रशासनिक व्यवस्था पूरी तरह कारगर साबित नहीं हो पा रही थी।

संक्षिप्त समाचार

दिल्ली मंडल में ट्रेनों की रफ्तार थमी, राजधानी और फरक्का समेत कई गाड़ियां घंटों लेट

नई दिल्ली, एजेंसी। मंगलवार को गाजियाबाद के पास एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से ट्रेनों की आवाजाही बाधित हुई है। मंगलवार देर रात प्रभावित ट्रैक से रेल परिचलान शुरू होने के बाद भी बुधवार को कई ट्रेनें देरी से चल रही हैं। देरी से दिल्ली पहुंचने के कारण कई ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव किया गया। 2.50 घंटे की देरी से चलेगी पुरानी दिल्ली-कोटद्वार सिद्धबली एक्सप्रेस वहीं, कई लोकल ट्रेनें भी देरी से चलने के कारण दैनिक यात्रियों को परेशानी हो रही है। नई दिल्ली-दरभंगा विशेष पांच घंटे, पुरानी दिल्ली-कोटद्वार सिद्धबली एक्सप्रेस 2.50 घंटे और आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी सीमांचल एक्सप्रेस- एक घंटे की देरी से चलेगी। कुछ और ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव की संभावना है। सहारनपुर-पुरानी दिल्ली पैसेंजर (54474) दो घंटे, गाजियाबाद-पुरानी दिल्ली एमईएमयू (64417) पौने दो घंटे, बुलंदशहर-तिलकब्रिज एमईएमयू- डेढ़ घंटे, बल्लबगढ़-शकूरबस्ती ईएमयू (64071), सहारनपुर-पुरानी दिल्ली एमईएमयू (64558) एक घंटे, कुरुक्षेत्र-पुरानी दिल्ली ईएमयू (64452) 45 मिनट, पानीपत-नई दिल्ली ईएमयू (64470) 30 मिनट की देरी से चल रही हैं। कई अन्य लोकल ट्रेनें भी देरी से से अपने गंतव्य पर देरी से पहुंच रही हैं।

मरीजों, जवानों और किसानों के लिए आईआईटी दिल्ली की पहल

नई दिल्ली, एजेंसी। मधुमेह के मरीजों के घाव भरने से लेकर बर्फीली चोटियों पर तैनात जवानों को ठंड से बचाने और खेतों में काम करने वाले किसानों की सुरक्षा तक, आइआइटी दिल्ली के वैज्ञानिकों के तीन शोध आधारित नवाचारों ने भारत टेक्स 2026 में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ी है। देशभर से आई 700 से अधिक प्रविष्टियों और 31 फाइनलिस्ट के बीच भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली के टेक्सटाइल एवं फाइबर इंजीनियरिंग विभाग की इन तीनों तकनीकों को भारत टेक्स 2026 में आयोजित संरचना 2026 : प्रोडक्ट डेवलपमेंट एंड डिजाइन हैकाथान में शीर्ष तीन नवाचारों में चुना गया। छात्रों ने प्रो. हारुन वेंकटेशन के मार्गदर्शन में काम किया है।

दिल्ली महिला समृद्धि योजना: अब हर महीने हाथ में आएंगे 1000 रुपये, 1500 होंगे सेव; 3 साल बाद मिलेंगे 58 हजार

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली सरकार की प्रस्तावित महिला समृद्धि (लक्ष्मी) योजना केवल मासिक आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे महिलाओं में बचत की आदत विकसित करने और उन्हें आर्थिक रूप से अधिक सशक्त बनाने की दिशा में तैयार किया गया है। सरकार योजना का ऐसा मॉडल तैयार कर रही है, जिसमें लाभार्थी महिलाओं को हर महीने मिलने वाली पूरी राशि एक साथ निकालने की अनुमति नहीं होगी। सूत्रों के अनुसार, योजना के तहत पात्र महिलाओं के खाते में हर महीने 2,500 रुपये जमा किए जाएंगे। इनमें से 1,000 रुपये महिलाओं को तत्काल निकासी के लिए उपलब्ध होंगे, जबकि शेष 1,500 रुपये उनके खाते में सुरक्षित रखे जाएंगे।

यह राशि नियमित रूप से जमा होती रहेगी और उस पर मिलने वाले ब्याज के साथ तीन वर्ष बाद एकमुश्त लाभार्थी को प्रदान की जाएगी। सरकारी सूत्रों का कहना है कि इस व्यवस्था का उद्देश्य महिलाओं को केवल मासिक सहायता उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उनके लिए एक सुरक्षित बचत कोष तैयार करना है। यदि हर महीने 1,500 रुपये तीन वर्षों तक जमा होते

हैं तो मूल राशि 54 हजार रुपये होगी। इस पर मिलने वाले ब्याज को जोड़ने के बाद लाभार्थी महिला को लगभग 58 हजार से 60 हजार रुपये तक एकमुश्त मिलने की संभावना है। अंतिम राशि ब्याज दर और योजना के वित्तीय प्रविधानों के आधार पर तय होगी।

कब से लागू होगी योजान और क्या है पात्रता?

योजना के संचालन, पात्रता, भुगतान प्रक्रिया, निकासी की शर्तों और बचत राशि के प्रबंधन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश जल्द जारी किए जाएंगे। इन्हीं दिशा-निर्देशों के आधार पर योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। जानकारी के अनुसार, दिल्ली सरकार इस योजना को 28 अगस्त से लागू करने की तैयारी कर रही है। विभागीय स्तर पर आवश्यक प्रक्रियाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि निर्धारित समय पर योजना शुरू की जा सके। हालांकि, योजना की औपचारिक शुरुआत और अंतिम नियमों की घोषणा सरकार की अधिसूचना जारी होने के बाद ही होगी।

होटल सील किया था तो खुल कैसे गया? दिल्ली में सर्वे के नाम पर सिर्फ 'हवाबाजी'; अधिकारियों को लगाई फटकार

नईदिल्ली, एजेंसी। नंद नगरी स्थित डीएम कार्यालय में मंगलवार को जिला विकास समिति की बैठक हुई। एक माह पहले दक्षिणी दिल्ली के एक होटल में आग लगने से 23 लोगों की मौत हुई थी। इसमें अधिकतर विदेशी नागरिक थे। इसके बाद दिल्ली सरकार ने दिल्ली भर में होटलों के सर्वे का आदेश दिया था। इस सर्वे को लेकर दैनिक जागरण ने कई खबरें प्रकाशित की। वह खबरें इस बैठक में छाई रहीं। बैठक में यह माना गया कि होटल के सर्वे के नाम हवाबाजी की जा रही है। जिला विकास समिति के चेयरमैन जितेंद्र महाजन ने एसडीएम शाहदरा से पूछा कि पिछले साल दिसंबर में प्रशासन ने बाबरपुर बस टर्मिनल पर एक होटल को सील किया था। करीब 28 लोग नशे में मिले थे। जिस होटल को प्रशासन ने सील किया था, वह खुल कैसे गया? इस सवाल पर प्रशासन व निगम और दिल्ली पुलिस के अधिकारी बगले झांकने लगे। चेयरमैन को जवाब ही नहीं मिला कि आखिर सील खुली कैसे? चेयरमैन ने दूसरा सवाल किया होटल में आग की घटनाएं होती रहेंगी और लोगों की जान जाती रहेगी। अधिकारी क्यों नियमों का पालन नहीं करवा पा रहे हैं? डीएम अजय कुमार ने एसडीएम को निर्देश दिए कि होटल में जाएं। जो अनैतिक कार्य हो रहे हैं या जो नियमों का उल्लंघन हो रहा है बिना देर किए एफआईआर करवाएं। छापेमारी के लिए पुलिस को साथ लेकर जाएं।

जेलेंस्की का बड़ा फैसला: सिरस्की की छुट्टी

द्रपाती बने नए सेना प्रमुख, क्या अब यूक्रेन में थमेगा प्रदर्शन

कीव, एजेंसी। यूक्रेन की राजनीति में अचानक बहुत बड़ा उलटफेर हो गया है। राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने एक बड़ा कदम उठाया है। उन्होंने यूक्रेन के सेना प्रमुख जनरल ओलेक्जेंडर सिरस्की को पद से हटा दिया है। यह फैसला मंगलवार को लिया गया। पूरे देश में सिरस्की के खिलाफ भारी प्रदर्शन हो रहे थे। राजधानी कीव और कई अन्य शहरों में लोग सड़कों पर उतर आए थे। लोग सिरस्की को हटाने की मांग कर रहे थे।

जेलेंस्की ने मिखाइलो द्रपाती को नया सेना प्रमुख बनाया है। इसकी जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर एक बयान जारी करके दी। जेलेंस्की ने कहा कि सभी की एक ही इच्छा है। वह इच्छा दुश्मन पर जीत हासिल करना है। सीमा पर ऐसे हालात बनाना है कि रूस शांति के लिए मजबूर हो जाए। उन्होंने आगे कहा कि देश ने एक बड़ा रास्ता तय किया है। यूक्रेन की रक्षा का काम लगातार जारी है। देश का हर योद्धा सम्मानजनक व्यवहार का हकदार है।

यह दूसरी बार है जब जेलेंस्की को जनता के दबाव में फैसला बदलना पड़ा है। इससे पहले बीते साल की गर्मियों में भी प्रदर्शन हुए थे। तब जनता ने भ्रष्टाचार विरोधी संस्थाओं को कमजोर करने वाले कानून का विरोध किया था। जेलेंस्की को वह कानून वापस लेना

पड़ा था। यह ताजा विवाद पिछले हफ्ते गुरुवार को शुरू हुआ था। जेलेंस्की ने अपनी सरकार में बड़ा फेरबदल किया था। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री को बदल दिया था। साथ ही रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव को भी बर्खास्त कर दिया था। फेडोरोव सिर्फ छह महीने से पद पर थे। जेलेंस्की ने कहा था कि फेडोरोव और सिरस्की के बीच भारी मतभेद थे। दोनों आपस में विवाद नहीं सुलझा पा रहे थे। इसलिए उन्हें खुद यह कदम उठाना पड़ा।

पद से हटने के बाद फेडोरोव ने सिरस्की पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि सिरस्की सैन्य सुधारों को रोक रहे थे। वह पुराने ढर्रे की कमान चला रहे थे। इस बयान के बाद सैनिकों और आम जनता का गुस्सा फूट पड़ा। हजारों लोग कीव की सड़कों पर निकल आए। लोगों को लगा कि जेलेंस्की एक सुधारक के बजाय पुराने ढर्रे के जनरल का साथ दे रहे हैं। इसका असर सेना के भीतर भी देखा गया। वायु सेना के उप कमांडर ने विरोध में अपना इस्तीफा दे दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि इससे यूक्रेन की हवाई सुरक्षा कमजोर होगी। छुट्टियों पर घर आए सैनिकों और पूर्व सैनिकों ने भी प्रदर्शनों में हिस्सा लिया। कई सैनिक अधिकारियों ने सोशल मीडिया पर सिरस्की का खुलकर विरोध किया।

प्रदर्शनकारी मांग कर रहे थे कि पूर्व रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव को वापस लाया जाए। लोग उन्हें सेना के आधुनिकीकरण का चेहरा मानते थे। वहीं सिरस्की को सोवियत दौर की पुरानी सोच वाला कमांडर माना जाता था। सेना के भीतर सिरस्की को 'बुचर' यानी कसाई का उपनाम मिला हुआ था। बख्मुत की लंबी और खूनी लड़ाई के दौरान यह नाम बहुत फैला था। उस लड़ाई में यूक्रेन को भारी नुकसान हुआ था। जून महीने में 'बैबेल' नाम की एक यूक्रेनी मीडिया वेबसाइट ने एक जांच रिपोर्ट छापी थी। इसमें सिरस्की से जुड़ी 'स्केलिया' असॉल्ट रेजिमेंट में धांधली और उत्पीड़न के आरोप लगे थे। रिपोर्ट में कहा गया कि इस यूनिट में सैनिकों का नुकसान बहुत ज्यादा हुआ था। कई नए रंगरूटों की मौत के आंकड़े भी उजागर हुए थे। इसके बाद सिरस्की की साख पूरी तरह गिर गई थी।

मंगलवार को जेलेंस्की ने पूर्व रक्षा मंत्री मिखाइलो फेडोरोव से अलग से मुलाकात की। जेलेंस्की ने उन्हें सरकार में एक सम्मानजनक पद की पेशकश की। यह पद देश के टेक्नोलॉजी सेक्टर को एकजुट करने से जुड़ा है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि फेडोरोव ने इस ऑफर को स्वीकार किया है या नहीं। यह भी तय नहीं है कि इस कदम से प्रदर्शनकारी शांत होंगे या नहीं।

फेडोरोव ने नए सेना प्रमुख द्रपाती को बधाई दी। उन्होंने इसे आजादी और न्याय की लड़ाई में एक 'नई उम्मीद' बताया। फेडोरोव ने कहा कि सिरस्की ने कीव की रक्षा और खारकीव के अभियानों में जो योगदान दिया, वह इतिहास का अहम हिस्सा है। लेकिन अब यूक्रेन को तेजी से आगे बढ़ना होगा। पुरानी गलतियों को सुधारना होगा।

फेडोरोव ने कहा कि यूक्रेन को जीत के लिए स्पष्ट सोच की जरूरत है। सैनिकों की जान बचाना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। युद्ध क्षेत्र में रोबोटिक तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाना होगा। रूस की अर्थव्यवस्था को पस्त करने के लिए अलग रणनीति अपनानी होगी।

गूगल ओपन वेब से बना साम्राज्य, एआई से उसी की घेराबंदी, डिजिटल पब्लिशर्स का ट्रैफिक 40% तक गिरा

सान फ्रांसिस्को, एजेंसी। दो दशक पहले जब गूगल ने अपना साम्राज्य स्थापित किया तो उसका आधार ओपन वेव रहा। वह उपयोगकर्ताओं को दुनिया भर की लाखों वेबसाइटों, समाचार पत्रों और विश्वविद्यालयों के हाइपरलिंक दिखाता और उन्हें वेब की विशाल दुनिया में भेजता, लेकिन एआई के मौजूदा दौर में गूगल अपनी ही पुरानी नीति से पीछे हटता दिख रहा है और इस प्रक्रिया में पूरे इंटरनेट के अस्तित्व को ही संकट में डाल रहा है।

गूगल ने अपने सर्च बॉक्स को एआई मोड और जेमिनी चैटबॉट से बदल दिया है। अब जब कोई यूजर सर्च करता है, तो गूगल उसे किसी अन्य वेबसाइट का लिंक देने के बजाय एआई द्वारा तैयार उत्तर खुद ही लिखकर दिखा दे रहा है। तकनीकी विशेषज्ञों और मीडिया विश्लेषकों का मानना है कि इंटरनेट गूगल जीरो के दौर में पहुंच चुका है। यानी ऐसी स्थिति जब गूगल से मीडिया, बैंकों और अन्य व्यवसायों की वेबसाइटों को मिलने वाला ट्रैफिक पूरी तरह घटकर शून्य हो जाएगा। क्लाउडफ्लेयर की रिपोर्ट के मुताबिक, जून 2025 से अप्रैल 2026 के बीच वित्तीय, खुदरा व मीडिया क्षेत्रों की वेबसाइटों पर विजिट 40% तक गिरी है।

एआई मोड से बाहर नहीं गए यूजर बिकने लगे डिजिटल पब्लिशर्स रिसर्च फर्म ग्रोथ मेमो

के हालिया अध्ययन के अनुसार, लगभग 75% सर्च सत्रों में यूजर एआई मोड से बाहर अन्य वेबसाइटों पर गए ही नहीं। वे पहले से 1 से 9 मिनट अधिक समय गूगल पर ही बिता रहे हैं। इससे विकीपीडिया को भी चपत लगी है। ऑनलाइन ज्ञानकोश विकीपीडिया ने बताया कि बीते एक साल में उसकी साइट पर आने वाले ट्रैफिक में 8% की कमी आई है, जबकि एआई मॉडल को ट्रेन करने वाले बॉट्स का ट्रैफिक बढ़ गया है। टेक वेबसाइट द वर्ज के मुख्य संपादक निले पटेल कहते हैं, सर्च ट्रैफिक की गिरावट ने प्रकाशकों को व्यापार को ध्वस्त कर दिया है। इस कारण वॉक्स मीडिया जैसी बड़ी डिजिटल मीडिया कंपनी को अपनी कई संपत्तियां बेचनी पड़ीं। वॉक्स मीडिया के सीईओ जिम बैंकऑफ ने माना, उन्हें पॉडकास्ट जैसे मार्गों पर निर्भर होना पड़ा और अपनी आधी कंपनी पेन्स्के मीडिया को बेचनी पड़ी। ब्रिटेन कसेगा गूगल पर शिकंजा संकट देख ब्रिटेन के प्रतिस्पर्धा और बाजार प्राधिकरण (सीएमए) ने गूगल पर शिकंजा कसने का संकल्प लिया है।

एक साल के लिए इसे 100 फीसदी कर दिया जाएगा

अमेरिका विदेश से आयात होने वाली जेनेरिक दवाओं पर भारी टैरिफ लगाएगा

वाशिंगटन डीसी, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को घोषणा की कि अमेरिका अगस्त 2028 से विदेश से आयात होने वाली जेनेरिक दवाओं पर भारी आयात शुल्क (टैरिफ) लगाएगा। उन्होंने कहा कि इस कदम का मकसद जेनेरिक दवाओं का उत्पादन अमेरिका के भीतर कराना है। इस फैसले का असर भारत पर पड़ सकता है, क्योंकि भारत अमेरिका को जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा निर्यातक है। ट्रंप ने ट्रथ सोशल प्लेटफॉर्म पर कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में आने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो साल तक टैरिफ शून्य फीसदी रहेगा। इसके बाद एक साल के लिए इसे 100 फीसदी कर दिया जाएगा। उसके बाद यह बढ़ाकर 200 फीसदी कर दिया जाएगा।

ट्रंप ने क्या कहा?

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि 1 अगस्त 2026 से अमेरिका में लाई जाने वाली सभी जेनेरिक दवाओं पर अगले दो साल तक शून्य फीसदी आयात शुल्क रहेगा। इसके बाद एक साल के लिए यह 100 फीसदी होगा और उसके बाद 200 फीसदी कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि जेनेरिक दवाओं का उत्पादन फिर से अमेरिका में शुरू हो।

उन्होंने कहा कि जो कंपनियां तय समय के भीतर अमेरिका में कारखाने और जरूरी उपकरण नहीं लगाएंगे, उन्हें इस नीति के तहत दंड का सामना करना पड़ेगा।

नई नीति में क्या बदलेगा?

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि इस नीति का मकसद अमेरिका के लोगों के हितों की रक्षा करना है। उन्होंने यह भी कहा कि पेटेंट वाली, ब्रांडेड और नई दवाओं से जुड़ी मौजूदा नीति में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और वह पहले की तरह जारी रहेगी।

भारत का अमेरिका को दवाओं का कितना निर्यात है?

ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) की एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को 9.7 अरब अमेरिकी डॉलर की दवाओं का निर्यात किया। यह भारत के कुल वैश्विक दवा निर्यात 25.8 अरब अमेरिकी डॉलर का 36 प्रतिशत था। भारत में बनी जेनेरिक दवाएं उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, संक्रामक रोगों और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी बीमारियों के इलाज में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल की जाती हैं।

संक्षिप्त समाचार

पीसीसी-एलएसी की बैठक में 14 मामलों पर निर्णय

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को उपायुक्त बोकारो-सह-क्षेत्रीय निदेशक, जियाडा, बोकारो क्षेत्र अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पीसीसी/एलएसी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुल 14 मामलों पर विचार-विमर्श कर निर्णय लिया गया। इनमें सात मामले लीज होल्ड राइट ट्रांसफर से संबंधित थे, जबकि सात मामले अतिरिक्त आइटम एवं आइटम परिवर्तन से जुड़े थे। सभी मामलों पर नियमानुसार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्णय लिए गए। बैठक में क्षेत्रीय उप निदेशक जियाडा बोकारो क्षेत्र, सहायक विकास पदाधिकारी, जियाडा, बोकारो क्षेत्र, कार्यपालक अभियंता, झारखंड राज्य विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, चास, क्षेत्रीय पदाधिकारी, झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, धनबाद, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक ऑफ इंडिया, चास, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, चास तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति उद्यमी विकास संघ बोकारो के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

पुलिस चला रही है किरायेदार सत्यापन अभियान

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। क्षेत्र की सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बोकारो स्टील सिटी के सेक्टर-4 थाना द्वारा किरायेदार सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस टीम द्वारा घर-घर जाकर किरायेदारों का सत्यापन किया जा रहा है तथा आवश्यक जानकारी संकलित की जा रही है। पुलिस ने अपील की हैं कि जिन मकान मालिकों के यहां किरायेदार निवास कर रहे हैं, वे स्वयं सेक्टर-4 थाना पहुंचकर अपने किरायेदारों का सत्यापन अवश्य कराएं। यह आपकी एवं आपके आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति को अपने आसपास किसी संदिग्ध किरायेदार के रहने की जानकारी हो अथवा किसी किरायेदार की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होती हों, तो इसकी सूचना तत्काल सेक्टर-4 थाना के मोबाइल नंबर 9431706428 पर दें। सूचनाकर्ता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी।

लीला जानकी पब्लिक स्कूल के छात्र हंसराज ने नीट में पाई सफलता, विद्यालय में हुआ सम्मान

पेटरवार/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बेरमो अनुमंडल स्थित लीला जानकी पब्लिक स्कूल रघुनाथ पुरम पेटरवार में नीट-2026 में सफलता प्राप्त करने वाले छात्र हंसराज के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। हंसराज ने परीक्षा में 541 अंक प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 45,178 तथा कैटिगरी में 5,600 वीं रैंक हासिल की है। हंसराज, मंजूरा निवासी अमित कुमार जायसवाल एवं सीमा देवी के पुत्र हैं। जो एक आटा चक्की चलाकर अपनी और अपने परिवार की जीविक चलाते है। वहीं हंस राज अपनी प्रारंभिक से लेकर स्कूली शिक्षा लीला जानकी पब्लिक स्कूल से ही प्राप्त की। उनका लक्ष्य एक सफल डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक नीरज कुमार सिन्हा ने हंसराज को पुष्पगुच्छ भेंट कर तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि हंसराज की सफलता विद्यालय के लिए गर्व का विषय है और यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी। सम्मान समारोह में हंसराज ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के गुरुजनों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन, माता-पिता के साथ अपने चाचाजी का सहयोग तथा अपने निरंतर परिश्रम को दिया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने भी उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

जिले के कस्तूरबा एवं बालिका आवासीय विद्यालयों में 627 छात्राओं के नामांकन को मिली मंजूरी

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कस्तूरबा नामांकन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नामांकन प्रस्तावों की समीक्षा की गई। प्रखंड स्तरीय कस्तूरबा नामांकन समितियों द्वारा अग्रसारित चयनित छात्राओं की सूची पर विचारोपरांत जिला स्तरीय समिति ने सर्वसम्मति से अनुमोदन करते हुए कुल 627 छात्राओं के नामांकन को स्वीकृति प्रदान की। सूची के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चास में 78, चंदनकियारी में 93, गोमिया में 83, जरीडीह में 76, कसमार में 56, नावाडीह में 70, पेटरवार में 81, बेरमो में 42 तथा झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, चंद्रपुरा में 48 छात्राओं के नामांकन को मंजूरी दी गई।

नेतृत्व क्षमता एवं व्यक्तित्व विकास पर विशेष बल

बैठक के दौरान उपायुक्त ने कहा कि कस्तूरबा विद्यालय केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बालिकाओं के व्यक्तित्व निर्माण और महिला सशक्तिकरण का मजबूत माध्यम हैं। उन्होंने विद्यालयों में छात्राओं के भीतर नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, अनुशासन एवं निर्णय लेने की योग्यता विकसित करने के लिए खेल, सांस्कृतिक, साहित्यिक तथा अन्य सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने के निर्देश दिए।

स्वच्छ - सुरक्षित एवं सुविधायुक्त परिसर सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

उपायुक्त ने छात्राओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी विद्यालयों में स्वच्छता व्यवस्था सुदृढ़ रखने, सीसीटीवी कैमरों की सतत कार्यशीलता बनाए रखने तथा छात्रावास एवं विद्यालय परिसर की आधारभूत सुविधाओं का नियमित निरीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को सुरक्षित, स्वच्छ और प्रेरणादायी वातावरण उपलब्ध कराना सभी संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन की सामूहिक जिम्मेदारी है।

दुख की घड़ी में प्रशासन बना सहारा, उपायुक्त के प्रयास से पीड़ित परिवार को मिली सहायता

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पेटरवार प्रखंड के पिछड़ी गांव की रहने वाली पूनम देवी के परिवार के लिए मंगलवार का दिन राहत लेकर आया। गत 14 जून 2026 को उनके पति संजय महतो की बिजली का फ्यूज जोड़ने के दौरान करंट लगने से असामयिक मृत्यु हो गई थी। इस हादसे के बाद परिवार आर्थिक एवं सामाजिक संकट से जूझ रहा था। मंगलवार को पूनम देवी समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा से मिलीं। उपायुक्त ने मामले को मानवीय संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं जीओ मोबाइल कंपनी से समन्वय स्थापित किया। उनके प्रयास से कंपनी की ओर से मानवीय आधार पर पूनम देवी को सहायता राशि उपलब्ध कराई गई। सहायता राशि प्राप्त करने के बाद पूनम देवी ने उपायुक्त एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में मिली यह सहायता उनके परिवार के लिए बड़ी राहत और संबल है। उपायुक्त ने बच्चे के भविष्य को भी सुरक्षित करने की दिशा में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी को बच्चे को मुख्यमंत्री बाल प्रायोजन योजना से आच्छादित कर प्रतिमाह 4,000 रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को बच्चे का डीएवी कथारा में नामांकन सुनिश्चित कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। वहीं, स्वीकृत अंबेडकर आवास का निर्माण कार्य त्वरित गति से पूर्ण करने के लिए बीडीओ पेटरवार को निर्देशित किया। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने कमाऊ सदस्य को खोना अत्यंत दुखद होता है। ऐसे कठिन समय में प्रशासन की जिम्मेदारी केवल संवेदना व्यक्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रभावित परिवार को हरसंभव सहयोग उपलब्ध कराना भी है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि परिवार को सरकार की अन्य पात्र कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी समयबद्ध रूप से उपलब्ध कराया जाए, ताकि वे सम्मानपूर्वक अपना जीवनयापन कर सकें।

शोकसभा आयोजित कर अरविंद शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो प्रेस क्लब की ओर से बोकारो परिसदन में बुधवार को प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया (पीटीआई) जिला संवाददाता अरविन्द शर्मा के असामयिक निधन पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्व. शर्मा के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश हुए उनके असामयिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। वक्ताओं ने उनके निधन को बोकारो जिले की पत्रकारिता के लिए अपूरणीय क्षति बताया। श्रद्धांजलि सभा में न केवल शहर के कई वरिष्ठ पत्रकारगण, बल्कि जिला प्रशासन और बोकारो इस्पात प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। सभी ने स्व. शर्मा के मिलनसार व मृदु स्वभाव की चर्चा करते हुए उनके आकस्मिक निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। सभी ने बारी-बारी से स्व. शर्मा के चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत की आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार ने स्व. शर्मा के कृतित्व और व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनका सादगीपूर्ण और समर्पित जीवन हर कलमकार के लिए अनुकरणीय है। वहीं, बोकारो स्टील प्लांट के संचार प्रमुख मणिकांत धान ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्व. शर्मा एक निष्पक्ष, ईमानदार और समर्पित पत्रकार थे। शोकसभा में शशांक शेखर, विजय कुमार झा, जय सिन्हा, अक्षय कुमार, आशीष सिन्हा, रजत नाथ, शशिकांत शर्मा, अखिलेश कुमार सिंह, विनय कुमार तिवारी और पंकज सिंह, त्रिलोकी सिंह, मनीष सिंह, हेमंत कुमार, पीयूष राय, इश्तियाक अहमद, विजय पांडेय, धर्मेन्द्र पांडेय, सुजीत कुमार, सुदीप सिन्हा, मंगलाकान्त तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आशुतोष, मो. सलाम, दीपक सहित कई अन्य पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

कतरास के जीएनएम कॉलेज के पास शराब बेचते दो गिरफ्तार

धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली पट्टी में जीएनएम कॉलेज के पास सहायक आयुक्त उत्पाद अजय कुमार गोंड के नेतृत्व में उत्पाद विभाग ने छापेमारी कर देशी, विदेशी व महुआ शराब बरामद की है। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि जिला प्रशासन को गुप्त सूचना मिली थी कि कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली पट्टी में जीएनएम कॉलेज के पास शराब का अवैध कारोबार किया जा रहा है। इसके बाद उत्पाद विभाग ने कतरास थाना के सहयोग से मछली पट्टी में छापामारी की। इस दौरान मौके से 18.6 लीटर महुआ शराब, 6.9 लीटर देशी शराब तथा 2.52 लीटर विदेशी शराब बरामद की गई। उपायुक्त ने बताया कि कार्रवाई के दौरान अवैध शराब के कारोबार में लिप्त सुशील कुंडू एवं अनिल कुमार बर्नवाल को अवैध शराब बेचते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम एवं संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अवैध शराब कारोबारियों को सख्त चेतावनी देते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले में अवैध शराब, नशीले पदार्थों एवं गैर-कानूनी गतिविधि के कारोबारियों को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

औद्योगिक विकास से जुड़े मुद्दों के त्वरित समाधान को लेकर प्रशासन सक्रिय

उपायुक्त-सह-क्षेत्रीय निदेशक जियाडा ने विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को उपायुक्त-सह-क्षेत्रीय निदेशक, जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिले के विभिन्न औद्योगिक संगठनों (एसोसिएशन) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने एजेंडा प्रस्तुत किए तथा औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं आवश्यकताओं से प्रशासन को अवगत कराया। बैठक में एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने बीएसएल (बीएसएल) के साथ संयुक्त बैठक आयोजित कराने का अनुरोध किया। साथ ही औद्योगिक क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं, विशेषकर सड़कों, नालियों एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उपायुक्त-सह-क्षेत्रीय निदेशक, जियाडा ने सभी औद्योगिक संगठनों को बीएसएल के साथ प्रस्तावित पीएलसी बैठक के लिए अपना एजेंडा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण की स्थिति, रोजगार के अवसर, यातायात प्रबंधन, बंद औद्योगिक इकाइयों की वर्तमान स्थिति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर 15 दिनों के भीतर विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि समस्याओं के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जा सके। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, क्षेत्रीय उप निदेशक, जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र मनोज कुमार, सहायक विकास पदाधिकारी, जियाडा, बोकारो चैंबर ऑफ इंडस्ट्रीज, उद्योग संकल्प, लघु उद्योग भारती, एससी/एसटी उद्यमी विकास संघ तथा बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

बीएसएल में महिला अधिकारियों के लिए विशेष नेतृत्व विकास कार्यक्रम 'तन्मात्रा' का शुभारंभ

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो इस्पात संयंत्र में महिला अधिकारियों के नेतृत्व कौशल के समग्र विकास हेतु विशेष रूप से तैयार किए गए नेतृत्व विकास कार्यक्रम 'तन्मात्रा' का शुभारंभ किया गया।

संस्कृत शब्द 'तन्मात्रा' से प्रेरित इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिला अधिकारियों को भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप सक्षम, प्रभावी एवं दूरदर्शी नेतृत्व के लिए तैयार करना है। बोकारो इस्पात संयंत्र के लर्निंग एंड डेवलपमेंट विभाग द्वारा परिकल्पित इस पहल का लक्ष्य महिला अधिकारियों का एक सशक्त, प्रेरक एवं दीर्घकालिक नेतृत्व नेटवर्क विकसित करना है, जिससे भविष्य के नेतृत्व को नई दिशा मिले तथा संयंत्र में समावेशी, नवोन्मेषी एवं भविष्योन्मुख नेतृत्व संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। कार्यक्रम के प्रथम बैच में ई-4 से ई-7 ग्रेड की 30 महिला अधिकारियों का चयन उनके संबंधित विभागाध्यक्षों द्वारा नामांकन के माध्यम से किया गया है। लगभग 90 दिनों की अवधि में संचालित होने वाले इस कार्यक्रम को आठ विषयगत मॉड्यूलों में विभाजित किया गया है। इन मॉड्यूलों में संयंत्र संचालन, वित्तीय एवं वाणिज्यिक प्रबंधन, सामग्री प्रबंधन, कार्य-जीवन संतुलन, विभिन्न संयंत्रों का अध्ययन, गवर्नेंस, डिजिटल परिवर्तन तथा परियोजना प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए), मैनेजमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (एमटीआई), रांची, आईआईएम रांची तथा बीएसएल के अनुभवी विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षण सहयोगी के रूप में अपनी विशेषज्ञता प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों का मूल्यांकन दो चरणों में किया जाएगा। प्रथम चरण में प्रत्येक मॉड्यूल के आधार पर सतत मूल्यांकन किया जाएगा, जबकि अंतिम चरण में प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत केस स्टडी का आकलन अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) की अध्यक्षता में गठित वरिष्ठ मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम का समापन 'स्नातक एवं सम्मान समारोह' के साथ होगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

गणना प्रपत्र जमा कराने में निभाएं सक्रिय भूमिका : डीसी

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत 36-बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बोकारो स्टील सिटी एवं चास नगर निगम क्षेत्र के एक लाख से अधिक मतदाताओं द्वारा अब तक गणना प्रपत्र जमा नहीं किए जाने के मद्देनजर समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी- सह-उपायुक्त अजय नाथ झा ने बैठक किया। बैठक में चास नगर निगम के मेयर भोलू पासवान, उप महापौर पूजा कुमारी, विभिन्न वार्ड पार्षदों, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीईओ-सह-डीसी ने जनप्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों के प्रत्येक पात्र मतदाता तक विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने सभी से अपने-अपने क्षेत्र में लोगों को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक गणना प्रपत्र जमा कराने में सक्रिय भूमिका निभाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि गणना प्रपत्र जमा करना प्रत्येक मतदाता का लोकतांत्रिक दायित्व है और इसमें जनप्रतिनिधियों का सहयोग अभियान को और गति देगा। डीईओ-सह-डीसी ने बताया कि झारखंड की अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची-2024 में अपना नाम खोजने के लिए मतदाता अथवा ईसीआइ नेट ऐप का उपयोग कर सकते हैं। गूगल प्ले स्टोर से ईसीआइ नेट ऐप डाउनलोड कर भी मतदाता अपना विवरण प्राप्त कर सकते हैं।

जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र की बैठक में औद्योगिक विकास एवं आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर हुई चर्चा

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जियाडा औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण, बोकारो प्रक्षेत्र की एक महत्वपूर्ण बैठक उपायुक्त, बोकारो सह क्षेत्रीय निदेशक, जियाडा बोकारो प्रक्षेत्र अजय नाथ झा की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में बोकारो के विभिन्न औद्योगिक एवं व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा अपने-अपने संगठनों की ओर से एजेंडा एवं सुझाव प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र से संबंधित विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए बोकारो इस्पात संयंत्र के डायरेक्टर इंचार्ज के साथ एक अलग बैठक आयोजित कराने का अनुरोध किया। बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के महामंत्री राजकुमार जायसवाल ने औद्योगिक क्षेत्र की जर्जर आधारभूत संरचना पर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट, जलापूर्ति व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं के पुनर्निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सुचारु संचालन एवं नए निवेश को आकर्षित करने के लिए आधारभूत सुविधाओं का बेहतर होना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में उपायुक्त सह क्षेत्रीय निदेशक श्री अजय नाथ झा ने सभी औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे बीएसएल के साथ प्रस्तावित पीएलसी बैठक के लिए अपने-अपने संगठनों का विस्तृत एजेंडा शीघ्र उपलब्ध कराएं। साथ ही उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र में प्रदूषण, रोजगार सृजन, यातायात प्रबंधन तथा अन्य प्रमुख समस्याओं एवं उनके समाधान संबंधी विस्तृत प्रतिवेदन 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करने का भी निर्देश दिया। बैठक में जियाडा बोकारो के उपनिदेशक मनोज कुमार, सहायक विकास पदाधिकारी सनी कुमार, बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, उद्योग संकल्प, बोकारो लघु उद्योग भारती तथा एससी-एसटी उद्यमी विकास संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत सुविधाओं को मिलेगी नई मजबूती

डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मंथन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बुधवार को उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) की प्रबंधकीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के समग्र विकास, सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा विभिन्न लंबित योजनाओं के शीघ्र निष्पादन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों (प्रत्यक्ष - अप्रत्यक्ष) जिले के शेष प्रमुख सरकारी कार्यालयों, अस्पतालों, विद्यालयों, प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों (बीडीओ/सीओ), थाना आदि के बाहरी परिसर तथा अन्य महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों - चौक/चौराहों पर आधुनिक सीसीटीवी निगरानी प्रणाली स्थापित करने के प्रस्ताव पर विशेष रूप से विचार किया गया, ताकि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं तकनीक आधारित बनाया जा सके। इसके अलावा बैठक में डीएमएफटी से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिया। बैठक में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित क्षेत्रों के अनुमोदन, डीएमएफटी की वार्षिक प्रतिवेदन की स्वीकृति, स्मार्ट पंचायत से संबंधित प्रस्ताव तथा सिविल सर्जन-सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा भेजे गए विभिन्न प्रस्तावों पर भी चर्चा हुई। स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से ट्रॉमा सेंटर से जुड़े प्रस्तावों तथा स्वीकृत पदों के विरुद्ध कार्यरत पैरामेडिकल कर्मियों के मानदेय भुगतान से संबंधित विषयों पर भी विचार किया गया। बैठक के अंत में उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध ढंग से सुनिश्चित करने तथा स्वीकृत प्रस्तावों को शीघ्र धरातल पर उतारने के लिए समन्वित प्रयास करने का निर्देश दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, सिविल सर्जन डॉ ए बी प्रसाद, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रवीण रंजन, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, जेएएस प्रोवेशनर पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

महिला समिति, बोकारो द्वारा 'सावन महोत्सव-2026' का आयोजन

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महिला समिति, बोकारो द्वारा बोकारो क्लब में उत्साह के साथ 'सावन महोत्सव-2026' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति की मेंबर्स हरे रंग के पारंपरिक परिधानों से सुसज्जित होकर कार्यक्रम में सम्मिलित हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ महिला समिति की अध्यक्ष शुभम रंजन के आगमन एवं स्वागत के साथ हुआ। उपस्थित सदस्यों ने आत्मीयता एवं उत्साहपूर्वक अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान उपाध्यक्ष सुनीता भारद्वाज के नेतृत्व में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की गई, जिनमें सावन की थीम पर आधारित कविताएं, गीत एवं मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए गए। साथ ही नई सदस्याओं का स्वागत किया गया, सावन के पारंपरिक गीत प्रस्तुत किए गए तथा स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के मनोरंजक खेलों से कार्यक्रम सुसज्जित रहा। सावन महोत्सव-2026 के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में श्रीमती अपर्णा को 'सावन क्वीन' चुना गया, जबकि शालिनी प्रथम रनर-अप एवं अमिता झा द्वितीय रनर-अप रहीं। मेहंदी प्रतियोगिता में चंदना ने प्रथम तथा संध्या राज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। केश-विन्यास के लिए अनिता ठाकुर को सम्मानित किया गया, जबकि रूपाली को 'सावन स्पेशल पुरस्कार' प्रदान किया गया। सभी विजेताओं का चयन महिला समिति की अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय महिला समिति की सचिव श्रीमती ऋचा प्रियदर्शिनी ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में समिति की उपाध्यक्ष अल्का मनवटी, देवजानी मिश्रा एवं आशा दत्त, कोषाध्यक्ष अभिरुचि प्रिया, उप-कोषाध्यक्ष संघमित्रा पात्र, सुरभि प्रभारी अनिशा झा, विद्यालय प्रभारी नीतू सुनीत एवं आशा राज, सिलाई एवं सैनिटरी इकाई प्रभारी प्रीति राजेश तथा आरती कुमार, समिता मोहंती, कल्पना वर्मा, यामिनी एवं रश्मि का उल्लेखनीय सहयोग प्राप्त हुआ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल फोन नंबर- 9431145865 8210783623 आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655 E-mail- nbtimesbihar@gmail.com